


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 इसी मानसिकता के साथ भारत...

अमेरिका: संघीय अदालत के फैसले... 12



वर्ष : 13 | अंक : 43 | नई दिल्ली, बुधवार, 29 जून 2022 | आषाढ़, अमावस्या , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# ऊर्जा सुरक्षा के हित में जो श्रेष्ठ होगा, हम वह करते रहेंगे : पीएम नरेंद्र मोदी

एलमौ (जर्मनी), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर ऊर्जा सुरक्षा एक बहुत चुनौतीपूर्ण मुद्दा बन गया है और जब वैश्विक तेल व्यापार की बात आती है तो भारत वह कदम उठाता रहेगा, जिसे वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा के हित में श्रेष्ठ समझता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी7 के दोनों सत्रों में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की स्थिति को पूरी तरह से स्पष्ट किया। क्वात्रा के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने शत्रुता को जल्द से जल्द समाप्त करने का आह्वान किया और विवाद को सुलझाने के लिए कूटनीति एवं वार्ता का मार्ग अपनाने की वकालत की। क्वात्रा ने सोमवार देर रात आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने यह पूरी तरह से स्पष्ट किया कि भारत कमजोर अर्थव्यवस्थाओं के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देने की दिशा में अग्रणी रहा है।



पीएम मोदी के अबू धाबी पहुंचने पर प्रोटोकॉल तोड़ कर उनका स्वागत करते अरब अमीरात के राष्ट्रपति। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ चाय पर चर्चा करते पीएम मोदी।

**बोले मोदी...**

- प्रधानमंत्री मोदी ने जी7 के दोनों सत्रों में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की स्थिति को पूरी तरह से किया स्पष्ट और शत्रुता को जल्द से जल्द समाप्त करने का किया आह्वान

**जी7 नेताओं को मोदी ने दिए उपहार,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने वाले राष्ट्राध्यक्षों को विभिन्न उपहार भेंट किए, जिन्हें उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से मंगवाया था। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को वाराणसी से मंगाई गई गुलाबी मीनाकारी कलाकृति भेंट की। वहीं, जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज को उन्होंने मुरादाबाद से मंगाए गए कफलिंक और ब्रोच दिए। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को उत्तर प्रदेश के निजामाबाद से मंगाए गए काली मिट्टी के बर्तन भेंट किए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को तोहफे में जरदोजी के डिब्बे में रखी इत्र की शीशियां दीं। वहीं, इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी को उन्होंने आगरा के संगमरमर का टेबल टॉप भेंट किया।

**जी7 की बैठक में दिखा पीएम मोदी का जलवा**

पीएम मोदी की वैश्विक छवि उनके हर विदेश दौरे में नजर आती है। जर्मनी में जी7 की बैठक से इतर पीएम मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ चाय पर चर्चा की। इस अनौपचारिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और कई मोर्चों पर एक साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। इसके अलावा पीएम मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से भी मुलाकात की।

**यूपी मान बढाने के लिये प्रधानमंत्री का आभार : योगी**

लखनऊ, जी-7 समिट में भाग लेने जर्मनी यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद उपहार स्वरूप विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को देने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताया है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जापान, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और सेनेगल के राष्ट्राध्यक्षों को उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद भेंट कर राज्य का वैश्विक स्तर पर मान बढाया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.0°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार लू चलने की आसार साथ ही शाम तक राहत मिलने की आसार है

**पोल**

क्या शिवसेना प्रमुख की 'कुर्सी' सेफ है ?

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 60% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,640 |
| चांदी | 60,000 |
| सेंसेक्स | 53,177 |
| निफ्टी | 15,850 |

## संक्षिप्त खबर

### यूपी में रेलवे स्टेशनों पर बेचे जाएंगे ओडीओपी उत्पाद

लखनऊ। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना से संबंधित चीजें अब उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे। वाराणसी में एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) पायलट परियोजना की सफलता ने लखनऊ मंडल को राज्य भर में इस योजना का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्प और छोटे उद्यमों को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे 15 दिन तक स्टॉल लगाने के लिए टोकन मनी के तौर पर 1,000 रुपये लेगा। लखनऊ मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने कहा, जो लोग अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए इस अवसर का उपयोग करना चाहते हैं, वे 11 स्टेशनों पर रखे गए संबंधित बॉक्स में स्टाल के लाइसेंस के लिए अपने आवेदन छोड़ सकते हैं।

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 2-3 जुलाई को हैदराबाद में

हैदराबाद। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दो और तीन जुलाई को हैदराबाद में होगी। जो तेलंगाना समेत दक्षिण भारत की राजनीति में बड़ा पड़ाव साबित होगी। बैठक में अगले साल होने वाले तेलंगाना और कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रमुख एजेंडे में होगा। इसके साथ ही 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव तथा पार्टी की नई नीतियां चुनावी एजेंडे में हो सकती हैं। इस साल के अंत में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके अलावा मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान में भी अगले साल चुनाव होंगे। बैठक में इन पर भी मंथन किए जाने की संभावना है।

# नूपुर शर्मा के समर्थक की बर्बर हत्या, तनाव व्याप्त

## राजस्थान के उदयपुर में तलवार से तालीबानी तरीके से किया कत्ल

## 7 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू, आरोपी गिरफ्तार, हिंदू संगठनों में उबाल

उदयपुर, एजेंसी

राजस्थान के उदयपुर में 10 दिन पहले नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले एक शख्स का मर्डर कर दिया गया। हमलावर मंगलवार को दिनदहाड़े उसकी दुकान में घुसे और तलवार से कई वार किए और उसका गला काट दिया। इस पूरे हमले का वीडियो भी सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपियों ने घटना के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर हत्या की जिम्मेदारी ली है। कन्हैयालाल तेली (40) की धानमंडी स्थित भूतमहल के पास सुप्रीम टेलर्स नाम से दुकान है।

मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे बाइक सवार 2 बदमाश आए। कपड़े का नाप देने का बहाना बनाकर दुकान में घुसे। कन्हैयालाल कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने हमला बोल दिया। उन पर तलवार से कई हमले किए। मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कन्हैयालाल गोर्वधन विलास इलाके का रहने वाला था। 10 दिन पहले उसने भाजपा से हटाई गई नुपूर शर्मा के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इसके बाद से समुदाय विशेष के लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कन्हैयालाल लगातार धमकियों से परेशान था। 6 दिनों से उसने अपनी दुकान भी नहीं खोली थी। उसने धमकियां देने वालों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे थोड़े दिन संभलकर रहने को कहा, लेकिन आरोपियों की धरपकड़ में गंभीरता नहीं दिखाई।





**पांच इलाकों के बाजार बंद**

- शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए उदयपुर जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वारदात के विरोध में हाथीपोल, घंटाघर, अश्वनी बाजार, देहली गेट और मालदास स्ट्रीट का बाजार बंद है। पूरे राजस्थान में अलर्ट जारी किया गया है। शव अब भी दुकान के बाहर ही पड़ा है। मृतक के परिवार वालों ने सरकार से 50 लाख रुपए और सरकारी नौकरी की डिमांड की है।

**8 साल के बेटे ने किया था पोस्ट**

कन्हैयाला मृतक युवक के 8 साल के बेटे ने नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया में पोस्ट किया था। इससे गुस्साए आरोपियों ने उसके पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। दिल दहला देने वाली इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है।

**आधा दर्जन इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात**

घटना की खबर लगते ही कलेक्टर तारा चंद मीणा, एसपी मनोज चौधरी मौके कैंप कर रहे हैं। शव फिलहाल मौके पर ही पड़ा रहा। परिजनों ने किया जमकर हंगामा। खेरवाड़ा से पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ियों को बुलाया गया है। शहर के 5 इलाकों में बाजार बंद कर दिए गए हैं। लोग मौके पर प्रदर्शन करने भी पहुंचे हैं।

**नाप देने के बहाने दुकान में घुसे**

कन्हैयालाल तेली (40) की धानमंडी स्थित भूतमहल के पास सुप्रीम टेलर्स नाम से दुकान है। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे बाइक सवार 2 बदमाश आए। कपड़े का नाप देने का बहाना बनाकर दुकान में घुसे। कन्हैयालाल कुछ समझ पाते, तब तक बदमाशों ने हमला बोल दिया। उन पर तलवार से कई हमले किए। मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

**कठोर कार्रवाई की जाएगी : सीएम**



हत्या की जानकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- 'उदयपुर में युवक की जघन्य हत्या की भर्त्सना करता हूं। इस घटना में शामिल सभी अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मुंबई के कुर्ला में चार मंजिला इमारत गिरी, 18 की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के कुर्ला पूर्व के नाइक नगर में सोमवार देर रात एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक की मौके पर, जबकि 17 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है। महाराष्ट्र सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है।

बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने बताया कि 9 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। एनडीआरएफ, बीएमसी और मुबंई पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटीं रहीं। बीएमसी की अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े ने बताया कि इमारत जर्जर हो चुकी थी। 2013 से पहले मरम्मत और फिर इमारत को गिराने के लिए नोटिस दिए गए थे।बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने बताया कि हमने इमारत को सी-1 श्रेणी में रखा था यानी बिल्डिंग में रहने लायक नही है, लेकिन कुछ अधिकृत लोगों ने सी-1 में रखे जाने का विरोध किया। उन्होंने आर्किटेक्कर से खुद स्ट्रक्कर ऑडिट कराया। उनकी रिपोर्ट में बिल्डिंग को सी-2 की श्रेणी घोषित किया गया यानी इमारत को रिपेयरिंग कर उसमें रहा जा सकता है। अब तक जो जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक अभी भी कई लोग फंसे हुए हैं। कुछ लोगों के जिंदा होने की संभावना है। उन्हें बचाने की पूरी कोशिश हो रही है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री सुभाष देसाई ने मृतक के परिवार को 5 लाख रुपए आर्थिक सहायता और घायलों का फ्री इलाज करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच की जाएगी, जो भी जिम्मेदार हुए उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।



## मो. जुबैर को 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को 2018 के एक ट्वीट मामले में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने जुबैर की पांच दिन की हिरासत मांगी थी। जुबैर की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने तर्क दिया कि ऑल्टन्यूज वेबसाइट के सह-संस्थापक को दुर्भावनापूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। जुबैर के वकील की दलीलों का खंडन करते हुए, अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि जुबैर द्वारा जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज है और इसलिए उसकी पुलिस रिमांड की आवश्यकता है। दिल्ली पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि जुबैर ने कथित तौर पर प्रसिद्धी पाने के प्रयास में धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए विवादास्पद ट्वीट्स का इस्तेमाल किया।

# आकाश अंबानी के हाथ रिलायंस जियो की कमान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

**उत्तराधिकार**

- 65 साल के मुकेश का डायरेक्टर पद से इस्तीफा, रिलायंस में उत्तराधिकार की प्रक्रिया तेज

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अपनी उत्तराधिकार योजना को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने बड़े बेटे आकाश अंबानी को रिलायंस जियो की कमान सौंपी है। मुकेश अंबानी ने खुद इस कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे नई पीढ़ी को कमान सौंपने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। आकाश अंबानी को ऐसे समय रिलायंस जियो का चेयरमैन बनाया गया है जब देश में अगले कुछ महीनों में 5जी नेटवर्क शुरू करने की तैयारी हो रही है। टेलिकॉम हमेशा से ही मुकेश अंबानी का पसंदीदा प्रोजेक्ट रहा है। रिलायंस के बंटवारे के बाद रिलायंस इन्फोकॉम उनके छोटे भाई अनिल अंबानी की झोली में चला गया था। लेकिन उन्होंने 2016 में जियो को लॉन्च करके टेलिकॉम सेक्टर में तहलका मचा दिया था। आज रिलायंस जियो देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी है। अब उन्होंने इसकी कमान अपने 30 साल के बेटे आकाश अंबानी को सौंप दी है। रिलायंस जियो में आकाश अंबानी प्रोडक्ट और डिजिटल सर्विसेज के एप्लीकेशन डेवलपमेंट में करीब से जुड़े रहे हैं।

## मानहानि मामला: चार को मुंबई की अदालत में पेश होंगी कंगना रनौत

मुंबई, एजेंसी



अभिनेत्री कंगना रनौत, बॉलीवुड गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में चार जुलाई को यहां मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश होंगी। अंधेरी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में सोमवार को जब मामला सुनवाई के लिए पेश किया गया तब रनौत के वकील ने अभिनेत्री को पेशी से छूट प्रदान करने की अनुमति मांगी। इसके बाद अदालत ने रनौत के वकीलों को मामले से संबंधित लिखित दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि आरोपी को सुनवाई की अगली तारीख (चार जुलाई) को पेश होना पड़ेगा। रनौत के वकील द्वारा दस्तावेज सौंपने के बाद अदालत ने उस दिन के लिए पेशी से छूट प्रदान की।

# समुद्र में गिरा ओएनजीसी का हेलिकॉप्टर, 4 की मौत

मुंबई, एजेंसी

**दुर्घटना**

- तकनीकी खराबी से अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग, नेवी ने 5 को बचाया

मुंबई के पास अरब सागर में ओएनजीसी के एक पवन हंस हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग करनी पड़ी। इसमें चालक दल के दो पायलट और सात यात्री सवार थे। घटनास्थल पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जानकारी मिलने पर तटरक्षक का जहाज घटनास्थल पर रवाना कर दिया गया। ओएनजीसी के मुताबिक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं पांच अन्य का इलाज चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा मुंबई के पश्चिम में ऑयल रिग सागर किरन के पास हुआ है। हेलिकॉप्टर ने ऑयल रिग सागर किरन के पास मुंबई समुद्र से 60 नॉटिकल मील पश्चिम में आपात लैंडिंग की। हेलिकॉप्टर में दो पायलट के अलावा छह ओएनजीसी कर्मी सवार थे और एक कंपनी के लिए काम करने वाले एक ठेकेदार से संबंधित था। फिलहाल जिन परिस्थितियों के कारण आपातकालीन लैंडिंग हुई, वे अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। ओएनजीसी के अरब सागर में कई रिग और प्रतिष्ठान हैं जिनका उपयोग समुद्र तल के नीचे स्थित जलाशयों से तेल और गैस का उत्पादन करने के लिए किया जाता है।

# महाराष्ट्र में बड़ा सियासी उलटफेर जल्द!

## भाजपा सरकार बनाने की तैयारी में जुटी, प्लान लेकर दिल्ली पहुंचे फडणवीस

मुंबई, एजेंसी

**संकट**

- उद्धव ठाकरे सरकार पर गहराता जा रहा संकट, अपने बागी विधायकों का मनाने में नाकाम

महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार पर संकट गहराता जा रहा है। शिवसेना प्रमुख अपने बागी विधायकों का मनाने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में अभी तक पर्दे के पीछे रही भाजपा जनता पार्टी धीरे-धीरे खुलकर सामने आने लगी है। भाजपा ने अब सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि भाजपा और शिंदे गुट मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं। सूत्रों की माने तो देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री और शिवसेना के बागी मंत्री एकनाथ शिंदे के उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की तैयारी लगभग हो चुकी है। फडणवीस इस प्लान को फाइनल करने के लिए मंगलवार को दिल्ली पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली से हरी झंडी मिलने के बाद भाजपा और शिंदे गुट सरकार बनाने का दावा पेश कर देगा। अगर सूत्रों की माने तो महाराष्ट्र भाजपा और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले गुट में मंत्रियों का नाम भी लगभग तय हो चुका है। शिंदे गुट से आठ विधायक कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं। वहीं, पांच राज्य मंत्री बनाए जा सकते हैं।

**दिल्ली पहुंचे फडणवीस ने नड्डा से मिले**

इधर, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मंगलवार को करीब 2 बजे चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली पहुंचे। सरकार बनाने की संभावनाओं के बीच करीब सवा चार बजे वे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। उनके गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलने की चर्चा है। चर्चा यह भी है कि शिवसेना के बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे भी दिल्ली जा सकते हैं।

**महाराष्ट्र में फ्लोर टेस्ट!**

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखा है। नेता विपक्ष प्रवीण दारेकर ने जल्दबाजी में फैसले होने और सरकारी प्रस्ताव जारी किए जाने की शिकायत की थी। राज्यपाल ने सरकार ने सफाई मांगी है। इस घटनाक्रम को जारी राजनीतिक संकट के बीच अहम माना जा रहा है। कभी भी अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला संभव है।

**बागी विधायक वापस आएं : ठाकरे**

शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को गुवाहाटी में डेरा डाले अपनी पार्टी के बागी विधायकों से मुंबई लौटने और उनसे बात करने की अपील की। ठाकरे के एक सहयोगी ने मुख्यमंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा 'अभी बहुत देर नहीं हुई है'।

**सुनवाई** अदालत ने कमिश्नर अलीगढ़, डीएम हाथरस, एसडीएम के आदेश को किया रद्द

# लोकसेवकों को 'प्रशिक्षित' करने में यूपी सरकार विफल : हाई कोर्ट

**न्याय**

- प्रशिक्षण की कमी से विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ पास कर रहे गलत आदेश : न्यायालय

प्रयागराज, प्रात: किरण संवाददाता

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सेवा संबंधी कानूनों और नियमों के मामले में अप्रशिक्षित लोक सेवकों को लेकर बेहद अहम और कठोर टिप्पणी की है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार अहम पदों पर बैठे लोकसेवकों को सेवा संबंधी नियमों और कानूनों के बारे में प्रशिक्षित करने में विफल रही है। हाई कोर्ट ने एसडीएम ससनी, डीएम हाथरस और कमिश्नर अलीगढ़ के बारे में कहा कि वे विभागीय जांच करने के लिए सही तरीके से प्रशिक्षित नहीं और गलत आदेश पारित कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकारी अधिकारी विभागीय जांच करने में बिल्कुल भी प्रशिक्षित नहीं है।



वह विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ होने वाली जांच को सही तरीके से नहीं कर रहे हैं और गलत आदेश पारित कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने कहा इससे यूपी गवर्नमेंट सर्वेंट (डिसिप्लिन एंड अपील) रूल्स 1999 की अवहेलना हो रही है। कोर्ट ने प्रधान सचिव (रेवेन्यू, उत्तर प्रदेश) को निर्देश दिया कि वह लोकसेवकों को सेवा संबंधी कानूनों और नियमों के बारे में प्रशिक्षित करें, जिससे कि वे कर्मचारियों के जीवन के साथ खिलवाड़ न कर सकें और उनका कैरियर बर्बाद न कर सकें। कोर्ट ने मामले में कमिश्नर अलीगढ़, डीएम हाथरस और एसडीएम ससनी के बारे में भी गंभीर टिप्पणी की। कहा की ये अधिकारी विभागीय जांच सही तरीके से करने में प्रशिक्षित नहीं है। कोर्ट ने इन तीनों अधिकारियों की ओर से याची के खिलाफ पारित आदेश को रद्द कर दिया और आदेश दिया कि उसकी इंक्रीमेंट को बहाल किया जाए और उसे सभी लाभों को प्रदान किया जाय।

**कोर्ट ने दिए एरियर भुगतान के निर्देश**

- हाई कोर्ट ने कहा की चार सप्ताह में छह प्रतिशत की दर से एरियर का भुगतान किया जाए। अगर समयबद्ध आदेश का अनुपालन नहीं होता है तो याची के एरियर को 12 प्रतिशत की दर की ब्याज से भुगतान करना होगा। कोर्ट ने आदेश की कॉपी प्रमुख सचिव रेवेन्यू को भेजने का भी आदेश दिया। यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ ने शिव कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुंए दिया।

याची की ओर से तर्क दिया गया कि वह तहसील ससनी में बतौर सहायक क्लर्क के तौर पर तैनात था। याची पर दूसरे कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने और गाली देने का आरोप आरोप है। इसके अलावा वह तहसील परिसर में शराब पीता है और इधर - उधर लाइटर का प्रयोग करता है। इस आरोप में उसके दो इंक्रीमेंट रोकने का आदेश पारित किया गया। याची के अधिवक्ता हिमांशु गौतम की ओर से तर्क दिया गया की याची के खिलाफ सही तरीके से जांच नहीं की गई है।

क्योंकि, आरोप को साबित करने के लिए कोई गवाह नहीं प्रस्तुत हुआ और जांच अधिकारी ने मौखिक बयानों के आधार पर याची के खिलाफ कार्रवाई कर दी जोकि उत्तर प्रदेश सेवा नियम 1999 के नियम सात का उल्लघंन है। वकील ने तर्क दिया कि जांच अधिकारी ने याची को जांच के पहले ही आरोप पत्र पकड़ाते हुए प्रतिकूल आदेश पारित कर इंक्रीमेंट को रोक दिया। एसडीएम हरी शंकर यादव के इस आदेश पर डीएम हाथरस प्रवीण कुमार लक्षकार और कमिश्नर अलीगढ़ गौरव दयाल ने भी अपनी मोहर लगा दी। याची ने अधिकारियों द्वारा पारित आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी और इसे यूपी गवर्नमेंट सर्वेंट्स (डिसीप्लिन एंड अपील) रूल 1999 के आदेश का उल्लंघन बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### झमाझम बारिश से किसानों को मिला लाभ तो लोगों को मिला राहत

रामगढ़वा। मंगलवार को रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र में हुई झमाझम वर्षा से लोगों को भारी राहत मिली है। वर्षा के कारण गर्मी से निजात मिलने के साथ ही किसानों को भी लाभ मिला है। लगातार कड़ाके की धूप तथा गर्मी व उमस से लोग परेशान थे। साथ ही धान के बिचड़े सूखने लगे थे। पम्प सेट से पानी का पटवन खर्चीला होने के साथ ही कई लोगों के लिए काफी असुविधाजनक भी साबित हो रहा था। मंगलवार को हुई वर्षा से धान की रोपनी भी होने लगी है। बारिश का इंतजार में किसान लगे हुए थे। जैसे ही रोपनी के लायक भरपुर वर्षा का पानी हुआ किसान खेतों में रोपनी के लिए निकल पड़े।

### सरकारी आवास को कराया गया खाली

गया। नगर प्रखंड कार्यालय परिसर में बने सरकारी आवास को खाली कराया गयाहै। इस आवास में पिछले 2 वर्षों से अवैध रूप से सेवानिवृत्त अंचल कार्यालय के परिचारी आशा देवी कब्जा की हुई थी। यह बातें नगर प्रखंड के वीडियो बलवंत कुमार पांडे ने हमें बताया कि 2 वर्षों में कई बार आशा देवी को सरकारी मकान खाली कराने के लिए नोटिस दिया गया, इसके बावजूद यह सरकारी आवास खाली नहीं कर रही थी। अनुमंडल पदाधिकारी सदर के आदेश पर आवास खाली कराया गया इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रमेश कुमार प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी नगर द्वारा स्थानीय थाना के स्थापित करते हुए दल बल के साथ पहुंचकर दल बल के साथ पहुंचकर उक्त मकान को खाली कराया गया और आवास को सील कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि दहेज उत्पीड़न को लेकर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव की एक महिला ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उसके ससुर बली यादव फरार चल रहे थे। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जिले के विकास में बैंकर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण : डीएम

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता




**बैठक**

- सीडी रेसियो बढ़ाने हेतु बैंकर्स को तत्परतापूर्वक कार्य करने की नसीहत

जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिलास्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी, बैंकर्स आदि उपस्थित रहे।

सीडी रेसियो की समीक्षा के दौरान एलडीएम द्वारा बताया गया कि एसबीआई, सीबीआई, पीएनबी, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सीस बैंक का सीडी रेसियो अपेक्षाकृत काफी कम है। वहीं यूको बैंक, यूनियन बैंक, आईओबी, एचडीएफसी बैंक, बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा आदि का सीडी रेसियो बेहतर है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी चम्पारण जिले का सीडी रेसियो राज्य के औसत से ऊपर है और सोशल सिक्योरिटी के तहत पेंशन प्रदान करने में पश्चिमी चम्पारण जिला प्रथम है। जिलाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सीडी रेसियो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बैंकर्स से फीडबैक लिया गया कि कैसे उनके बैंक का सीडी रेसियो बेहतर है। साथ ही अपेक्षाकृत कम उपलब्धि वाले बैंकर्स से भी पृच्छा की गयी। केनरा बैंक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जुलाई माह के अंत तक 28.45 से 40 प्रतिशत सीडी रेसियो करा लिया जायेगा। वहीं पीएनबी ने 40.84 से 60 प्रतिशत करने, एसबीआई ने 45.08 से 60 प्रतिशत करने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले का एवरेज सीडी रेसियो लगभग 60 प्रतिशत है। उन्होंने निदेश दिया कि जुलाई माह के अंत तक संबंधित बैंकर्स हर हाल में 60 प्रतिशत सीडी रेसियो के लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी बैंक का सीडी रेसियो डिस्ट्रिक्ट एवरेज से कम नहीं रहना चाहिए। पीएमईजीपी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वितीय वर्ष 21-22 में 90 के विरूद्ध 139 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया है। वितीय वर्ष 22-23 में 303 योग्य व्यक्तियों को पीएमईजीपी के तहत लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी बैंकर्स कार्रवाई कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन 139 लोगों को पीएमईजीपी के तहत लाभान्वित किया गया है, सभी की विस्तृत जानकारी समेकित की जाय। उन्होंने कहा कि यह पता लगाये कि पीएमईजीपी से लाभान्वित व्यक्ति ग्राउंड लेवल पर क्या कर रहे हैं। अगर वे लड़खड़ा रहे हैं तो उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आसमान में उड़ने की चाह रखने वाले अर्थात अपना उद्यम स्टार्ट करने के इच्छुक व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा पंख उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि पश्चिम चम्पारण जिला का आर्थिक विकास और तेजी के साथ हो सके। इस कार्य में बैंकर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। उद्यम स्टार्ट करने के इच्छुक योग्य व्यक्तियों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने में बैंकर्स अपना महती भूमिका अदा करें। बैंकर्स सकारात्मक भावना के साथ कार्य करें तथा योग्य इच्छुक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध करायें जिलाधिकारी द्वारा एसीपी, केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेएलजी, पीएम जेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम स्वनिधि योजना, समग्र गव्य विकास योजना आदि योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी।

# गया : विशेष केंद्रीय सहायता योजना की बैठक आयोजित

गया, प्रात : किरण संवाददाता



जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता योजना की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई है। मंगलवार के बैठक में नागेंद्र में स्थापित हो रहे ऑपरेशनल बेस कैंप में मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कराने के संबंध में 159 वीं बटालियन सीआरपीएफ जेल परिसर गया से प्रस्ताव समर्पित किया गया है। इस प्रस्ताव में आरो प्लांट की स्थापना एवं ओवरहेड टैंक के साथ पाइप लाइन कनेक्शन योजना का प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

इस पर विचार करते हुए जिला चयन समिति से अनुमोदित किया गया है। इसके अतिरिक्त बांके बाजार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनदाहा में भवन का निर्माण संबंधी योजना एवं फतेहपुर प्रखंड के गुरपा पर्यटन स्थल में जलापूर्ति योजना एवं आति में समुदायिक भवन निर्माण हेतु योजना वार चयनित कर अनुमोदित किया गया है। विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों द्वारा नक्सल प्रभावित प्रखंडों में विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे योजनाओं का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा गंभीरता पूर्वक किया गया है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सख्त हिदायत दिया कि निर्धारित समय सीमा के अंदर एससीए योजना के तहत दिए गए कार्यों को पूरा करें। विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत महालेखाकार पटना में डीसी बिल समायोजन हेतु भेजे गए पत्रों में आपत्ति का निराकरण समयवध तरीके में पूर्ण करते हुए जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त विनोद दुहन, सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## गोपालगंज: एक साल पुराने जानलेवा हमले मामले में दो गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के महैचा गांव में एक साल पूर्व परिवार की महिलाओं के सामने पेशाब करने से मना करने पर हुए मारपीट मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के महैचा गांव के रिखू राम और उनके भाई भीखू राम के रूप में किया गया है। मामले को लेकर महैचा गांव बुलेट राम के द्वारा गिरफ्तार आरोपित सहित सात लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें तभी से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। घटना को लेकर हुए मारपीट मामले में बुलेट राम, उनके भाई प्रमोद राम, भाभी सुगांति देवी, रूबी देवी सहित 5 लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए थे। मामले को लेकर पुलिस पदाधिकारी मंटू कुमार रजक, इंद्रभूषण कुमार व निरंजन पाल के द्वारा पुलिस बल के साथ महैचा गांव में किए गए छापेमारी के दौरान फरार चल रहे दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हुलासगंज: जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं कि बैठक आयोजित



हुलासगंज, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड मुख्यालय हुलासगंज में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं कि बैठक हुई जिसकि अध्यक्षता रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें निम्नलिखित संगठन के पदाधिकारी चुने गए।

प्रखंड अध्यक्षः रविन्द्र शर्मा कोकरसा उपाध्यक्ष श्री रामतुनुक शर्मा खुदौरी सचिवः-मोहम्द शमशेर अंसारी तिराकोषाध्यक्षः नागेन्द्र प्रसाद मुरगॉव संगठन मंत्री तपेश्वर शर्मा( सूरजपुर कार्यकारणी सदस्यगण रामनिवास शर्मा सूरजपुर गोपाल प्रसाद कोकरसा रामप्रवेश पासवान केऊर अवनीश कुमार तिरा रामप्रीत कुमार सिन्हा केऊर बबन शर्मा चिरी शैलेन्द्र शर्मा खुदौरी योगेंद्र पासवान तिरा मिथलेश शर्मा तिरा शिव शंकर शर्मा बौरी जन वितरण विक्रेता संघ जहानाबाद जिला के जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार एवं बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष विगन शर्मा उपस्थित हुए।

## नाला रिपेयरिंग के कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता के आरोप

**रामगढ़वा।** रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के अहिरौलिया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 में नाला रिपेयरिंग के कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। इस वार्ड की निर्वाचित सदस्य ज्ञानती देवी ने इस आशय का एक आवेदन रामगढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। आवेदन पत्र में बताया गया है कि उक्त नाला का निर्माण 2016 में हुआ था। नाले में मामूली रिपेयरिंग कराने की आवश्यकता थी। यह रिपेयरिंग का काम मुखिया के द्वारा षष्टम वित्त आयोग की राशि से कराया जा रहा है।पूरा काम कराने में डेढ़ से दो लाख भी खर्च नहीं होंगे, लेकिन इसके लिए सात लाख का बजट बनाया गया है। रिपेयरिंग के नाम एलपर बड़े पैमाने पर राशि का बंदरबाट करने की योजना बनाई जा रही है। रामगढ़वा बीडीओ मो. सज्जाद ने बताया कि आवेदन पर उचित कार्यवाही की जायेगी। बता दें कि षष्टम वित्त की राशि का बंदरबाट करने की कई पंचायतों से शिकायत मिल रही है। इस योजना की राशि को कतिपय जनप्रतिनिधि कामधेनू की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

# ईआरओ ने बीएलओ के साथ की समीक्षात्मक बैठक

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के भोरे प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में मंगलवार को बीएलओ की एक समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ईआरओ डॉ शशि प्रकाश राय ने की। आयोजित बैठक में मतदाता सूची में निर्धारित समय सीमा के अंदर आवश्यक सुधार पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ शशि प्रकाश ने कहा कि अब ऑफलाइन काम नहीं होगा। सभी बीएलओ अब गरुड़ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन काम करेंगें। गरुड़ ऐप बीएलओ के लिए एक बड़े हथियार के साथ वरदान साबित होगा। बीएलओ अब बहुत ही आसानी से इस ऐप के माध्यम से तय समय में अपना कार्य पूर्ण कर लेंगें। जिनकी भी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची से जोड़ा जाए। वहीं मतदाता पुनरीक्षण कार्यों को लेकर प्रपत्र 6, 7, 8 मतदाता सूची में नाम जोड़ना मृत मतदाताओं का नाम हटाना व मतदाता सूची में नाम सही करना है।

उन्होंने आगे कहा कि चुनाव कार्यों में लापरवाही नहीं करें। साथ ही जो बीएलओ अच्छा कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी बीएलओ को अपने काम में निखार लाते हुए निर्वाचन से संबंधित कामों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाने का आह्वान किया। बैठक में बीएलओ केसरी कुमार पांडेय, विश्राम गुप्ता, अनुज कुमार पांडेय, नन्हे सिंह, राधाकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में बीएलओ उपस्थित थे।

## गोपालगंज में झमाझम बारिश से लोगों को मिली गर्मी निजात

**गोपालगंज।** गोपालगंज में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है जहां लोग प्रचंड गर्मी से परेशान थे वही आसमान में एकाएक छाए काले बादल के साथ तेज हवा और बारिश ने लोगों को काफी राहत दी। दोपहर बाद शुरू हुई झमाझम बारिश के कारण किसानों के चेहरे चेहरे खिल उठे। जहां किसानों को धान के रोपनी की चिंता सता रही थी वहीं अब उनकी चिंता दूर होते नजर आ रही है। उत्तर बिहार में मानसून का आगमन हो चुका है बावजूद प्रचंड गर्मी से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे थे। मंगलवार की दोपहर आसमान में एकाएक काले बादल छा गए दिन का नजारा रात जैसा प्रतीत होने लगा। चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा छा गया। साथ ही तेज हवा और बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। हलांकि बारिश से गन्ना, मेंथा, उड़द, धान, मक्का मूंग की फसलों को फायदा पहुंचा है। आंधी पानी का मौसम बने रहने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। जबकि शहर में पहली बारिष ने ही नप के तमाम दावों की पोल खोल दी है। पहली बारिश से ही शहर में जगह-जगह जलजमाव हो गया।

# शराब की टोह में दियारा इलाके में चला सर्च अभियान, भट्टी ध्वस्त

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



- गोपालगंज व मोतीहारी की टीम ने संयुक्त रूप से की छापेमारी

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के दियारा इलाके में मंगलवार को गोपालगंज व मोतीहारी उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाकर तैयार की जा रही शराब की खेप को बरामद करने के साथ ही उसे नष्ट कर दिया। इस दौरान एक शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया।

उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गंडक नदी के किनारे स्थित बंगरा घाट, सत्तरघाट, तेलिया घटहा घाट, डुमरिया घाट, फैजुल्लाहपुर, आषा खैरा, प्यारेपुर गांव के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान नदी के तट पर छूपाकर बनाई जा रही एक शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान 1500 केजी गुड़ का पाश को बरामद करने के साथ ही उसे विनिष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही षराब बनाने के उपयोग में लायी जाने वाली गैस चूल्हा, मैटेलिक पाइप, ड्रम सहित अन्य उपकरण को बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद विभाग की गोपालगंज व मोतीहारी की संयुक्त टीम की छापेमारी को देखकर दियारा इलाके में सक्रिय शराब तस्कर फरार हो गए। हालांकि फरार हुए शराब तस्करों की पहचान करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## 132 बोतल शराब के साथ बाइक जब्त एक गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के भोरे पुलिस ने थाना क्षेत्र के कुर्थियां गांव के समीप कार्रवाई करते हुए 132 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि भोरे थाना के पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार दास गश्ती कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के कुर्थियां गांव के समीप एक व्यक्ति बाइक से शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वहां चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखते ही भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। उसकी बाइक में छिपा कर रखा गया 132 बोतल शराब बरामद किया गया। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र एराजी कोरेयां गांव के हरिलाल राम के रूप में की गई है। जिसे उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# हजारीमल उच्च +2 विद्यालय में कॉमर्स नामांकन के शुरूआत पर हर्ष

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

अनुमण्डल मुख्यालय, जहां लडकों के लिये एक मात्र उच्चतर माध्मिक विद्यालय हजारीमल है और इसी सत्र 2022 से वाणिज्य में बिहार बोर्ड पटना द्वारा नामांकन के लिये अनुमति दिया गया है। इस कारण इस क्षेत्र के कॉमर्स पढनें वाले बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।

अभिषेक कुमार पटेल के नेतृत्व में बच्चो की टीम हजारीमल हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक सुमन कुमार तथा स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रंजीत सिंह को सामूहिक रूप से दोशाला, फुल के माला, लडू खिलाकर कर और पौधा देकर समान्नित किया। इंटर कॉलेज बनने के बाद भी इस विद्यालय में कॉमर्स की पढाई नहीं होती थी, जिस कारण बच्चों को काफी दिक्कत होती थी और इस मांग को बच्चे और अभिभावक द्वारा किया जा रहा था पर किसी का साथ नहीं मिलने के कारण ये मामला लटक जाता था पर रंजित सिंह व इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुमन कुमार के सहयोग से जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्राचार किया गया और अंत में रक्सौल के कॉमर्स पढने वाले छात्रों की ये बड़ी महत्वाकांक्षी मांग पूरी हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व अभिषेक कुमार पटेल ने किया।

इस अवसर पर डॉ. मुराद आलम, अरविंद जायसवाल एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा विद्यालय के बेहतर संचालन एवं भवन निर्माण के साथ साथ प्रांगण की स्वच्छता और सुंदरता के लिए प्रयासरत रहने की बातें कही गई। कार्यक्रम में छात्र नितेश कुमार, अमित कुमार, कन्हैया कुमार, पृथ्वी राज, अरबाज आलम , विकाश कुमार, विजय कुमार , युवराज सिंह, दिपू कुमार, साहिल अंसारी व इरफान अखतर आदि मौजूद रहे।

## कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठक संपन्न

**मानपुर।** शहर के जनकपुर स्थित सुरेन्द्र प्रसाद सभागार में अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय संघ का बैठक हुआ। बैठक का अध्यक्षता डॉ उज्जवल नारायण दांगी ने और संचालन प्रेम नारायण सिंह दांगी ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ उज्जवल ने कहा कि दांगी समाज अपने सामाजिक कार्यकर्ताओं को याद करने के लिए, सम्मान देने के लिए मूर्ति अनावरण कार्यक्रम रखा है। प्रेम नारायण दांगी ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र सिंह दांगी और प्रयाग नारायण दांगी इस संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर सामाजिक परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर जदयू नेता पुष्पेंदु पुष्प ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया कि उन्होंने दांगी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किया है। इस अवसर पर श्री पुष्प ने कहा कि अति पिछड़ा समाज में शामिल होने के कारण लगातार सरकारी नौकरियों में दांगी समाज के छात्र सफल हो रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने जानकारी दिया कि 1 जुलाई 2022 को गया के धर्म सभा भवन में समाजिक बैठक होगा और इस बैठक में अधिक-से-अधिक लोगों के उपस्थित होने का आवाहन किया।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

- उग्र लोगो ने किया हंगामा

जिले के कटेया थाना क्षेत्र के पटोहवा गांव में अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से एक मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृत मजदूर कुबरही गांव निवासी 65 वर्षीय जगरनाथ मंडल बताया गया है। बताया जाता है कि सोमवार को जगरनाथ मंडल मजदूरी करने के लिए पंचदेवरी की ओर गया था।

देर शाम को लौटने के क्रम में पटोहवा गांव में एक पेड़ के नीचे बैठकर आराम करने लगा। तभी यूपी की ओर से काफी तेज गति से आ रही शराब तस्करों की बोलेरो ने उसे रौंद दिया। जिससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। परिजन भी रोते-बिलखते पहुंच गये। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। काफी देर तक जब पुलिस नहीं पहुंची, तो लोग आक्रोशित हो उठे। शव को जमुनहा-पंचदेवरी मुख्यमार्ग पर मंझरियां चैराहे के पास रखकर हंगामा करने लगे। ग्रामीण पुलिस पर भी उदासीनता का आरोप लगाने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस सिर्फ शराब पकड़ना ही अपनी मुख्य ड्यूटी समझ रही है। बाकी किसी मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। हंगामे की सूचना पर पंहुचे बीडीओ, सीओ व जनपतिनिधियों ने पहुंच कर ग्रामीणों व परिजनों को शांत कराया। जिला परिवहन पदाधिकारी से बात कर बीडीओ व सीओ ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। मामला शांत होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के आरोपों से इन्कार करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सिकरहना तटबंध पर स्लुईस गेट पुल निर्माण नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश

चिरैया, प्रात : किरण संवाददाता



- चुनाव में ग्रामीणों ने किया था मतदान बहिष्कार का ऐलान
- बाढ़ के समय एक किलोमीटर की दूरी 8 किलोमीटर हो जाती है

प्रखंड क्षेत्र के खड़तरी पश्चिमी पंचायत अंतर्गत पटजिलवा गांव में सिकरहना तटबंध पर स्लुईस गेट पुल निर्माण नही होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। पटजिलवा गांव के लोगों को बरसात के समय मोतिहारी- ढाका मुख्य पथ पर पहुंचने के लिए पिंडारी, खड़तरी गांव होते हुए लगभग आठ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि सिकरहना तटबंध पर पुल का निर्माण होने से यह दूरी घटकर सिर्फ एक किलो मीटर रह जायेगी।

ग्रामीण बाढ़ आने से पूर्व काफी चिंतित व मायूस है, क्योंकि उन्हें प्रत्येक वर्ष की ही तरह बाढ़ के समय में भय के साये में जीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस पुल के नही बनने से पटजिलवा गांव के लोगों को बरसात के समय जान-माल की काफी हानि होती है, क्योंकि सिकरहना नदी मे जब बाढ़ आती है तो गांव चारों तरफ से पानी से घिर जाता है तथा मुख्य पथ को जोड़ने वाले मार्ग पर लगभग 5 से 6 फीट ऊंचाई से पानी तेज रफ्तार के साथ बहने लगती है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है।

मजबूर होकर ग्रामीणों को अपनी छतों या पड़ोसी की छत पर अपने परिवार तथा पशुओं के जान बचाने के लिए कई दिनों तक भूखे-प्यासे गुजर-बसर करना पड़ता हैं। बाढ़ के समय में प्रत्येक वर्ष ग्रामीण व उनके पालतू पशुओं की जान बाढ़ के पानी में डूबकर चली जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीण पुल निर्माण की मांग 1980 से लगातार करते आ रहे है।

पुल निर्माण की मांग को लेकर 2020 के विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की भी घोषणा की थी, लेकिन जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच हुए मध्यस्थता के बाद लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया। भाजयुमो संगठन जिला ढाका के जिला प्रवक्ता व स्थानीय जयराम प्रसाद निषाद ने बताया कि सिकरहना तटबंध पर पटजिलवा गांव के पास स्लुईस गेट पुल निर्माण के लिए जगह छोड़ा गया है।

इस पर पुल निर्माण को लेकर हमलोगों ने स्थानीय सांसद, विधायक से लेकर मुख्यमंत्री एवं पथ निर्माण मंत्री तक को अपनी समस्या से अवगत करा चुके है। चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने विधानसभा के पिछले दो सत्रों में पुल निर्माण की मांग को लेकर अपनी आवाज उठाई, लेकिन अभी तक राज्य सरकार की तरफ इस दिशा में कोई पहल नही हो पाई है।

## दिव्यांग शिविर में बारिश के बाद भी उमड़ी भीड़

**गोपालगंज।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के तहत मंगलवार को भोरे प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगों के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें बारिश के बाद भी पंजीकरण एवं जांच के लिए दिव्यांगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जहां सभी पंचायतों के मुखिया लोगों की सहायता करते दिखे, जिला से आये अधिकारी पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करते रहे। वहीं रजिस्ट्रेशन के बाद सभी की जांच की गई। पात्रों को कुछ दिनों में उपकरण वितरित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अंतर्गत भारतीय कृत्रिम निर्माण निगम (एलिम्को) के तत्वावधान में समाज कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण की अगुवाई में एलिम्को की टीम ने दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों बीपीएल श्रेणी के चश्मा, कृत्रिम दांत, बीटीई, कान की मशीन, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड, एक्सिला, एल्बो, बैशाखी, वॉकर, व्हीलचेयर एवं दिव्यांगजनों का ट्राईसाइकिल, फोल्डिंग छड़ी, ब्रेलाकिट, एमएसआईडी किट आदि उपकरणों के निरूशुल्क वितरण हेतु जांच की गई।

# फाइलेरिया मरीजों में एमएमडीपी किट वितरित

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता



वेक्टर जनित गंभीर रोगों में शामिल फाइलेरिया संक्रमित मरीजों को नियमित रूप से आवश्यक देखभाल की जरूरत होती है। इसके लिए उन्हें आवश्यक दवाइयों के साथ संक्रमित अंग का पूरा ध्यान रखना होता है। ठीक तरह से ध्यान रखने पर फाइलेरिया संक्रमण को गंभीर होने से रोक जा सकता है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के बरौली प्रखंड के बतरदेह पैक्स गोदाम स्थित फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीफार के सहयोग प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला वेक्टर बोर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुषमा शरण ने फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया से बचाव एवं साफ-सफाई को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फाइलेरिया से ग्रसित अंगों की विशेष रूप से सफाई रखने के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर उपस्थित 20 फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया। किट में टब, मग, तौलिया, साबुन आदि सामग्री दी गई। इस मौके पर डीएमओ डॉ. सुषमा शरण, भीडीसीओ प्रशांत कुमार, बरौली के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, केयर इंडिया के डीपीओ आनंद कश्यप, सीफार की जिला समन्वयक नेहा कुमारी, प्रखंड समन्वयक अमित कुमार, शुभ करण मौजूद थे।

## हुस्सेपुर में चोरी गया लैपटॉप और सिम कार्ड बरामद, एक गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के भोरे थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर में एक घर से चोरी हुए लैपटॉप, सिम कार्ड और एक जोड़ी पायल को बरामद करते हुए पुलिस ने चोर का भी गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा कर लिया। साथ ही गिरफ्तार चोर से कड़ी पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव निवासी पारस राम के घर से एक एयरटेल का सिम कार्ड, लैपटॉप और पायल की चोरी कर ली गई थी। मामले में पीड़ित पारस राम के बयान पर स्थानीय थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं मामले की जांच में जुटी पुलिस ने सिम कार्ड के लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए हुस्सेपुर गांव के साबिर अली को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर उसके घर से ही लैपटॉप, सिम कार्ड और एक जोड़ी पायल बरामद किया गया। मौके पर से ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. जिसे कड़ी पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने मोहम्मद जुबैर को अदालत में पेश किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को एक हिंदू देवता के खिलाफ 2018 में आपत्तिजनक ट्वीट करने से जुड़े मामले में मंगलवार को यहां एक अदालत में पेश किया। पुलिस ने जुबैर की हिरासत में पूछताछ की एक दिन की अवधि समाप्त होने के बाद उसे मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट स्निग्धा सरवरिया के समक्ष पेश किया। अदालत जुबैर की हिरासत पांच दिन और बढ़ाने की पुलिस की अर्जी पर सुनवाई शुरू कर सकती है।

### चार दिन पुलिस की रिमांड में रहेंगे आल्ट न्यूज के को-फाउंडर मोहम्मद जुबैर

नई दिल्ली। धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में गिरफ्तार आल्ट न्यूज के को-फाउंडर और फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबैर को पटियाला हाउस कोर्ट ने चार दिन की पुलिस रिमांड के लिए भेज दिया है। पुलिस ने जुबैर को सोमवार देर शाम धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं, कोर्ट ने कहा कि आरोपित का मोबाइल और लैपटाप भी उसके बैंगलोर स्थित आवास से बरामद किया जाना है। जिससे ट्वीट पोस्ट किए जाते थे। चार दिन की रिमांड इसलिए सौंपी गई है, क्योंकि आरोपित को बैंगलोर जाना है। मंगलवार को रिमांड का समय खत्म होने के बाद पुलिस ने फिर से दोपहर करीब 3 बजे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था। जहां पुलिस के अधिवक्ता ने कोर्ट में कहा कि जुबैर के खिलाफ पहले से अलग-अलग मामलों में भी कई एफआइआर दर्ज हैं। पुलिस के अधिवक्ता ने बताया क्यों किया गिरफ्तार ? दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि मोहम्मद जुबैर को पुलिस ने इसलिए गिरफ्तार किया है, क्योंकि आरोपित पुलिस से जांच में सहयोग नहीं कर रहा था।

### रंजिश में पुलिसकर्मी ने डंडे से पीटा, छह घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले में दिल्ली पुलिस के एक हवलदार ने पूरे पुलिस महकमे को शर्मसार कर दिया। हवलदार ने पड़ोसी परिवार पर रंजिश के दौरान डंडे से हमला कर दिया। आरोपित ने पड़ोसी महिला को भी नहीं छोड़ा। हमले के दौरान तीन युवकों के सिर फट गए जबकि एक युवक का हाथ टूट गया। आरोप है कि हमले में आरोपित हवलदार लुकमान का परिवार भी शामिल हो गया। बाद में हमला करने वाले सभी आरोपित फरार हो गए। हमले में वसीम, उसके चाचा के बेटे सलीम, मेहबूब के सिर फट गए। इमरान का हाथ टूट गया। इसके अलावा वसीम की मां गुलबहार (50) बुरी तरह जख्मी हो गई। हमले के बाद आरोपित आरोपित मौके से फरार हो गए। हर्ष विहार थाना पुलिस ने घायलों का बयान लेकर आरोपित लुकमान के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रयास और मारपीट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पीड़िता से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। मामले में फिलहाल अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### लेडी हार्डिंग से निकाले गए सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन किया


नई दिल्ली। दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं कलावती सरन शिशु अस्पताल के सफाई कर्मचारी पिछले एक महीने से छंटनी के खिलाफ आंदोलनरत हैं। अपनी मांगों को उठाते हुए सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। मजदूर संगठन ऐक्टू के नेतृत्व में लेडी हार्डिंग एवं कलावती सरन शिशु अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने अस्पताल निदेशक के आवास पर प्रदर्शन किया। एक्टू के सचिव उदय प्रकाश ने बताया कि उच्च न्यायालय के सफाई कर्मियों के पक्ष में निर्णय आने के बावजूद भी उन्हें वापस नहीं लिया जा रहा है। इन सफाई कर्मचारियों की मांग है कि दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का पालन किया जाए।

### तदर्थ शिक्षकों का वेतन जारी करने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद और वित्त समिति के सदस्यों ने डीयू कुलपति से तदर्थ शिक्षकों का वेतन जारी कराने की मांग की। कुलपति को लिखे पत्र में कार्यकारी परिषद की सदस्य सीमा दास, राजपाल सिंह पवार और वित्त समिति के सदस्य जेएल गुप्ता ने बताया कि तदर्थ शिक्षकों को उनके विस्तार में देरी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि विभाग को उनके कार्यभार की व्याख्या करने के लिए कहा गया है। विभागों में तदर्थ शिक्षकों को पिछले ढाई महीने से वेतन नहीं दिया गया है। दिल्ली में बिना वेतन के इनको गुजर बसर करना भी मुश्किल हो रहा है।

# दिल्ली में सफाई व्यवस्था चरमराई : गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित केंद्र सरकार से एमसीडी चुनाव के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम की मांग की है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जिस तत्परता के साथ आधे घंटे पहले एमसीडी चुनाव रद्द किया गया, उसी तत्परता के साथ परिसीमन और चुनाव तारीख की जानकारी दी जाए। केंद्र सरकार एकीकरण का फरमान जारी करने के बाद सो गई है जिसके कारण दिल्ली में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भाजपा ने दिल्ली के लोगों को लावारिसों की तरह छोड़ दिया है। लोगों को यह तक नहीं मालूम की सफाई की शिकायत लेकर किसके पास जाएं। दिल्ली की जनता एमसीडी चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने राजेंद्र नगर उपचुनाव में आम आदमी पार्टी का विधायक चुनकर साबित कर दिया है कि उन्हें एमसीडी में भाजपा बिल्कुल नहीं चाहिए।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी वार्डों में एमसीडी द्वारा जो सफाई की व्यवस्था है, वह पूरी तरह से चरमरा गई है। हमने कल दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में जहां पर पहले चुने हुए पार्षद थे, उनसे बात की। पहले भी स्थिति बहुत बुरी थी लेकिन आज बदतर हो चुकी है। केंद्र सरकार केवल एकीकरण का एक फरमान जारी करने के बाद सो गई है। पहले यदि विधासभा के किसी वॉर्ड में सफाई नहीं होती थी तो लोग शिकायत लेकर पार्षद के पास पहुंचते थे। कम से कम पार्षदों पर सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने का दबाव था। लेकिन अब लोगों को शिकायत करनी हो तो उनके पास किसी के पास जाने का विकल्प नहीं बचा है।

उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह जी ने जिस तरह से सदन की बैठक में पूरे तामझाम के साथ कहा कि तीनों निगमों के एकीकरण से एमसीडी का कायापलट हो जाएगा। हालात यह हैं कि एमसीडी को केंद्र सरकार से अबतक एक रुपए का फंड नहीं मिला है। सभी पार्षद और तीनों कमिश्नर मिलकर जो काम नहीं कर पा रहे थे, केंद्र सरकार को लगता है कि एक विशेष अधिकारी और तीन कमिश्नर की जगह एक कमिश्नर लगा देने से दिल्ली में सब ठीक हो जाएगा।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली की एमसीडी में 15 सालों से आपका साशन है। 10 सालों की सत्ता के बाद दिल्ली में भ्रष्टाचार का ऐसा बोलबाला हुआ कि पूरी दिल्ली कूड़ा-कूड़ा हो गई। आपकी पार्टी ने स्वीकार किया कि आपके चुने हुए जो 272 पार्षद हैं, यदि उन्हें चुनाव लड़ाएंगे तो भाजपा की जमानत जप्त होगी। इसलिए आपने सभी पार्षदों का टिकट काटने का षडयंत्र रचा। इस प्रकार आपने दिल्ली के लोगों से दोबारा विश्वास का आग्रह किया और दिल्ली के लोगों ने आपको दोबारा मौका दिया। लेकिन उसके बाद भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड टूट गए। एमसीडी में सरेआम संपत्तियां बेचने की नौबत आ गई। भाजपा वालों ने कहा कि हमारे पास पैसा कम है। पैसा कम क्यों हुआ? क्योंकि भ्रष्टाचार बढ़ा। आप नेता ने कहा कि 15 सालों के भ्रष्ट शासन के बाद जब चुनाव आयोग ने 9 मार्च को दिल्ली में एमसीडी का चुनाव कराने के लिए प्रेसवार्ता बुलाई। इससे आधा घंटा पहले यह फरमान जारी हुआ कि दिल्ली की तीनों निगमों का एकीकरण करना है, इससे दिल्ली में भ्रष्टाचार का खात्मा होगा, सफाई व्यवस्था में सुधार होगा और सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। चुनाव आयोग ने जो प्रेसवार्ता एमसीडी चुनाव की तारीख की घोषणा करने के लिए बुलाई थी, उसमें उन्होंने चुनाव रद्द होने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि 15 सालों से एमसीडी में आपकी सरकार थी और पिछले 8 सालों से आप केंद्र में बैठे हैं। आपको कभी एकीकरण का ख्याल नहीं आया। चुनाव घोषित होने से कुछ देर पहले अचानक चुनाव रद्द करने का खेल किया क्योंकि आप चुनाव हार रहे थे। उसके बाद पूरी दिल्ली में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाए गए। जगह-जगह नफरत फैलाने की कोशिश की गई। राजेंद्र नगर उपचुनाव में आपने अपने 40 नेताओं को उतारा, आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए पोल-खोल अभियान चलाया। सभी तीन-तिकड़म के बावजूद चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि दिल्ली के लोग एमसीडी में भाजपा की भ्रष्ट राजनीति बिल्कुल नहीं चाहते हैं।

आप प्रदेश संयोजक ने कहा कि दिल्ली में तीनों निगमों में अधिकारियों, कर्मचारियों और निचले स्तर के कर्मचारियों का जो तौर-तरीका था, वह जस का तस बना हुआ है। उन्हें आज भी नहीं पता है कि किसे क्या काम करना है।

# दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग का रिकार्ड टूटा

## 7595 मेगावाट के पार पहुंची मांग



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में गर्मी के साथ बिजली की खपत का रिकार्ड भी टूट रहा है। इस मौसम में सबसे अधिक मांग रहने के साथ ही पिछले वर्ष का रिकार्ड भी टूट गया है। मंगलवार अपराह्न 3.15 बजे मांग 7595 मेगावाटतक पहुंच गई। इससे पहले 2 जुलाई 2019 को सबसे ज्यादा 7409 मेगावाट मांग दर्ज हुई थी। इस बार जिस तरह से मई और उसके बाद जून में ही खपत बढ़ी है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही बिजली की मांग यह रिकार्ड टूट जाएगा। बिजली अधिकारियों का कहना है कि उमस भरी गर्मी के कारण एयर कंडीशनर, कूलर आदि का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। इस कारण बिजली की खपत बढ़ी है। पिछले कई दिनों से अधिकतम मांग सात हजार मेगावाट से ऊपर रह रही है। मई के पहले पखवाड़े में यह सबसे अधिक है। मई में इससे पहले सिर्फ वर्ष 2018 और वर्ष 2019 में बिजली की मांग गई है। दोनों वर्ष मांग 6400 मेगावाट से ऊपर गई थी, लेकिन माह के अंतिम सप्ताह में। वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में कोरोना संकट की वजह से मांग बहुत कम रही थी। वहीं, इस बार मई के दूसरे सप्ताह में ही मांग 62 सौ से ऊपर है। अधिकारियों का दावा है कि मांग बढ़ने के बावजूद बिजली आपूर्ति में कहीं परेशानी नहीं है। मांग के अनुरूप बिजली उपलब्ध हो रही है।

# ओखला औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पार्किंग से यातायात हो रहा बाधित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग ने यातायात का सुगम करने के लिए ओखला औद्योगिक क्षेत्र में बेहतरीन सड़कों, फुटपाथ, सर्विस लेन और अंडरपास आदि का निर्माण किया है। दिल्ली में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए वाहनों में बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि बढ़ते वाहनों से यातायात में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस भी मुस्तैदी के साथ धूप, बारिश और ठण्ड में चट्टान की तरह वयवस्था दुरुस्त करने के लगी दिखाई देती है। वही दूसरी ओर ओखला औद्योगिक क्षेत्र ने अनेकों कार शोरूम कंपनियों ने नियमों को दरकिनार करते हुए अपनी कारों को डिस्प्ले के लिए पुटपाथ और सर्विस लेन में खड़ी कर दी है, जिसकी शिकायत विभाग को दी गयी है लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि ओखला औद्योगिक क्षेत्र के अंडरपास के ऊपर टाटा मोटर, हुंडई मोटर और रेनॉल्ट मोटर वर्कशॉप ने पीडब्ल्यूडी की सर्विस लेन पर, माँ आनंदमयी मार्ग सर्विस लेन और फुटपाथ पर महिंद्रा और हुंडई शोरूम की गाड़ियां हमेशा खड़ी रहती हैं, जिसकी वजह से जाम की समस्या बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी, स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस की मिलीभगत से कार वर्कशॉप और कार शोरूम वालों ने सरकारी पुटपाथ और सर्विस लेन को अपनी बपौती समझ ली है जिसके चलते जगह जगह अवैध पार्किंग बना दी गयी है। ओखला औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पार्किंग से सुबह-शाम तो जाम लगता ही है बल्कि इन वर्कशॉप की पार्किंग से दिनभर जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

# आइआइटी दिल्ली की मदद से बनेंगे चिकित्सा उपकरण, निर्माण से टेस्टिंग तक होगी मदद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के साथ मिलकर आइआइटी दिल्ली देश को चिकित्सा उपकरणों के निर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके लिए आइआइटी दिल्ली में मेडटेक टेक्नोलाजी डेवलपमेंट फेसिलिटी शुरू की गई है। प्रोजेक्ट से जुड़े प्रो. कल्याण सुंदरम ने बताया कि किसी भी चिकित्सा उत्पाद के दो मुख्य पड़ाव आइएसओ मैन्युफैक्चरिंग और टेस्टिंग होते हैं। आइआइटी दिल्ली इन पड़ावों को पार करने में मदद करेगा। दो साल पहले एक विस्तृत प्रपोजल तैयार कर आइसीएमआर को सौंपा गया था, जिसमें कहा गया था कि आइआइटी मेडिकल डिवाइस के प्रूफ आफ कान्सेप्ट से क्लीनिकल इवैल्यूएशन तक की जिम्मेदारी संभालेगा। इस बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए समय-समय पर कैंप भी लगाए जाएंगे, जिसमें छात्रों, फैकल्टी और स्टार्टअप को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। आइआइटी दिल्ली तकनीकी सलाह, उपभोक्ता आवश्यकताओं के अनुरूप उपकरण डिजाइन में भी मदद करेगा। यह पहल बायोमेडिकल इकोसिस्टम में बड़ा बदलाव लाएगी और शोधकताओं, डाक्टरों, उद्यमियों और शिक्षाविदों को अपने विचार को प्रभावी ढंग से बाजार में ले जाने में मदद करेगी। आइसीएमआर के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से इस बाबत एक ट्वीट भी किया गया, जिसमें लिखा गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत महामारी पर रोकथाम के लिए तकनीक के विकास पर भी काम किया जाएगा। हड्डी, नेत्र संबंधी, हृदय संबंधी बीमारियों के लिए प्रत्यारोपण योग्य उपकरण भी बनाए जा रहे हैं। वहीं, इससे पहले एक कार्यक्रम को स्कूलों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पहले बैच में, दिल्ली के 10 सरकारी स्कूल के छात्रों का चयन किया गया और उनमें से प्रत्येक को एक संकाय संरक्षक नियुक्त किया गया। अपने अनुभव का वर्णन करते हुए, कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं में से एक, संमिता पॉल ने कहा, मुझे स्टेम मेंटरशिप प्रोग्राम के दौरान आईआईटी दिल्ली में प्रोफेसर और पीएचडी छात्रों के साथ बातचीत करना बहुत अच्छा लगा। मुझे नई चीजें सीखने को मिलीं, जिसने मेरी शोध रुचियों को विकसित किया। विशेष रूप से, ऑनलाइन व्याख्यान श्रृंखला उन अवधारणाओं के बारे में जानने के लिए बहुत उपयोगी थी, जिन्हें स्कूली पाठ्यक्रम में नहीं पढ़ाया जाता है।

# दिल्ली में डीजल वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध से घबराए व्यापारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पर्यावरण प्रदूषण का हवाला देते हुए दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की तैयारी है। इसे लेकर दिल्ली के लाखों कारोबारियों और व्यापारियों में चिंता का माहौल है, क्योंकि पांच माह के इस प्रतिबंध से दिल्ली का कारोबार ठप होने की आशंका है। ऐसे में इससे उत्पन्न होने वाले संकटों तथा उसके समाधान को लेकर कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), दिल्ली ने व्यापारियों की महापंचायत बुलाई है। कैट दिल्ली के महासचिव देवराज बवेजा ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा इस वर्ष एक अक्टूबर से अगले वर्ष फरवरी तक दिल्ली में डीजल से चलने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। इससे दिल्ली के लाखों कारोबारियों में काफी चिंतित हैं, क्योंकि, पांच माह तक माल की आवाजाही नहीं होगी। इसके चलते सामानों की किल्लत उत्पन्न हो सकती है। महंगाई इससे बढ़ेगी। इसके साथ ही दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। स्थिति लाकडाउन से भी खराब हो जाएगी। दुकानों का किराया, घर का खर्च, कर्मचारियों का वेतन, बैंकों की किश्त समेत अन्य सवाल मुंह बाएं खड़े होंगे। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित हिंदी भवन में 29 जून को यह महापंचायत बुलाई गई है। इसमें दिल्ली के सभी कारोबारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें मुख्य रूप से प्रतिबंध लागू होने के बाद दिल्ली में माल किस तरह आएगा अथवा दिल्ली से अन्य राज्यों में कैसे जाएगा? और क्या दिल्ली में आने वाला माल दिल्ली की सीमा से सटे राज्यों में उतरेगा या अन्य राज्यों के लिए माल पड़ोसी राज्यों से भेजने पड़ेगा, इन जैसे सवालों का जवाब निकालने की कोशिश इस महापंचायत से होगी।

# अमेजन में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाले को पुलिस नेकिया दो को गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिण-पूर्व जिले की साइबर थाना पुलिस ने लोगों को अमेजन एप में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान शकरपुर निवासी मोनिंदर श्रीवास्तव और नोएडा निवासी प्रमोद प्रभाकर के रूप में हुई है। इनसे दो लैपटाप, दो मोबाइल, मोबाइल कम टैबलेट, चार डेबिट कार्ड व पांच चेक बुक बरामद हुए हैं। पुलिस ने बैंक खातों को सीज भी किया है जिनमें करीब पांच लाख रुपये थे। दक्षिण-पूर्व जिले की पुलिस उपायुक्त ईशा पांडेय ने बताया कि आठ अप्रैल को आकांक्षा ने साइबर थाने में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि कुछ ठगों ने अमेजन एप में नौकरी दिलाने के नाम पर उनके खाते से चार लाख रुपये उड़ा लिए। इसके लिए ठगों ने उन्हें मोबाइल पर एक मैसेज भेजा था जिसमें एक लिंक अटैच था। लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से चार लाख रुपये कट गए। छानबीन के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-द्वितीय राजीव कुमार अंबस्ता के नेतृत्व व एसीपी मनोज सिन्हा की देखरेख में इंस्पेक्टर कुलदीप शेखावत, एसआइ अतुल यादव और हेडकांस्टेबल सतेंद्र की टीम बनाई गई। टीम ने पीड़िता के मोबाइल और सीडीआर की सारी डिटेल ली। इसके बाद तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से जिस खाते में आकांक्षा के खाते से पैसा ट्रांसफर हुआ, उसके स्वामी का पता लगाया, तो उसकी पहचान शकरपुर निवासी मोनिंदर श्रीवास्तव के रूप में हुई। पूछताछ में मोनिंदर ने साथी नोएडा निवासी प्रमोद प्रभाकर के बारे में बताया तो उसे भी नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। उससे इलेक्ट्रानिक गैजेट और बैंक से संबंधित कागजात बरामद हुए। साथ ही पुलिस ने कुछ बैंक खातों को भी सीज कर दिया। मोबाइल हैक करके लगाते थे खाते में सेंध : आरोपितों ने बताया कि वे लोगों को अमेजन में नौकरी का मैसेज भेजते थे। मैसेज में एक ऐसा लिंक अटैच करके रखते थे, जिस पर क्लिक करते ही पीड़ितों का मोबाइल हैक हो जाता था। साथ ही उस नंबर से संबंधित बैंक खाते की ओर से एक ओटीपी पीड़ित के मोबाइल पर आ जाता था। सका प्रयोग कर आरोपित पीड़ितों के खाते से पैसे निकाल लेते थे। आरोपितों ने बताया कि इस कार्य में चार अन्य आरोपित भी उनका साथ दे रहे थे। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपितों की पहचान के साथ मामले की जांच में जुटी हुई है।

### राजस्थान हाउस तोड़ने के मामले ने पकड़ा तूल

नई दिल्ली। पृथ्वीराज रोड़ स्थित राजस्थान हाउस के भवन को तोड़कर उसे नए सिरे से बनाने को लेकर विवाद हो गया है। राजस्थान सरकार दिल्ली में स्थित अपने इस भवन को अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त बनाना चाहती है। इसके लिए पुराने भवन को तोड़कर नया बनाने का निर्णय इस साल फरवरी में लिया गया था। अब विवाद इस बात को लेकर हुआ कि जिस ठेकेदार को भवन तोड़ने का ठेका दिया गया था। उसने प्रशासनिक अधिकारियों को विश्वास में लिए बिना ही तोड़फोड़ प्रारम्भ कर दी। प्रदेश की मुख्य सचिव उषा शर्मा तक इस बारे में शिकायत पहुंची तो उन्होंने जांच के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव हरसहाय मीणा सहित चार अधिकारियों को दो दिन पहले दिल्ली भेजा था। सोमवार को मौके पर पहुंचे मीणा सहित चार अधिकारियों ने कीमती सामान ले जा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों को रोका तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। अधिकारियों के साथ बदसलूकी भी की गई।

# आतिशी ने गुजरात भाजपा की टीम को दिया न्योता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली सरकार के दिल्ली माडल की पड़ताल करने के लिए गुजरात भाजपा की टीम मंगलवार को दिल्ली पहुंची। इसके तहत भाजपा की टीम दिल्ली सरकार के शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य क्षेत्र के कार्यों को मौके पर जाकर देखेगी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बताया कि गुजरात से भाजपा का एक 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आ रहा है। जो केजरीवाल सरकार के दिल्ली माडल की सच्चाई से गुजरात के लोगों से रुबरु कराएगा।

इस बात की जानकारी मिलने पर आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा कि गुजरात से भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल आ रहा है हमारे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल देखने के लिए, हम यहां अपने कार्यालय पर मौजूद हैं वो यहां आए जो स्कूल, क्लीनिक और अस्पताल देखना चाहेंगे हम उनको वहां लेकर जाएंगे।

कहा जा रहा था कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा गुजरात में जाकर अपने झूठ पर आधारित दिल्ली माडल के बारे में जो झूठा प्रचार किया जा रहा है, उसकी पोल खोली जाएगी। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में इस वक्त लोग पानी के लिए तरस रहे हैं क्योंकि कई जगहों पर दिल्ली जल बोर्ड का पानी ही आ नहीं रहा है और जहां पानी आ भी रहा है, वहां इतना गंदा है कि उसको पीने के बाद लोग बीमार पड़ रहे हैं। कुछ ऐसी ही जर्जर स्थिति स्वास्थ्य और शिक्षा का है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर आप सरकार ने जो लूट मचाई है, उसकी सजा उनके एक मंत्री भुगत रहे हैं जबकि शिक्षा मंत्री जांच एजेंसियों के घेरे में है।

> • दिल्ली में इस वक्त लोग पानी के लिए तरस रहे हैं क्योंकि कई जगहों पर दिल्ली जल बोर्ड का पानी ही आ नहीं रहा है

दरअसल इसी माह गुजरात में भी चुनाव होने है, इस वजह से दोनों पार्टियां एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही है। आम आदमी पार्टी पंजाब में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद काफी उत्साहित है। अब दिल्ली के उपचुनाव में भी आप प्रत्याशी को जीत हासिल हुई है उससे वो और भी अधिक उत्साहित है। इस वजह से पार्टी के नेता भाजपा नेताओं को खुली चुनौती देकर अपने विकास के काम दिखाना चाह रहे हैं।

**सूचना** मनीष सिसोदिया ने 26 .69 करोड़ रुपए के परियोजना कार्यों को दी मंजूरी

# मटियाला की अनाधिकृत कालोनियों का पुनरुद्धार करवाएगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




केजरीवाल सरकार मटियाला विधानसभा क्षेत्र में स्थित अनाधिकृत कॉलोनियों का पुनरुद्धार करवाएगी यहां 19.46 किमी लम्बाई की गलियों/सड़कों के साथ स्टॉर्म वाटर ड्रेन, जलनिकासी के लिए नालियों आदि का निर्माण कार्य करवाया जाएगो उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसके लिए 26.69 करोड़ रुपए के परियोजना कार्यों को मंजूरी दी इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिल्ली के हर तबके नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारों द्वारा हमेशा अनाधिकृत कॉलोनियों की उपेक्षा की गई लेकिन केजरीवाल सरकार ने इन अनाधिकृत कॉलोनियों के लोगों को हर संभव सुविधाएं देने का काम किया है और सरकार में आते ही पहले दिन से ही अनाधिकृत कॉलोनियों की तरक्की के लिए काम किया है इस दिशा में सरकार मटियाला विधानसभा क्षेत्र में बेहतर जलनिकासी सुविधाओं के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेन सिस्टम को बेहतर बनाने के साथ नालियों का निर्माण करवा रही है ताकि बरसात के दिनों में जलनिकासी आराम से हो और यहां लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़ें साथ ही यहां गलियों का निर्माण कार्य भी करवाया जाएगा ताकि इन कॉलोनियों की आस-पास के इलाकों से कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकें और स्थानीय निवासियों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो इन निर्माण कार्यों के बाद क्षेत्र के लाखों लोगों को फायदा मिलेगो

श्री सिसोदिया ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए व यह ध्यान रखा जाए कि निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय निवासियों की समस्या का सामना न करना पड़ें बता दे कि इस परियोजना कार्य के तहत 153 गलियों को पक्का किया जाएगो गलियों को मजबूती देने के इनपर कंक्रीट की सतह बिछाई जाएगी व हर मुख्य मार्ग पर साइनेज भी लगाए जाएंगे उल्लेखनीय है कि यमुना को साफ करने के केजरीवाल सरकार के मिशन के तहत मटियाला विधानसभा क्षेत्र के कई कॉलोनियों में सरकार द्वारा सीवर लाइन बिछाने का काम भी जारी है मटियाला की इन अनाधिकृत कॉलोनियों का होगा पुनरुद्धार

(1) तारा नगर
(2) हरी विहार ब्लाक- ए, बी, सी
(3) पटेल गार्डन एक्सटेंशन ब्लाक- बी, सी, डी, ई
(4) उत्तम नगर ब्लाक- यू

### किसी भी सतर्कता अधिकारी को समिति का सदस्य नहीं बनाया जाए

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने विभागों को निर्देश दिया है कि हितों के टकराव से बचने के लिए किसी भी सतर्कता अधिकारी को किसी भी समिति का सदस्य नहीं बनाया जाए। एनडीएमसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) की पहली जिम्मेदारी ही यह है कि वह परिषद में भ्रष्टाचार रोधी उपाय लागू करें और केंद्रीय सतर्कता आयोग की ओर से सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए जारी निदेशों और दिशा-निदेशों पर अमल कराएं। एनडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह आदेश दिया गया है कि सतर्कता अधिकारी को विभागीय पदोन्नति समिति साक्षात्कार एवं मूल्यांकन समिति जैसी किसी भी समिति का सदस्य नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि हितों के टकराव की स्थिति में मूल्यांकन प्रक्रिया की जांच करते समय संबद्ध प्राधिकार का नजरिया निष्पक्ष होना चाहिए। एनडीएमसी के क्षेत्र में अधिकतर लुटियन की दिल्ली और उसके आसपास का इलाका आता है जहां केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों के साथ-साथ शीर्ष उद्योगपतियों के आवास हैं।

# 100 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में शामिल वांछित भगोड़ा गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने करीब 100 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल एक 70 वर्षीय भगोड़े खनन माफिया को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान प्रदीप पालीवाल उर्फ महेश गुप्ता के रूप में हुई है और वह भगोड़ा अपराधी करार दिया जा चुका था और पिछले सात साल से फरार था। संयुक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) छाया शर्मा ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, जनवरी 2014 में आरोपी प्रदीप पालीवाल ने शिकायतकर्ता को राजस्थान में ग्रेनाइट खनन के अपने व्यवसाय में 20 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए प्रेरित किया और उसे 50 लाख रुपये प्रति महीने भुगतान करने का आश्वासन दिया। इन आश्वासनों पर, शिकायतकर्ता निवेश करने के लिए सहमत हो गया और दोनों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादित किया गया। फरवरी 2014 से सितंबर 2014 तक शिकायतकर्ताओं ने चेक/आरटीजीएस के माध्यम से 13.45 करोड़ रुपये और नकद में 3.15 करोड़ रुपये का भुगतान किया। लेकिन, आरोपी अपना वादा पूरा नहीं कर पाया। तदनुसार, 2017 में दिल्ली पुलिस के ईओडब्ल्यू द्वारा आईपीसी की धारा 420, 406 और 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपराध करने के बाद, आरोपी प्रदीप पालीवाल ने अपने ठिकाने दिल्ली से दूसरे राज्यों यानी कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली में स्थानांतरित कर दिए। चूंकि वह एक वांछित अपराधी था, इसलिए वह विमान में यात्रा करने से बचता था और वह इन राज्यों में एक निजी पजेरो द्वारा यात्रा करता था, जो उसके व्यापारिक भागीदार (बिजनेस पार्टनर) के नाम पर पंजीकृत है। संयुक्त सीपी ने कहा, वह कभी भी 24 घंटे से अधिक एक स्थान पर नहीं रहा। वह हजारों किलोमीटर की यात्रा करता था, चाहे बेशक उसे पंजाब से कर्नाटक तक ही क्यों न जाना हो। आरोपी इंटरनेट के अज्ञात स्त्रोतों से जुड़े टेलीग्राम अकाउंट का इस्तेमाल कर रहा था और जिम्बाब्वे के मोबाइल नंबर का भी इस्तेमाल करता था।

राष्ट्रीय दैनिक
**प्रातः किरण**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार 29 जून, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### केजरीवाल कश्मीरी गेट आईएसबीटी को विकसित कर बनाएगी बेहतर ट्रांजिट हब

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार कश्मीरी गेट अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल को विकसित करेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आज कश्मीरी गेट पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का निरीक्षण किया और आईएसबीटी मुख्य प्रवेश द्वार के करीब, इंट्रा सिटी सरकारी बसों तक सीधे पहुंचने के लिए चल रही सुधार योजना की समीक्षा की। परिवहन विभाग, मौजूदा ट्रांजिट हब को फिर से आकार देने, पुनर्गठित करने, यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और वहां भीड़ को कम करने का प्रयास कर रहा है। विभाग द्वारा प्रस्तावित नई योजना के अनुसार, कश्मीरी गेट आईएसबीटी में इंट्रासिटी सरकारी बसों के लिए बस-बे होंगे जो यात्रियों को इंट्रा सिटी सरकारी बसों में चढ़ने और उतरने में मदद करेंगे और इमारत में प्रवेश किए बिना सीधे आईएसबीटी तक पहुंच सकेंगे।

### डीयू शिक्षक आज निकालेंगे कैंडल मार्च

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के वित्त पोषित कॉलेजों में वेतन समय पर नहीं मिलने से आक्रोशित शिक्षक मुख्यमंत्री आवास पर बुधवार को कैंडल लाइट मार्च निकालेंगे। इंटेक के दिल्ली अध्यक्ष प्रो. पंकज गर्ग का कहना है कि दिल्ली सरकार द्वारा 28 कॉलेजों में 12 कॉलेज 100 फीसदी वित्तपोषित हैं। जबकि 16 कॉलेजों को केवल 5 फीसदी अनुदान राशि दिल्ली सरकार देती है और बाकी राशि यूजीसी से आती है। दिल्ली सरकार की ओर से नियमित रूप और पूरी अनुदान राशि न देने कारण शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन समय से नहीं मिल पा रहा है।

### सालभर में 150 वार्ड ढलावमुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली में बीते एक वर्ष में करीब 50 फीसदी ढलावघरों को बंद कर दिया है। इससे 150 निगम वार्ड ढलावमुक्त हो गए हैं। इन जगहों पर कहीं बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र तो कहीं पुस्तकालय या जन रसोई शुरू की गई हैं। बता दें दिल्ली निगम के हर वार्ड में तीन या चार ढलाव घर होते हैं। इन पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे रहते हैं। निगम की ओर से फिक्स्ड कॉम्पैक्टर लगाकर कूड़े का मौके पर ही निस्तांतरण कर सीधे प्रमुख लैंडफिल साइट पर भेजा जाता है। इससे रिहायशी इलाकों में ढलाव घर से उठने वाली गंदी बदबू और कूड़े की समस्या से दिल्लीवालों को निजात मिल रही है। बीते एक साल में 1109 में से 584 ढलावघर बंद किए गए हैं।

### मेंटर शिक्षक के आवेदन की तिथि दोबारा बढ़ाई

नई दिल्ली। मेंटर शिक्षक कार्यक्रम के लिए योग्य शिक्षकों के लिए आवेदन की तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया गया है। योग्य मेंटर शिक्षक के लिए तीन जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा की ओर से परिपत्र जारी किया गया है। दो साल की अवधि (शैक्षणिक सत्र 2022-24) तक के लिए आवेदन मांगे गए हैं। मेंटर शिक्षक का यह पांचवा बैच होगा। मेंटर शिक्षक सरकार स्कूलों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने की दिशा में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर आईं दिक्कतें

नई दिल्ली। मंगलवार दोपहर को शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट नहीं खुल रही थी। वेबसाइट के खुलने में तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही थीं। एक स्कूल शिक्षक ने बताया कि दोपहर तक वेबसाइट ठीक ढंग से काम कर रही थी। लेकिन फिर जब दोबारा वेबसाइट के लिए लॉग इन किया तो वेबसाइट नहीं खुल रही थी। ऐसा ही एक अभिभावक का कहना था कि वह वेबसाइट पर शिक्षा संबंधी एक परिपत्र को पढ़ना चाहते थे। लेकिन वेबसाइट नहीं खुलने के कारण वह उसे नहीं पढ़ सके।

### 67 निजी स्कूलों की अदायगी को लेकर पत्र लिखा

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2019-20 के ईडब्ल्यूएस/डीजी वर्ग के छात्रों को लेकर 67 निजी स्कूलों की प्रति छात्र खर्चों की अदायगी की मंजूरी के संबंध में शिक्षा निदेशालय की योजना शाखा ने एक पत्र लिखा है। जिसमें नगर निगम के शाहदरा-उत्तरी क्षेत्र और शाहदरा-दक्षिणी क्षेत्र के निजी स्कूल शामिल हैं। इसको लेकर कुछ शर्तों का उल्लेख किया गया है। इसमें निदेशालय से राशि प्राप्त होने के बाद प्रत्येक स्कूल को 15 दिन के अंदर अदायगी करने के लिए निर्देश दिया गया है।

# भाजपा प्रतिनिधि मंडल जिस स्कूल-अस्पताल को देखना चाहते हैं, वहां उनको लेकर जाएंगे:आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




गुजरात से दिल्ली के शिक्षा-स्वास्थ्य मॉडल को देखने आए भाजपा प्रतिनिधिमंडल का आम आदमी पार्टी के विधायक आईटीओ कार्यालय में इंतजार कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि गुजरात से भाजपा का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली के शिक्षा-स्वास्थ्य मॉडल को देखने आया है। वह जिस स्कूल-अस्पताल को देखना चाहते हैं, वहां उनको लेकर जाएंगे। हम उनके स्वागत के लिए आम आदमी पार्टी कार्यालय में हैं। भाजपा का प्रतिनिधिमंडल यहां पर आकर बताए कि कौनसा स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक और अस्पताल देखना चाहते हैं, उनकी मर्जी की जगह पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात में स्कूल और अस्पतालों की स्थिति को देखते हुए इस दौरे की आवश्यकता को समझते हैं। गुजरात में पिछले दो साल में छह हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं, 19 हजार कक्षाओं की कमी है। गुजरात के सरकारी स्कूल खंडहर बन गए हैं, स्कूलों की दीवारें टूटी-फूटी हैं और टॉयलेट में गंदगी है। शायद इसी लिए गुजरात भाजपा के प्रतिनिधि मंडल को दिल्ली आने की जरूरत पड़ी है। दिल्ली की शिक्षा क्रांति की चर्चा पूरे देश-दुनिया में हो रही है, ऐसे में गुजरात के नेताओं को समझ आ गया है कि वह दिल्ली के स्कूलों सीख सकते हैं। विधायक संजीव झा ने कहा कि हमें खुशी है कि आज देश में शिक्षा मुद्दा बन रही है। गुजरात भाजपा के विधायक जिस भी स्कूल-अस्पताल का नाम लेंगे, हम उन्हें दिखाएंगे। उम्मीद है कि जब अगले सप्ताह हम गुजरात जाएं तो वो भी अपने स्कूल और अस्पताल दिखाएं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। विधायक आतिशी ने कहा कि दिल्ली में गुजरात से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल आया है। क्योंकि वह दिल्ली के सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल देखना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल सरकार की तरफ से हम आम आदमी पार्टी के विधायक भारतीय जनता पार्टी के इस प्रतिनिधि मंडल का दिल्ली में स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हम कुछ विधायकों को ये जिम्मेदारी दी है कि हम भारतीय जनता पार्टी के इस प्रतिनिधि मंडल का स्वागत करें। इस प्रतिनिधिमंडल को बताना चाहते हैं कि हम यहां पर आम आदमी पार्टी के आईटीओ ऑफिस में मौजूद हैं। आप यहां पर आएं। हमें बताएं कि आप कौनसा स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक और अस्पताल देखना चाहते हैं। आपकी मर्जी के स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल में आपको जरूर लेकर जाएंगे। विधायक आतिशी ने कहा कि इस बात की बहुत खुशी है कि आप दिल्ली के स्कूल देखने आए हैं। शायद गुजरात से प्रतिनिधिमंडल दिल्ली आना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि गुजरात के सरकारी स्कूलों की हालत बहुत ही खराब है। पिछले 2 साल में गुजरात में 6 हजार से भी ज्यादा सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं। गुजरात की विधानसभा में वहां के शिक्षा मंत्री ने खुद ही बताया कि गुजरात में 19 हजार से ज्यादा कक्षाओं की कमी है। गुजरात के स्कूलों की फोटो दिखाते हुए आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि अगर आप गुजरात के सरकारी स्कूलों के हालात की बात करें तो वह खंडहर बन गए हैं। स्कूलों की दीवारें टूटी फूटी हैं और टॉयलेट में गंदगी है। स्कूल में किसी ने खटिया बिछाई हुई है गुजरात के सरकारी स्कूलों का जो हाल है शायद उसी लिए गुजरात की भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल को दिल्ली आने की जरूरत पड़ी। क्योंकि दिल्ली के सरकारी स्कूल इतने बढ़िया हैं और शिक्षा क्रांति आई है, जिसकी आज चर्चा पूरे देश-दुनिया में हो रही है। ऐसे में गुजरात के नेताओं को समझ आ गया है कि इन स्कूलों से ही हम गुजरात में सीख सकेंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री और भावनगर से विधायक विभावरी दवे हैं, जहां के सरकारी स्कूलों की हालत बहुत ही खराब है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल में पूर्व शिक्षा मंत्री रमन बोहरा हैं। उनके ही कार्यकाल में सबसे ज्यादा सरकारी स्कूल बंद हुए और सबसे ज्यादा प्राइवेट स्कूल खुले हैं। पूर्व मंत्री गणपत वसावा हैं, उनके कार्यकाल में आदिवासी विस्तार में सरकारी स्कूलों को बंद किया गया। इसके अलावा भाजपा नेता अमित ठाकर हैं, जो खुद निजी कॉलेज चलाते हैं। वड़ोदरा की भाजपा नेता ज्योति पांडया है, उनके शहर को सरकारी स्कूल बंद होने और सरकारी स्कूल की हालत खस्ता होने के लिए जाना जाता है।

# यात्रियों के साथ-साथ कारोबारियों के लिए भी लाभप्रद होगी रैपिड रेल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली से मेरठ तक बनाया जा रहा रैपिड रेल कारिडोर यात्रियों के साथ-साथ कारोबारियों के लिए भी लाभ देने वाला होगा। यात्रियों की सेवा बंद होने के बाद इस ट्रैक पर मालगाड़ी भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। मालगाड़ी चलने से दिल्ली से मेरठ और एनसीआर के अन्य हिस्सों में कारोबारियों को अपना सामान भेजने में सहूलियत हो जाएगी। वो रात 11 बजे के बाद इसी ट्रैक पर चलने वाली मालगाड़ी में अपने सामान बुक कराकर उसे मेरठ तक भेज सकेंगे। इसी तरह से जिन कारोबारियों का सामान मेरठ से दिल्ली आता होगा उन्हें भी सुविधा होगी वो चंद घंटों में ही अपना सामान पहुंचा सकेंगे। अभी इन सभी को दूसरे साधनों से अपने सामान भेजने और मांगने पड़ते हैं। देश की पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में दिल्ली-एनसीआर का सहयोग बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) नए मिशन पर जुटा है। दिल्ली-एनसीआर के शहरों के बीच व्यापार तेजी से बढ़ाने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम यानी रैपिड रेल कारिडोर पर मालगाड़ी चलाने की योजना तैयार की जा रही है। इससे दिल्ली, गुरुग्राम, मेरठ व पानीपत जैसे शहरों से अब सामान तेजी से जा सकेगा। इसका लाभ ई-कामर्स, कुरियर और पार्सल सेवा कंपनियों को मिलेगा। मेट्रो सेवा की तरह रैपिड रेल की यात्री गाड़ी भी सुबह छह से रात 11 बजे तक चलेगी। इस अवधि के बाद रैपिड रेल की मालगाड़ी चलेगी। मालगाड़ी के आकार, उपयोगिता और संचालन आदि को लेकर कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है। माल परिवहन के लिए रैपिड रेल के डिपो में वेयरहाउस बनाए जाएंगे। वर्तमान में निर्माणाधीन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कारिडोर पर जंगपुरा, दुहाई और मोदीपुरम डिपो में वेयरहाउस बनेंगे। कंपनियां अपना सामान एक से दूसरे वेयरहाउस तक पहुंचा सकेंगी। रैपिड रेल में यात्री अपने साथ सामान भी ले जा सकेंगे। यह रेल एक शहर को दूसरे शहर से जोड़ने वाली सेवा है। इसके माध्यम से लोग एयरपोर्ट तक भी जाएंगे। इस स्थिति में ज्यादा सामान ले जाने की जरूरत होगी। इसको ध्यान में रखते हुए कोई भी यात्री ज्यादा सामान ले जा सकेगा, फिर भी सामान ले जाने की एक सीमा तय की जा सकती है।

# जुलाई में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

जून का महीना खत्म होने को है। अब इस माह में बस दो दिन ही शेष हैं। आज के डिजिटल दौर में बैंकिंग से जुड़े ज्यादातर काम घर बैठे ही हो जाते हैं। लेकिन कुछ कामों के लिए ग्राहकों को बैंक जाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में आपको बता दें कि जुलाई माह में राजधानी दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बैंक आखिर कितने दिन बंद रह सकते हैं। अगर आपके पास बैंक से संबंधित कोई जरूरी काम पेंडिंग है तो उसे जल्दी निपटा लें, क्योंकि आने वाले जुलाई माह में बैंकों में कई दिन अवकाश रहने वाला है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के कैलेंडर के मुताबिक, जुलाई महीने में कुल 8 दिन बैंकों की छुट्टी रहेगी। जरूरी बात यह है कि यह छुट्टियां विभिन्न राज्यों और वहां के पर्व के मुताबिक अलग-अलग हो सकती हैं। क्योंकि आरबीआई द्वारा बैंक की छुट्टियों की सूची देशभर में मनाए जाने वाले त्योहार और राज्यों के हसिाब से तय की जाती हैं। आरबीआई की ओर से बैंक अवकाश की सूची को तीन




कैटेगरी में बांटा जाता है। बता दें कि नेशनल हॉलीडे के अलावा विभिन्न राज्यों में विशेष छुट्टियां भी होती हैं। इसमें महीने में आने वाले सभी संडे और मंथ का दूसरा और चौथा शनिवार शामिल रहता है। इस हिसाब से आने वाले जुलाई महीने में देश के अलग-अलग हिस्सों में करीब 14 दिन बैंकों में छुट्टियां रहने वाली हैं। बता दें कि आरबीआई द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक हॉलीडे की सूची जारी की जाती है। इस जानकारी के चलते ग्राहक अपने जरूरी काम छुट्टियों से पहले निपटाने का प्रयास करते हैं।

### जुलाई में इन दिनों बंद रहेंगे बैंक

1 जुलाई(2022)- कांग (रथजात्रा)/ रथ यात्रा (भुवनेश्वर, इम्फाल)
7 जुलाई(2022)- खारची पूजा (अगरतला)
9 जुलाई(2022)- ईद-उल-अधा (बकरीद) (कानपुर, तिरुवंतपुरम)
11 जुलाई(2022)- ईद-उल-अजहा (जम्मू, श्रीनगर)
13 जुलाई(2022)- भानु जयंति (गंगटोक)
14 जुलाई(2022)- बेह दीनखलाम (शिलॉन्ग)
16 जुलाई(2022)- हरेला (देहरादून)
26 जुलाई(2022)- केर पूजा (अगरतला)

इन दिनों में रहेगा साप्ताहिक अवकाश

3 जुलाई(2022)- रविवार
9 जुलाई(2022)- दूसरा शनिवार
10 जुलाई(2022)- रविवार
17 जुलाई(2022)- रविवार
23 जुलाई(2022)- चौथा शनिवार
24 जुलाई(2022)- रविवार
31 जुलाई(2022)- रविवार

### 30 जून या एक जुलाई को दस्तक दे सकता है मॉनसून

नई दिल्ली। दिल्ली में 30 जून या एक जुलाई को मॉनसून की पहली बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में दक्षिण पश्चिमी मॉनसून का आगमन आमतौर 27 जून तक होता है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर. के. जेनामनी ने कहा कि 30 जून को शहर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है, और बृहस्पतिवार या शुक्रवार को मॉनसून के आगमन की घोषणा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगले 24 घंटे में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और उत्तर प्रदेश में मॉनसून के बढ़ने की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पूर्वा हवाओं के चलने में वृद्धि हुयी है और आर्द्रता बढ़ी है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के बाकी हिस्सों तक मॉनसून के बढ़ने की स्थितियां बन रही हैं। जेनामनी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में उमस बढ़ी है हालांकि, तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के बीच कायम है।

# पात्र लाभार्थियों की पहचान करने के लिए सर्वे करेगा दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) स्लम और जेजे क्लस्टर पुनर्वास नीति के तहत पात्र लाभार्थियों की पहचान करने के लिए एक सर्वे करने जा रही है। इस सर्वे में कालेज के छात्रों को भी इंटर्न के रूप में शामिल किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने इसे लेकर डीयू और इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर छात्रों को जागरूक करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत झुग्गी-झोपड़ी कालोनी में रहने वालों के पुनर्वास का काम डूसिब को सौंपा गया है। इसके लिए पुनर्वास नीति-2015 के तहत पात्र लाभार्थियों की पहचान की जानी है। कर्मचारियों की कमी की वजह से छात्रों की मदद से सर्वे कराने का डूसिब ने निर्णय लिया है। प्रत्येक टीम का मार्गदर्शन डूसिब के कर्मचारी करेंगे। सर्वे का कार्य 25 जुलाई तक चलेगा। डूसिब ने इसके लिए स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों से आवेदन मांगे हैं। प्राप्त होने वाले आवेदन से पात्र 50 इंटर्न का




चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रति माह 15,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इंटर्नशिप पूरी होने के बाद एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सर्वे से पहले इंटर्न को दो दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। दिल्ली में 675 सूचीबद्ध और 82 गैर-सूचीबद्ध झुग्गी कालोनियां हैं, जो दिल्ली विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के स्वामित्व वाली भूमि पर बनी हैं। महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की योजना अधर में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की योजना अब अधर में है क्योंकि लोक निर्माण विभाग को वन विभाग से हरी झंडी नहीं मिली है। दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी स्ट्रीटस्केच्पग परियोजना के हिस्से के रूप में नेल्सन मंडेला सड़क के 500 मीटर की दूरी और लगभग एक किलोमीटर सड़क पर फुटपाथ को नया रूप दिया जा रहा है। मध्य में महात्मा गांधी की 40 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की भी योजना थी। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी की एक प्रतिमा स्थापित करने की योजना थी, लेकिन हमें इस मामले में वन विभाग से हरी झंडी नहीं मिली है क्योंकि इसमें एक ऐसा क्षेत्र शामिल है जहां पेड़ हैं। 19.16 करोड़ रुपये की लागत से विकसित मुनिरका के कुछ हिस्सों को जोड़ने वाली और वसंत कुंज और दक्षिणी दिल्ली के अन्य हिस्सों की ओर जाने वाली चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक इन सड़कों के सुंदरीकरण में हरियाली प्रमुख हिस्सा है, जिसके तहत विभिन्न प्रकार के विदेशी पौधे लगाए जाएंगे। चयनित खंड नेल्सन मंडेला सड़क पर स्थित एंबिएंस माल के सामने है।

# डीयू के कुलपति प्रोफेसर काले कमेटी की रिपोर्ट लागू करवाएं

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) एससी एसटी ओबीसी टीचर्स फोरम ने वाइस चांसलर से शिक्षकों की स्थायी नियुक्तियों से पूर्व रोस्टर, काले कमेटी की रिपोर्ट, 10 फीसदी अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करते हुए व विज्ञापनों की सही से जांच कराने के लिए एक पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेटी बनाने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि कमेटी में वरिष्ठ प्रोफेसर्स, पूर्व विद्वत परिषद सदस्य के अलावा रोस्टर की जानकारी रखने वालों को रखा जाए और यह कमेटी अपनी रिपोर्ट एक महीने के अंदर दे। शिक्षकों ने वाइस चांसलर से कहा है कि सही रोस्टर के बाद ही कॉलेजों के विज्ञापन निकालकर शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की जाए। साथ ही उनका कहना है कि य पांच सदस्यीय कमेटी बनाने, रोस्टर की सही जांच व प्रोफेसर काले कमेटी को लागू कराने की मांग के अलावा हाल ही में 10 फीसदी अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करते हुए सभी वर्गों के शिक्षकों को नियुक्तियों में प्रतिनिधित्व दिया जाए। दिल्ली यूनिवर्सिटी एससी एसटी ओबीसी टीचर्स फोरम के महासचिव व पूर्व विद्वत परिषद सदस्य डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि हाल ही में आ रहे स्थायी शिक्षकों की नियुक्तियों के विज्ञापनों में अनेक प्रकार की विसंगतियां है।

# दिल्ली हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस ने ली शपथ

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा दिल्ली हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश बनाए गए हैं। उन्हें मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शपथ दिलाई है। यह शपथ समारोह उपराज्यपाल के सचिवालय राज निवास में आयोजित किया गया।

बता दें कि इससे पहले न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ल्लेखनीय है कि देश के 6 हाई कोर्ट को रविवार को उनका मुख्य न्यायाधीश मिला। इनमें 5 न्यायाधीशों को प्रमोट कर मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है, वहीं तेलंगाना हाई कोर्ट के



मुख्य न्यायाधीश रहे सतीश चंद्र शर्मा को स्थानांतरित कर दिल्ली हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राज्य के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन और विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य लोगों के अलावा मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त और दिल्ली सरकार व न्यायपालिका के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इससे पहले सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने एक मामले में पति द्वारा भेजे गए तलाक-ए-हसन के नोटिस को शून्य और असंवैधानिक घोषित करने की मांग को लेकर एक मुस्लिम महिला द्वारा दायर याचिका पर जवाब मांगा था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने महिला के पति, पुलिस आयुक्त और डाबरी पुलिस स्टेशन के एसएचओ को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई 18 अगस्त तक के लिए स्थगित की है। इस मामले में महिला ने अपनी याचिका में पति द्वारा दो जून को भेजा गया तलाक-ए-हसन का नोटिस असंवैधानिक, मनमाना, तर्कहीन घोषित करने की मांग की है। महिला का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21 और 25 व संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के मानव नागरिक अधिकारों के प्रविधान के खिलाफ है।

### ईएमसी समन्वयकों के लिए प्रशिक्षण शुरू

नई दिल्ली। एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम (ईएमसी) को लेकर ईएमसी समन्वयकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हो गया। कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं कक्षा के छात्रों में उद्यमी मानसिकता विकसित करने के लिए इस पाठ्यक्रम को तैयार किया गया है। इसको लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद इस संबंध में परिपत्र जारी कर चुका है। वहीं प्रशिक्षण को लेकर दो स्थानों को बदला गया है। अब मोती बाग स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय और साकेत के ब्लॉक जे में सर्वोदय बाल विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

**शुरूआत** भाजपा को पर्यावरण बिगड़ने की चिंता है इसलिए पौधे लगाए जा रहे हैं-आदेश गुप्ता

# केजरीवाल की लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना रवैया से दिल्ली प्रदूषित हो रही है-आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के अंदर इस वक्त पर्यावरण का संकट है और केजरीवाल सरकार द्वारा 6 लाख वृक्षों को लगाने का वायदा किया था जो आज तक पूरा नहीं किया गया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पखवाड़े के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम में आज प्रदेश कार्यालय से पौधों की गाड़ियों को जिलों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को हरा-भरा बनाने के लिए भाजपा ने जो संकल्प लिया है, उसके तहत बूथ स्तर तक 2 लाख वृक्ष लगाने का काम किया जाएगा। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 6 जुलाई तक बूथ स्तर पर 2 लाख पौधे लगाएंगे और साथ में उनकी देखरेख करेंगे। पर्यावरण बिगड़ने की चिंता भाजपा को है और इसका समाधान सिर्फ पौधे लगाना है। इसलिए भाजपा पर्यावरण बचाने के लिए, दिल्ली को हरा-





भरा बनाने के लिए वृक्ष लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13820 बूथों पर यह कार्यक्रम चलेगा। बूथ स्तर पर पार्क हो, योग केंद्र हो, खुले स्थान हो, स्टेडियम हो, व्यायामशाला हो, ऐसी जगहों को चिन्हित कर वहां पौधे लगाए जाएंगे। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि राजनीति के साथ-साथ भाजपा के कार्यकर्ता समाजिक सरोकार भी रखते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ग्लोबल सब्मीट में जाकर क्लाइमेट चेंज पर जो सुक्षाव देते हैं वह सिर्फ सुना ही नहीं जाता बल्कि दूसरे देशों द्वारा उसपर अमल भी किया जाता है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने भाजपा के सभी जिला अध्यक्षों सहित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता का अभियान है इसलिए इसमें सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण है। इस अभियान को सार्थक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो आज तत्परता दिखाई है, वह आगे 6 जुलाई तक भी रहेगी, ऐसी उम्मीद करता हूं। डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि भाजपा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र के साथ हम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पखवाड़े के रुप में मना रही है। प्रदूषित होती दिल्ली के लिए केजरीवाल सरकार कुछ नहीं कर रही है, लेकिन भाजपा का यह प्रयास है कि पौधे लगाकर प्रदूषण को खत्म करने में अपना योगदान दें। उन्होंने मंडल स्तर पर कार्यकताओं से आवाहन किया कि प्रदेश से मिले पौधों के अलावा आप अपनी ओर से भी एक-एक पौधा लगाए ताकि इस पुनित कार्य में आपकी सहभागिता सार्थक कर सके। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुनील यादव एवं श्रीमती बरखा सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमती योगिता सिंह, प्रदेश मंत्री श्रीमती नीलम धीमान, कार्यक्रम के सह-प्रमुख श्री रवि नेगी, कार्यालय मंत्री श्री हुकम सिंह, सभी जिलों के अध्यक्ष सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली के इलाकों में आ रहा दूषित पानी पीना तो दूर बर्तन भी नहीं धो सकते

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

भीषण गर्मी के बीच देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में जहां पानी की किल्लत बरकार है, तो वहीं कुछ इलाकों में प्रदूषित पेयजल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पूर्वी दिल्ली के सबोली गांव और आराम पार्क समेत कई इलाकों में पिछले कई दिनों से दूषित व बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। इस समस्या के चलते लोग काफी परेशान हैं। लोगों को मजबूरन पीने के लिए पानी बाहर से खरीदना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से दूषित और बदबूदार पानी आपूर्ति हो रही है। यह पानी पीने योग्य तो दूर घरेलू काम के लिए भी उपयोग नहीं किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि घरों में आ रहा पानी पीने लायक तो दूर बर्तन धोने लायक भी नहीं है। दयालपुर, आरडब्ल्यूए एलआइजी फ्लैट्स शाहदरा, आराम पार्क, रामनगर और मयूर विहार इलाके के कई इलाकों में भी पानी की किल्लत



है। घरों में आने वाला पानी इस कदर गंदा है उससे खाना बनाना तो दूर बर्तन तक नहीं धोया जा सकता है। सबोली गांव आरडब्ल्यूए अध्यक्ष जगदीश चौधरी ने कहा कि पिछले पांच छह वर्षों से सप्ताह में केवल मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को ही पानी आता है। इसके बाद भी उन्हें साफ पानी नहीं मिल रहा है। कभी-कभी तो पानी इतना गंदा आता है कि घर में काफी देर तक बदबू रहती है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जल बोर्ड के अधिकारी भी आए थे उनके सामने भी पानी काफी गंदा आ रहा था। वह सैंपल भी लेकर गए हैं और इससे पहले भी वह कई बार सैंपल ले जा चुके हैं, लेकिन हमेशा आश्वासन ही देते रहते हैं। कभी इस समस्या का संज्ञान नहीं लेते हैं। उधर, सुरेंद्र चौधरी (स्थानीय विधायक) का कहना है किऐसी कोई शिकायत हमें नहीं मिली है। अगर कोई समस्या है तो लोग आकर मिलें। इस समस्या का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। वहीं आराम पार्क (गीता कॉलोनी) में रहने वाले लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि सप्लाई का पानी ऐसा आ रहा मानो सीवर का पानी जिससे वह रसोईघर में प्रयोग नहीं कर सकते न ही कपड़े धो सकते हैं। मोहल्लें के लोगों ने कई बार एमएलए को शिकायत की लेकिन कोई भी कदम नहीं उठाया गया। पानी के किल्लत से लोग काफी परेशान हैं और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान चाहते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कृष्ण गोपाल रोहिल्ला चुने गए हाउसिंग बोर्ड कालोनी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष



गुरुग्राम। झाडसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के चुनाव निर्वाचन अधिकारी प्रवीण अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। कृष्ण गोपाल रोहिल्ला अध्यक्ष, संजय भारद्वाज उपाध्यक्ष, विपुल अग्रवाल महासचिव, सुनीता शर्मा संयुक्त सचिव, रवि कपूर कोषाध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर क्षेत्रवासी सुमित रोहिल्ला, रवनीत खुराना, कर्नल आरसी शर्मा, सुदेश शर्मा, प्रह्लाद सिंह यादव, विशाल कौशिक, लाज रोहिल्ला, राजबाला मित्तल, सविता गंभीर, गुंजन, सजल डबास, अंकित मित्तल, रणसिंह, पार्वती तनेजा, संतोष, तारा शर्मा आदि भी मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी प्रवीण अग्रवाल ने शांतिपूर्वक चुनाव कराने में सहयोग देने के लिए कालोनीवासियों के प्रयासों की सराहना भी की।

# केंद्रीय मंत्री रुपाला ने सूखे गोबर से ले बनाने वाली मशीन का किया लोकार्पण

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

भारत सरकार के मत्स्य एवं पशुपालन व डेयरी विभाग के कैबिनेट मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि महानगरों की आधुनिकता से भरी असंतुलित जीवन शैली को यदि पटरी पर लाना है, तो हमें प्रत्येक महानगर के बाहरी इलाके में काऊ हॉस्टल की स्थापना करनी होगी। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने गौ पालन के विषय पर बल देते हुए कहा कि हमें इसके लिए पुराने तरीकों को छोडकर वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि गोवर्धन से आत्मनिर्भर बना भारत बनाने की संभावनाएं बढ़ रही है। गाय के दूध और गोबर के महत्व को जानने की कोशिश करें। यदि शरीर में इम्यूनिटी पावर बढ़ानी है तो गाय के दूध भी और गोमूत्र का प्रयोग करें। उन्होंने



अहमदाबाद की बंशीधर गौशाला का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पर 200 रुपये किलो गाय का दूध पीता है और 4000 रुपये किलो गाय का घी बिकता है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि ब्राजील की अर्थव्यवस्था गाय पर आधारित है। वहां गाय को जेबू कहते हैं। हमारी गिर नस्ल की गाय को वहां सर्वोपरि गाय माना गया है। ऋषि मुनियों की जानकारी के अनुसार भारत देश पहले गौ अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। गाए आज जमीनी स्तर पर दुनिया के अर्थ तंत्र का केंद्र बिंदु बनने जा रही है। केंद्रीय मंत्री रुपाला ने कहा कि इससे गौशालाओं को हर महीने 1.5 लाख से लेकर 1.7 लाख किलोग्राम गोबर का निस्तारण करने में मदद मिलेगी। गोबर आधारित ले बनाने वाली यह मशीन गौशालाओं को अपने कचरे के निस्तारण की समस्या को दूर करने में सहायक होगी और जिस स्थान पर इस मशीन को लगाया जाएगा, वहां रहने वाले और आसपास के गांव के निवासियों के लिए यह रोजगार का एक अतिरिक्त स्त्रोत तो बनेगी ही और इसके साथ दूध देना बंद कर चुकी गायों को भी इस तरह की मशीनों से आर्थिक गतिविधि में शामिल किया जा सकेगा। गौशाला में रहने वाली सभी गायों की देखभाल के लिए धन पैदा किया जा सकेगा। केन्द्रीय मत्स्य एवं पशुपालन व डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने नीमका गौशाला में जाकर गौशाला कार्यविधि का जायजा भी लिया।

**संबोधन**

- नई तकनीक किसानों की आय दोगुनी करने में मददगार साबित होगी : पुरुषोत्तम रुपाला

केंद्रीय मंत्री ने संस्थान के परिसर में खाद्य पदार्थ सामग्री से बनी चीजों के बारे में जानकारी ली। केन्द्रीय मंत्री ने दौरे के दौरान 5 से अधिक खाद्य मशीन के प्रकार का प्रदर्शन किया। साथ ही कई जल-कृषि साधनों का प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न प्रकार के मशीन द्वारा बनी अगरबत्ती, दिया,गोबर से बनी लकडियों, चारा निरूपण यंत्र तथा उपचारात्मक यंत्र की भूरी भूरी प्रशंसा भी की। आईआईटी के छात्र आशीष ने केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला को सूखे गोबर से ले (लॉग) बनाने वाली एक गो काष्ठ मशीन सौंपी। इसका मकसद भारत में दाह संस्कार की हिंदू प्रथा के तहत लकडियों के स्थान पर गाय के गोबर से बनी लकडियों का इस्तेमाल करना है जो जलने पर ज्यादा उत्सर्जन नहीं करती हैं।

# प्रदेश सरकार ने प्रबंधन को प्रतिष्ठान से श्रमिकों को निकालने की दी अनुमित

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

मुंजाल शोवा के श्रमिक प्रतिनिधियों ने मंगलवार को श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार की अध्यक्षता में उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा है जिसमें मुंजाल शोवा के श्रमिकों ने उपायुक्त से कहा है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं निकलता है तो वे सभी परिवार सहित महामहिम राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे।

कामरेड अनिल पंवार व श्रमिक प्रतिनिधियों सुरेंद्र कुमार, राजेश, श्यामलाल, विजय गुलाटी आदि का कहना है कि पिछले 25-30 वर्षों से कार्यरत श्रमिकों को कंपनी संचालक विभिन्न बहाने बनाकर नौकरी से निकालते आ रहे हैं। प्रतिष्ठान से श्रमिकों को निकालने के मामले को लेकर श्रम विभाग में प्रबंधन द्वारा चुनौती दी गई थी, जिसे इस वर्ष फरवरी माह में श्रम विभाग द्वारा नामंजूर कर दिया गया था। प्रबंधन ने इस मामले को दोबारा श्रम विभाग में उठाया। जिस पर इस बार श्रम विभाग ने प्रबंधन के आग्रह को मान लिया है। इस निर्णय



- जिला महासचिव की अध्यक्षता में उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

से श्रमिकों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि प्रबंधन पुराने श्रमिकों को किसी न किसी तरीके से नौकरी से निकालने पर आमादा है। उनका कहना है कि यदि प्रबंधन ने पुराने श्रमिकों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया तो श्रमिकों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो जाएगी। वे अपने परिवार का कैसे पालन-पोषण करेंगे। बढ़ती उम्र के चलते उन्हें कौन रोजगार देगा। श्रमिक नेताओं का कहना है कि एक ओर तो सरकार रोजगार दिलाने की बात कर रही है, वहीं प्रतिष्ठानों की मांग को सरकार स्वीकार कर रही है कि प्रबंधन अपने हिसाब से श्रमिकों को नौकरी से निकाल दें। इस प्रकार तो बेरोजगारी और बढ़ेगी\ ही। श्रमिक प्रतिनिधियों का कहना है कि जब उनका रोजगार ही नहीं बचेगा तो वे जीकर क्या करेंगे। इसलिए सभी श्रमिक अपने परिवार सहित महामहिम राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की मांग करेंगे। उधर अनिल पंवार का कहना है कि सरकार अपने गलत फैसले को तुरंत वापिस ले, अन्यथा सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा और इस सबकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार व प्रबंधन की ही होगी।

# अतर सिंह संधू बने फरीदाबाद जिला किसान मोर्चा का प्रभारी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अतर सिंह संधू को फरीदाबाद जिला किसान मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांढी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश हाईकमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे तथा किसान मोर्चा की नीतियों व प्रदेश सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। किसान मोर्चा को अधिक मजबूत बनाने के लिए भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें देश व प्रदेश के हित में कार्य कर रही हैं। जिस प्रकार से विकास किया जा रहा है, इससे पूर्व किसी अन्य सरकारों ने कभी नहीं कराया।

आज भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंच



**आभार**

- किसान मोर्चा की नीतियों व प्रदेश सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे: संधू

रहा है। हर वर्ग योजनाओं का लाभ उठा रहा है। प्रदेश का किसान वर्ग भी खुश है। व्यापारियों के हितों की रक्षा की जा रही है। आमजन को रोजगार, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# ऑटो मार्केट की होगी सफाई, गौशाला के पास गंदगी में नहीं होगी आगजनी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

ऑटो माकेट में पड़ी गंदगी की सफाई और कामधेनू गौशाला के पास गंदगी में आग लगाने की शिकायतों को पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस बाबत नगर निगम के मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप से मुलाकात करके इन दोनों स्थानों पर व्यवस्था बनाने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी संदीप शर्मा भी मौजूद रहे। नवीन गोयल ने मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप को जानकारी दी कि ऑटो मार्केट में लोगों द्वारा गंदगी डाल दी जाती है।

ऑटो मार्केट के आसपास मनोहर नगर, बलदेव नगर, अमर कालोनी, फिरोज गांधी कालोनी आदि क्षेत्र हैं। गंदगी के कारण इन कालोनियों के लोगों को काफी परेशानी होती है। वहां पर गंदगी सेबीमारियां भी पनप रही हैं। इससे पहले भी यहां सफाई करवाई गई थी। अब फिर से लोग



**मुलाकात**

- भाजपा नेता नवीन गोयल ने निगम के मुख्य सफाई अधिकारी से की मुलाकात

यहां रात के अंधेरे में गंदगी डाल जाते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाए। वहां की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए। कामधेनू गौशाला के पास गंदगी में आग लगाने की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए गोयल ने कहा कि आग से कभी कोई बड़ी घटना भी घट सकती है। लोगों का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

इसलिए वहां पर पड़ी गंदगी में आग लगाने से रोका जाए। मुख्य सफाई अधिकारी जयदीप से उन्होंने आग्रह किया है कि इन दोनों कार्यों को जल्द से जल्द कराएं, ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिना देरी के ये काम पूरे होंगे।

# सिंगर सत्यम उपाध्याय को आर्यन फिल्म प्रोडक्शन से मिला आमंत्रण

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के युवक एवं युवतियां विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन होकर प्रदेश का नाम देश में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी रोशन कर रहे हैं। फिल्म व संगीत के क्षेत्र में भी हरियाणा के युवाओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर व फिल्म निर्माण कर अपनी कला का लोहा मनवाया है।

इसी क्रम में गुडगांव के उभरते कलाकार सत्यम उपाध्याय जिन्हें विश्व यंगेस्ट सिंगर का खिताब भी मिला हुआ है, अब उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए आर्यन फिल्म प्रोडक्शन ने मुंबई आने का आमंत्रण दिया है। जहां सत्यम को अटल सम्मान 2022 से सम्मानित किया जाएगा। सत्यम को संगीत क्षेत्र की बारीकियां समझाने वाली उनकी मां सविता उपाध्याय जो स्वयं उनकी गुरु भी हैं ने बताया कि सत्यम मुबई में संगीत निर्देशक दिलीप



- मुंबई में अटल सम्मान 2022 से किया जाएगा सम्मानित

सेन एवं बालीवुड लेखक लता हया के साथ मिलकर कई एलबमों में कार्य भी करेंगे। 27 जून उनके जन्मदिन पर आर्यन फिल्म प्रोडक्शन द्वारा उन्हें अटल सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। शून्य से शिखर तक कार्यक्रम में टाइटल सॉन्ग भी सत्यम द्वारा गाया जाएगा। आर्यन फिल्म प्रोडक्शन के आर्यन मिश्रा का कहना है कि इतनी अल्पायु में अनेक सम्मानों से सत्यम को सम्मानित किया गया है, यह बड़े ही गौरव की बात है और यह उनकी संगीत के प्रति साधना व तपस्या को दशार्ता है।

## प्रदेश सरकार होबपास सॉफ्टवेयर को शीघ्र कराए ठीक : दीवान दुरेजा

**गुरुग्राम।** भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र बनाने के लिए प्रयोग किए जाने वाला होबपास सॉफ्टेवयर सही ढंग से काम न करने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नक्शानवीस दीवान दुरेजा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल को पत्र लिखकर बताया कि विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पहले भी पंजाब केसरी समाचार पत्र में समाचार छपने के बाद सॉफ्टवेयर को ठीक कराया गया था। अब पिछले 3 माह से यह सॉफ्टवेयर खराब पड़ा है। लोगों के भवन मानचित्र सबमिट नहीं हो रहे हैं। यदि कोई सबमिट हो जाता है तो उसे सेंक्शन लेटर नहीं आ रहे हैं। लोगों के ऋण रुक गए हैं। सरकार को जहां करोड़ों रुपए की वित्तीय हानि हो रही है, वहीं दूसरी ओर जनता में भी प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष पनप जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि टीसीपी के डायरेक्टर को आदेश दिया जाए कि होब्पास सॉफ्टवेयर की पैमेंट कराएं ताकि सॉफटवेयर चालू हो सके।

# महाराजा दक्ष प्रजापति चौक अनावरण कार्यक्रम को लेकर प्रजापति समाज की बैठक आयोजित

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी 10 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति चौक का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। प्रजापति सुधार समिति व समस्त प्रजापति समाज इस कार्यक्रम को भव्य रुप देने के लिए तैयारियों में जुटा है। इसको लेकर समाज के वरिष्ठ सहयोगी व पूर्व पार्षद धर्मवीर बाघोरिया के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई।

बाघोरिया ने बताया कि शहर के पटौदी चौक का नाम अब बदलकर महाराजा दक्ष प्रजापति चौक रखा गया है। नगर निगम ने भी इसकी स्वीकृति दे दी है। शहर के 2 दर्जन से अधिक चौक-चौराहों के नाम बदलने की कार्यवाही भी नगर निगम की बैठक में अमल में लाई गई थी। बाघोरिया ने बताया कि मंडलायुक्त,



**बैठक**

- बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की गई विस्तृत चर्चा

उपायुक्त, निगमायुक्त, पुलिस आयुक्त, नगर निगम की मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व मेयर तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत रुप से संस्था के सदस्यों ने आमंत्रण दिया है। उनका कहना है कि गुडगांव से ही नहीं, अपितु इस भव्य कार्यक्रम में पटौदी, सोहना, बादशाहपुर, फरुखनगर, झज्जर, रेवाड़ी, रोहतक, भिवानी आदि जगहों से भी बड़ी संख्या में लोग शिरकत करने के लिए आएंगे। बैठक में समाज के इंदर सिंह आर्य, सुरेश कुमार, अशोक खंडोदिया, किरणपाल सिंह, उम्मेद सिंह, महेंद्र सिंह, दलीप कुमार, डा. अमर सिंह, प्रवेश कुमार, महावीर परमार, दिसम्बर दयाल, रमेश कुमार आदि शामिल रहे।

# युवाओं के हित में है सरकार की अग्निपथ योजना : दलीप लूथरा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता दलीप लूथरा ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना न केवल युवाओं के हित में है, बल्कि देश की सुरक्षा को मजबूती देने का भी काम करेगी। युवा वर्ग विपक्षी दलों के बहकावे में न आएं। सरकार ने अग्निपथ योजना से सेवानिवृत होने के बाद अन्य विभागों में नौकरी देने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत चयनित युवाओं को 4 वर्ष नौकरी करने के बाद आगे नौकरी करने का रास्ता खुल जाएगा। इतना ही नहीं सेवानिवृति के बाद एकमुश्त धनराशि भी मिलेगी, जो परिवार की जीविका चलाने में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



- अग्निपथ योजना के चयनित युवाओं को 4 वर्ष नौकरी करने के बाद आगे नौकरी करने का रास्ता खुल जाएगा

की अगुवाई में देश मजबूत और सुरक्षित है। विपक्षी दलों को उनकी लोकप्रियता व उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्य पच नहीं पा रहे हैं, ऐसे में विपक्षी दल उनकी हर योजना का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षियों को पास मुद्दे नहीं है, लेकिन वे युवाओं को बहकाकर देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करवा रहे हैं। युवाओं को किसी के बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर वर्ग का ध्यान पूरी तन्मयता के साथ रख रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश व प्रदेश के हित में कार्य कर रही हैं। जिस प्रकार से विकास किया जा रहा है, इससे पूर्व किसी अन्य सरकारों ने कभी नहीं कराया। आज भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंच रहा है। हर वर्ग योजनाओं का लाभ उठा रहा है। प्रदेश का किसान वर्ग भी खुश है। व्यापारियों के हितों की रक्षा की जा रही है। आमजन को रोजगार, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# हैंड राईटिंग सुधार वर्कशॉप आयोजित 150 से अधिक छात्रों ने लिया भाग



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

राकेट स्टडी जीनियर एकेडमी द्वारा जिले के गांव पहाड़ी स्थित राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल परिसर में 5 दिवसीय हैंड राईटिंग सुधार वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में निकटतर्वीय निजी व सरकारी स्कूलों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

एकेडमी के प्रबंधक रवि यादव व उनकी टीम ने बच्चों की लिखावट सुधारने में पुरजोर मेहनत की और बच्चों की लिखावट में सुधार भी हुआ है। उन्होंने व एकेडमी की सुनीता ने बताया कि एकेडमी सैनिक स्कूल, नवोदय व गुरुकुल में भी कोचिंग का आयोजन करती रही है और कोचिंग के साथ-साथ फ्री स्किल डवलपमेंट ट्रैनिंग भी कराते हैं। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान प्रवीण कौशिक, अनिल कुमार, भारत यादव, सूबेदार रामपाल, सूबे सिंह, भुरु सहित अन्य ग्रामीणों का भी इस आयोजन में बड़ा सहयोग रहा। वर्कशॉप में शामिल सभी छात्रों को प्रमाण पत्र आदि भी वितरित किए गए।

## 3 दिवसीय व्यास पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 5 से

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



धार्मिक संस्था श्रीगीता साधना सेवा समिति द्वारा ज्योति पार्क क्षेत्र स्थित श्री गीता आश्रम में आगामी 5 जुलाई से 3 दिवसीय व्यास पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गीताज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। समिति के प्रबंधक राजेश गाबा ने बताया कि 5 जुलाई की प्रातः पादूका एवं व्यास पूजन और सायं भजन व दिव्य सत्संग का आयोजन भी होगा। गीता ज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज व्यास पूर्णिमा से संबंधित प्रवचन भी देंगे। आयोजन की सभी तैयारियां जोरोशोरों से चल रही हैं। इस कार्यक्रम में गुडगांव से ही नहीं, अपितु निकटवर्ती प्रदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

# मॉनसून में पेड़ लगाने को सहयोग करें आरडब्ल्यूए, एनजीओ : नवीन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

एक बार फिर से हरियाणा में हरियाली बिखेरने को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा ने तैयारी शुरू कर दी है। व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाकर प्रदेश में अशुद्ध हवा को शुद्ध करने के लिए इस बार आरडब्ल्यूए व आम नागरिकों के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

विभाग प्रमुख नवीन गोयल का कहना है कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में उन्होंने पर्यावरण में सुधार के लिए 719 आरडब्ल्यूए, 234 एनजीओ को पत्र भी लिखा है, ताकि पौधे लगाने के साथ उनकी लंबे समय तक देखरेख भी की जा सके। आरडब्ल्यूए को भेजे गए पत्र में नवीन गोयल ने कहा है कि हमारा पर्यावरण लगातार दूषित होता जा रहा है। यह बड़ी चिंता का



- नवीन गोयल ने 719 आरडब्ल्यूए व 234 एनजीओ को पत्र लिखकर पौधे उपलब्ध कराने की कही बात

विषय है। जल्द ही मॉनसून आने वाला है। इस दौरान हम सब मिलकर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अपने गुरुग्राम सहित पूरे प्रदेश में हरियाली करें। जितने भी पेड़-पौधे चाहिए, पर्यावरण संरक्षण विभाग उपलब्ध कराएगा। इस बार के मॉनसून में कोई क्षेत्र बिना पेड़-पौधों के नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना है कि इन्हीं से हमारा जीवन है। प्रदेश की आबो-हवा स्वच्छ बने, यही हमारा ध्येय है। इसी को लेकर हमें बड़े स्तर पर पौधारोपण करना बहुत जरूरी है, ताकि आने वाली पीढियों को स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण मिल सके।

सभी कालोनियों, सेक्टर्स, सोसायटी वासियों से श्री गोयल आग्रह किया है कि वे बच्चे, बड़े, महिलाएं, बुजुर्ग सब मिलकर अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाएं। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इस महोत्सव को मनाएं। उन्होंने कहा कि इस काम को हमें धर्म समझकर करना होगा। अपने आसपास हमारे द्वारा लगाए गए पेड़ सिर्फ हमारे ही नहीं हमारी आने वाली पीढियों के लिए भी जीवनदायक होंगे। अगर आज हम नहीं चेते तो आने वाला समय और भी भयानक होगा।

## फेयर मीटर लगाने की की समय सीमा में छूट की मांग की हरियाणा ऑटों चालक संघ ने



**गुरुग्राम।** हरियाणा ऑटों चालक संघ सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ द्वारा उपायुक्त एवं आरटीओ को सुझाव पत्र सौंपा गया। संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश शर्मा ने बताया कि गुरूग्राम में सीएनजी का रेट पूरे देश में लगभग सबसे ज्यादा है और गुरूग्राम में सबसे कम रेट प्रदेश सरकार ने तय किया हुआ है। जब फेयर मीटर का रेट तय हुआ था उस समय सीएनजी का रेट लगभग 40 के आस पास था। जो आज 80 रूपए को पार कर चुका है। उन्होंने बताया कि सुझाव पत्र में फेयर मीटर का किराया 8 रूपए से 15 रुपए प्रति किलोमीटर व डाउन मीटर को 30 रूपए करने के साथ साथ ऑटो में फेयर मीटर लगवाने की 30 जून की समय सीमा को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया है। अभी भी काफी ऑटो है जिन पर फेयर मीटर लगने बाकी हैं।

# रोटरी क्लब में हेल्थ स्किल सेंटर का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कादीपुर स्थित रोटरी क्लब के ब्लड बैंक कार्यालय में हेल्थ स्किल केंद्र का उद्धघाटन उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को किया। स्किल केंद्र में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में फ्लोबोटोमिस्ट व टेकनीशियन का कोर्स कर रहे 120 छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के लिए रोटरी क्लब का कार्य सराहनीय है।

रोटरी क्लब द्वारा ब्लड बैंक के माध्यम से किया जा रहा सेवा कार्य निश्चित रूप से उत्कृष्ट सेवा का श्रेष्ट उदाहरण है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर उनके भागीदार बने, जिससे क्लब द्वारा जरूरतमंदों को दी जा रही सेवाओं



को बरकरार रखा जा सके। उन्होंने डायलिसिस केंद्र, थेलेसीमिया केंद्र, ब्लड डोनेशन केंद्र सहित क्लब में ब्लड सैंपल्स व प्लाज्मा सैंपल्स को संरक्षित करने के लिए बनाई गई लैब का भी निरीक्षण किया।

क्लब के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि क्लब में स्थापित हेल्थ स्किल सेंटर में प्रत्येक वर्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के फ्लेबोटोमिस्ट के 90 व लैब तकनीशियन के 30 विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रैनिंग प्रक्रिया के तहत कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि यूनिवर्सिटी में कोर्स की अवधि पूर्ण होने पर वे सीधे किसी भी संस्थान में रोजगार प्राप्त कर सकें। असिस्टेंट गवर्नर रविन्द्र जैन ने कहा कि भविष्य में क्लब के विस्तार के लिए नए भवन की आवश्यकता है।

अगर संभव हो तो जिला प्रशासन किसी स्कूल अथवा कॉलेज में कुछ कमरे क्लब को उपलब्ध करवा दे उसका जीर्णोद्धार क्लब स्वयं करा लेगा। इस अवसर पर मुनीश खुल्लर, सुभाष वर्मा, बीडी पाहुजा, डॉ सुनील तनेजा, गजेंद्र कुमार गुप्ता, नवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# चीन-पाक की चाल

पाकिस्तान अपने बढ़ते कर्ज का भुगतान करने के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र (पीओके) गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) को चीन को लीज पर देने की तैयारी कर रहा है। गिलगित-बाल्टिस्तान वह भूभाग है, जिस पर चीन की काफी समय से नजर है। पाकिस्तान जिस गिलगित-बाल्टिस्तान को अवैध रूप से अपने कब्जे में कर रहा है, वह चीन के दक्षिण एशियाई विस्तार के लिए वरदान होगा। अगर पाकिस्तान चीन को गिलगित-बाल्टिस्तान सौंप देता है तो उसे इसके लिए चीन की तरफ से मोटी रकम मिल सकती है जो उसके मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने में मदद कर सकती है। लेकिन यह कदम उसे भारी भी पड़ सकता है क्योंकि अमेरिका कभी भी नहीं चाहेगा कि चीन का प्रभाव किसी भी तरह से बढ़े। अमेरिका भविष्य में आईएमएफ, विश्व बैंक और अन्य वैश्विक एजेंसियों से धन प्राप्त करने से निकट भविष्य के लिए पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट भी कर सकता है। चीनी नेता पाकिस्तान की सरकारों को तब से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पाकिस्तानी राज्य बनाने की सलाह देते रहे हैं, जब से चीन ने पाक के रास्ते अरब सागर तक अपनी पहुंच बनाने के लिए अपने कब्जे वाले शिनजियांग प्रांत (ईस्ट-तुर्किस्तान) से लेकर पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर तक सड़क बनाने और वहां अपना नौसैनिक अड्डा बनाने का ह्यसीपैकइ प्रोजेक्ट शुरू किया है। शुरू में 25 अरब डॉलर की लागत वाले इस प्रोजेक्ट को चीन ने बढ़ाते-बढ़ाते 60 अरब डॉलर का कर लिया है। इसका एक बड़ा हिस्सा भारत के साथ विवाद वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान और पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के इलाकों से गुजरता है। चीन को वहां भारत की ओर से कानूनी अड़चनों और सैनिक कार्रवाई की आशंका बनी रहती है। चीन चाहता है कि अगर पाकिस्तान इन इलाकों को कानूनी तौर पर अपने प्रांत घोषित कर देता है तो वह सीपैक और दूसरी कई रियायतों के लिए पाकिस्तान सरकार के साथ कानूनी संधि कर सकेगा। तब भारतीय विरोध केवल सैनिक चरित्र वाला रह जाएगा। भारत की सैनिक कार्रवाई की स्थिति में चीन को पाकिस्तान की मदद से भारत के खिलाफ दोहरे मोर्चे खोलने का बहाना मिल जाएगा। सीपैक प्रोजेक्ट की पूंजी और उस पर ब्याज के दबाव से पाक को राहत देने के लिए चीन पूरे गिलगिट-बाल्टिस्तान को 99 साल के लिए लीज पर लेने की फिराक में है। गिलगिट-बाल्टिस्तान को लेकर चीन की और भी चिंताएं हैं। लद्दाख में जिस गलवन घाटी पर अचानक हमला करके चीनी सेना ने कब्जे का प्रयास किया था, वह चीन के काराकोरम हाइवे की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह सड़क भारतीय क्षेत्र अक्साई चिन और पाकिस्तान से गिफ्ट के तौर पर मिले शक्सगाम के माध्यम से गिलगिट-बालटिस्तान के रास्ते नए सीपैक मार्ग को जोड़ती है। इस हमले का एक और चीनी लक्ष्य भारत के सियाचिन ग्लेशियर पर भी कब्जा जमाना था, जिससे अक्साई चिन और गिलगिट-बाल्टिस्तान के बीच भारतीय सेना की उपस्थिति खत्म हो जाए और चीनी सेना को गिलगिट-बाल्टिस्तान तक भारत की चुनौती से लगभग पूरी मुक्ति मिल जाए। इसके अलावा चीन की आंतरिक सुरक्षा और शिनजियांग पर अपना औपनिवेशिक कब्जा बनाए रखने के लिए भी गिलगिट-बाल्टिस्तान का चीन के लिए बहुत महत्व है।

# महिला अधिकारों के प्रति भारत दिखा रहा आगे की राह

**व्यावसायिक सरोगेसी पर रोक और शादी के लिए पुरुषों और महिलाओं की उम्र को बराबर करने के प्रस्ताव के साथ, भारत प्रजनन स्वायत्तता की रक्षा करने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। भारत की संवैधानिक लोकनीति, अनुच्छेद 21 के माध्यम से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। गर्भपात या गर्भावस्था की समाप्ति एक महिला के आत्मनिर्णय का विशेषाधिकार है। विशुद्ध रूप से शारीरिक संरचना के कारण, महिलाओं के लिए बच्चे को जन्म देना उनकी नियति है- सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति भी महिलाओं को बच्चे के पालन-पोषण का लगभग सम्पूर्ण भाग, जो समानुपातिक नहीं है, की जिम्मेदारी देती हैं। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति (संशोधन) अधिनियम, 2021 सही दिशा में उठाया गया कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि निकट भविष्य में बच्चे को जन्म देने वाली महिलायें अपने घरों में नए जीवन का स्वागत करने के लिए आत्मनिर्णय करें। अधिनियम के तत्वावधान में, गर्भपात 24 गर्भावधि सप्ताह तक करवाया जा सकता है**





**स्मृति इरानी**
**लेखिकाः केंद्रीय मंत्री**

पश्चिमी देशों में गर्भपात पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध के खिलाफ सोशल मीडिया और सड़कों पर चिंतित करने वाले विरोध प्रदर्शनों व हंगामे के बीच, गर्भावस्था की समाप्ति पर भारत का उदार रुख बहुत सुकून देने वाले देश के रूप में है। व्यावसायिक सरोगेसी पर रोक और शादी के लिए पुरुषों और महिलाओं की उम्र को बराबर करने के प्रस्ताव के साथ, भारत प्रजनन स्वायत्तता की रक्षा करने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। भारत की संवैधानिक लोकनीति, अनुच्छेद 21 के माध्यम से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। गर्भपात या गर्भावस्था की समाप्ति एक महिला के आत्मनिर्णय का विशेषाधिकार है। विशुद्ध रूप से शारीरिक संरचना के कारण, महिलाओं के लिए बच्चे को जन्म देना उनकी नियति है- सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति भी महिलाओं को बच्चे के पालन-पोषण का लगभग सम्पूर्ण भाग, जो समानुपातिक नहीं है, की जिम्मेदारी देती हैं। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति (संशोधन) अधिनियम, 2021 सही दिशा में उठाया गया कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि निकट भविष्य में बच्चे को जन्म देने वाली महिलायें अपने घरों में नए जीवन का स्वागत करने के लिए आत्मनिर्णय करें। अधिनियम के तत्वावधान में, गर्भपात 24 गर्भावधि सप्ताह तक करवाया जा सकता है, यदि मां के जीवन के लिए जोखिम, मानसिक पीड़ा, दुष्कर्म, अनाचार, गर्भनिरोध विफलता या भ्रूण असामान्यताओं के निदान आदि कारण मौजूद हों। अधिनियम एमटीपी अधिनियम, 1971 द्वारा तय की गयी 20 सप्ताह की चुनौती से आगे जाता है और स्वास्थ्य व प्रजनन विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति को स्वीकार करता है। यह उन देशों की तुलना में एक उदार उपलब्धि है, जहां यौन शोषण या अनाचार की सबसे अधिक पीड़ादायक परिस्थितियों के बावजूद गर्भधारण के बाद से गर्भपात की अनुमति नहीं है।

एमटीपी अधिनियम, 2021 इसे तैयार व अंतिम रूप देने वालों के अंतर्ज्ञान और दूरदर्शिता को प्रमाणित करता है। बच्चों के लिए तत्परता और उनकी वांछनीयता निर्णायक रूप से माताओं, परिवारों व बच्चों; तीनों के जीवन पथ को आकार देती हैं। अवांछित गर्भधारण अप्रत्याशित रूप से माता-पिता के जीवन से जुड़े विकल्पों को कम कर देता है- विशेष रूप से माताओं के परिप्रेक्ष्य में- और उनके मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा, जन्म लिए अवांछित बच्चों को कम अवसरों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के तौर पर, डब्ल्यूएचओ बच्चों के वांछित रूप में पैदा होने की संभावना को उनकी शिक्षा में माता-पिता के अधिक निवेश से जोड़ता है। इसलिए एमटीपी अधिनियम माताओं को अवांछित गर्भधारण के भावनात्मक और वित्तीय बोझ से मुक्त करता है।

मौजूदा कानून और नीति-निमार्ताओं ने बड़ी कुशलता से प्रजनन विकल्प को जीवनचक्र से जोड़ दिया है। चूंकि प्रजनन क्षमता, बच्चे को जन्म देना और बच्चे का पालन-पोषण स्पष्ट रूप से विवाह से जुड़ा हुआ है, इसलिए महिलाओं के लिए कानूनी तौर पर विवाह योग्य आयु बढ़ाने का प्रस्ताव करके, नीति-निमार्ता गर्भावस्था में देरी करने वाले स्वागत योग्य परिवर्तनों की शुरूआत कर रहे हैं। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 महिलाओं की शादी की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने का प्रयास करता है। यह विधेयक, डब्ल्यूएचओ द्वारा उद्धृत विशेषज्ञता और साक्ष्यों के आधार पर तैयार किया गया है, जिसमें कहा गया है कि 10 से 19 वर्ष की आयु की किशोर माताओं को 20 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं की तुलना में एक्लम्पसिया, प्यूपरल एंडोमेट्रैटिस और प्रणालीगत संक्रमण के उच्च जोखिम का खतरा होता है। ऐसी माताओं से पैदा होने वाले बच्चों को जन्म के समय कम वजन, समय से पहले प्रसव और गंभीर नवजात स्थितियों के अधिक जोखिम का सामना करना पड़ता है। यह ध्यान देने योग्य है कि एनएफएचएस-4 (2014-15) से एनएफएचएस-5 (2019-21) के बीच बच्चे पैदा करने की सीमा या अंतराल के संदर्भ में परिवार नियोजन की अधूरी आवश्यकता 12.9 फीसदी से घटकर 9.4 फीसदी रह गई। हालांकि, एकल मानक पर, एनएफएचएस-5 के समय 15-19 वर्ष की आयु की लगभग 7 प्रतिशत महिलाएं पहले से ही मां थीं या गर्भवती थीं, जो एनएफएचएस-4 के 7.8 प्रतिशत से मामूली गिरावट को दशार्ती है। ऐसी युवा माताओं को दूध पिलाने की प्रथाओं और बच्चों की देखभाल के बारे में बहुत कम जानकारी होती है, जिससे बच्चों के स्टंट या वेस्टेड होने की संभावना बढ़ जाती है। एमटीपी अधिनियम, 2021 और पीसीएमए विधेयक, 2021 को मिलाकर- यदि अधिनियमित किया जाता है तो यह कम उम्र में विवाह, जिसके परिणामस्वरूप जल्दी गर्भधारण और खराब मातृ एवं बाल स्वास्थ्य परिणाम सामने आते हैं, के दुष्चक्र को समाप्त कर सकता है।

एक नीतिगत नवाचार, जिसका श्रेय सरकार को अपेक्षाकृत बहुत कम मिला है, वह है - सरोगेसी बाजारों को महत्वहीन बनाना, जिसमें किराए पर गर्भ लेने की अनुमति दी गयी थी। वैश्विक असमानताओं को देखते हुए, भारत सरोगेट माताओं के लिए एक आकर्षक बायोमार्केट बन गया था। गरीब भारतीय महिलाओं के शरीर ग्लोबल नॉर्थ के निवासियों के लिए जैविक रूप से उपलब्ध हो गए थे, जिससे मातृत्व का व्यावसायीकरण हुआ, महिलाओं को विशिष्ट वस्तु के रूप में देखा गया और उनकी प्रजनन क्षमता में कमी आई। भारत को बेबी फैक्ट्री कहा जाने लगा, कई मामलों में बच्चों को छोड़ दिया गया, सरोगेट का शोषण किया गया और मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया। एक ऐसा देश, जहां माताओं को सम्मान देने की लम्बी सांस्कृतिक परम्परा रही है, लापरवाह व्यावसायिक सरोगेसी की पूरी व्यवस्था सांस्कृतिक लोकाचार के विपरीत प्रतीत होती है। इस विसंगति का जवाब देते हुए, सरोगेसी अधिनियम, 2021 ने व्यावसायिक सरोगेसी के स्थान पर नैतिक, परोपकारी सरोगेसी को पेश किया। यह अधिनियम देश में सरोगेसी का लाभ उठाने को लेकर उन जोड़ों पर प्रतिबंध लगाता है, जो भारतीय मूल के नहीं हैं। यह अधिनियम केवल प्रमाणित, चिकित्सा कारणों से स्थानीय लोगों को ही इसका लाभ उठाने की अनुमति देता है, जिनके लिए गर्भकालीन सरोगेसी की आवश्यकता मौजूद है। एमटीपी अधिनियम, सरोगेसी अधिनियम और पीसीएम (संशोधन) विधेयक, 2021 सामूहिक रूप से नारी शक्ति को नया अर्थ देते हैं। इस सक्षम राजनीतिक-कानूनी व्यवस्था के अंतर्गत, सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जो महिलाओं द्वारा तय किए गए विकल्पों और निर्णयों का सम्मान करने के लिए मौजूद हैं। आयुष्मान भारत-जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत, प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है और इसमें प्रसूति व स्त्री रोग से संबंधित पैकेजों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश की जाती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भावस्था से पहले और बाद में मजदूरी के नुकसान की आंशिक रूप से क्षतिपूर्ति करती है, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गर्भवती महिलाओं के वित्तीय बोझ को कम करते हुए।

# ओबीसी के साथ क्रीमीलेयर का भेदभाव क्यों?

सत्यवान सौरभ

आरक्षण, सात दशकों के बावजूद, हमारे विषम समाज में कई समूहों के लिए लाभों के समान वितरण में अनुवादित नहीं हुआ है। नतीजतन, कई समूहों को छोड़ दिया गया है। आरक्षण का लाभ नहीं उठा पाने वाले हाशिए के तबके के लोगों की जोरदार मांग है। इसके लिए कुछ नीति विकल्प तैयार करने की आवश्यकता है जो आरक्षण की मौजूदा प्रणाली को पूरा करने में सक्षम हो सकते हैं। इसका विस्तार से अध्ययन करने के लिए न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग का गठन किया गया। न्यायमूर्ति जी. रोहिणी आयोग की क्या टिप्पणियां हैं? समिति द्वारा दिए गए आंकड़े कुछ महत्वपूर्ण अवलोकन प्रदान करते हैं। पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों के आधार पर आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि केंद्रीय ओबीसी कोटा का 97 फीसदी लाभ उसकी जातियों के 25 फीसदी के तहत ही जाता है। 983 ओबीसी समुदायों-कुल का 37 फीसदी-का केंद्र सरकार की नौकरियों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश दोनों में शून्य प्रतिनिधित्व है।

साथ ही, रिपोर्ट में कहा गया है कि ओबीसी के सिर्फ 10 फीसदी लोगों ने 24.95 फीसदी नौकरियां और प्रवेश अर्जित किए हैं। रोहिणी समिति का डेटा केवल उन संस्थानों पर आधारित था जो केंद्र सरकार के दायरे में आते हैं। समिति के पास राज्य और समाज के अधिक स्थानीय स्तरों पर विभिन्न सामाजिक समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों पर शायद ही कोई सुपाठ्य डेटा हो। विभिन्न सामाजिक समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। जाति आधारित आरक्षण समाज में ऊर्ध्वगामी गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस कमी को दूर करने और सिस्टम को अधिक जवाबदेह और इंट्रा-ग्रुप मांगों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए एक तंत्र की तत्काल आवश्यकता है। सबसे पहले, संदर्भ-संवेदनशील, साक्ष्य-आधारित नीति विकल्पों की एक विस्तृत विविधता विकसित करने की आवश्यकता है जिसे विशिष्ट समूहों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा सकता है।

दूसरा, हमें संयुक्त राज्य या यूनाइटेड किंगडम के समान अवसर आयोग जैसी संस्था की आवश्यकता है जो जाति, लिंग, धर्म सहित विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक-आधारित जनगणना से संबंधित डेटा से वंचित सूचकांक बनाएं और उन्हें अनुकूल नीतियां बनाने के लिए रैंक करें। सामाजिक-आर्थिक जाति आधारित जनगणना भारत में सकारात्मक कार्रवाई व्यवस्था में कोई सार्थक सुधार शुरू करने के लिए एक आवश्यक पूर्व शर्त बन जाती है। तो, यह एक अच्छा पहला कदम के रूप में कार्य कर सकता है। 2015 में एनसीबीसी (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग) ने आरक्षण नीति के मुफ्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए क्रीमी लेयर पर प्रावधानों को व्यवस्थित करने के बजाय ह्लओबीसी के वर्गीकरणह्व की आवश्यकता पर जोर दिया। ओबीसी के साथ क्रीमीलेयर का भेदभाव क्यों? जबकि अनुसूचित जाति ०जनजाति में ऐसा नहीं है। ऐसे कौन से महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है? वार्षिक आय सीमा क्रीमी लेयर को निर्धारित करने वाले मापदंडों में से एक है। लेकिन हम देखते हैं कि सितंबर 1993 से, इसे हर तीन साल में संशोधन के मानदंड के खिलाफ केवल पांच बार संशोधित किया गया था। इसके अलावा, जीडीपी मुद्रास्फीति, प्रति व्यक्ति आय और जीवन यापन की लागत में वृद्धि जैसे मानदंडों पर भी विचार किया जाना चाहिए।

हमें ओबीसी के पदों को शीघ्र भरने के लिए भी काम करना चाहिए। संसदीय समिति ने 27 फीसदी को निर्धारित कोटे के मुकाबले 78 मंत्रालयों में ओबीसी कर्मचारियों को केवल 21.75 फीसदी गठित किया। अमूर्त मुद्दों पर लड़ने के बजाय हमें ठोस मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए जो ठोस परिणाम ला सकते हैं। सवाल केवल पिछड़े वर्ग के साथ इस भेदभाव का नहीं है बल्कि सालों से बैकलॉग से विभीन विभागों में खाली पड़े पदों का भी है। एक तरफ सामान्य वर्ग का कोई पद खाली नहीं तो दूसरी तरफ पिछड़ा वर्ग के असंख्य पदों को भरने का नाम तक नहीं लिया जा रहा। सुप्रीम कोर्ट भी यह मानती है कि संविधान की धारा 16(4) सभी पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा करती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी 1949 में इस धारा के संबंध में यही कहा था। ओबीसी मामलों के जानकार के कोंडाला राव ने अपनी पुस्तिका ह्यओबीसी एंड स्टेट पालिसीह्व में कहा है कि जहां तक प्रतिनिधित्व का सवाल है, वर्ष 2004 में ओबीसी की स्थिति एससी और एसटी से भी बदतर थी। और इसी आधार पर उनका कहना है कि संविधान का 77वां संशोधन ओबीसी के साथ भेदभाव करता है और इसलिए इसके आधार पर बनाई गई राज्य की नीतियाँ भी भेदभावपूर्ण हो गई है। इनमें बहुत सारी बातें उस समय स्पष्ट हो जाएंगी अगर जाति आधारित जनगणना को प्रकाशित कर दिया जाए।

# अब अर्थव्यवस्था में तेज सुधार

**ब्रिक्स देशों के साथ कारोबार तेजी से बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था लाभान्वित हो रही है। ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 16 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कोरोना काल के बाद जो सुधार और नवाचार हो रहा है, उसे पूरी दुनिया में रेखांकित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल 2022-23 में 7 .5 फीसदी की दर से पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।**





**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

23 जून को ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के 14वें शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों का आपसी सहयोग कोविड के नुकसान से उबरने में मददगार बन रहा है। ब्रिक्स देशों के साथ कारोबार तेजी से बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था लाभान्वित हो रही है। ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 16 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कोरोना काल के बाद जो सुधार और नवाचार हो रहा है, उसे पूरी दुनिया में रेखांकित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल 2022-23 में 7.5 फीसदी की दर से पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। नए भारत में हर क्षेत्र में रूपांतरकारी बदलाव हो रहे हैं और देश के आर्थिक सुधार का एक प्रमुख स्तंभ प्रौद्योगिकी आधारित वृद्धि है। देश में 100 से ज्यादा यूनीकॉर्न (एक लाख डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाली नई कंपनियां) और 70 हजार स्टार्टअप हैं। भारत लगातार कारोबार करने के माहौल में सुधार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जितनी तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, उतनी तेजी से दुनिया में कहीं भी नहीं हो रहा है। भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार 2025 तक 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के तहत 1500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर हैं। गौरतलब है कि यद्यपि इस समय वैश्विक मंदी की तेज लहर का भारत की अर्थव्यवस्था पर भी असर हो रहा है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 7-8 वर्षों में हुए आर्थिक सुधारों और नवाचार के कारण मंदी की लहर के बीच भी गतिशील है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय जहां सेंसेक्स में बड़ी गिरावट है, डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में भी भारी गिरावट है, ब्याज की बढ़ती दरों व पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई का बढ़ा हुआ ग्राफ भी दिखाई दे रहा है, वहीं इन आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था बुनियादी मजबूत आर्थिक घटकों के कारण हाल ही में प्रकाशित विभिन्न प्रमुख वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में सबसे तेज गति से बढ़नी वाली अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 15 जून को प्रकाशित विश्व प्रसिद्ध इंस्टिट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी) के वार्षिक वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 2022 में जहां भारत ने एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज सुधार का तमगा प्राप्त किया है, वहीं वैश्विक रैंकिंग में भी भारत ने छह पायदान की जोरदार छलांग लगाई है। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित 63 देशों के इस आईएमडी सूचकांक 2022 में भारत 43वें से 37वें स्थान पर आ गया है। मुख्य रूप से आर्थिक मोर्चे पर प्रदर्शन में सुधार से प्रतिस्पर्धा के मामले में भारत की स्थिति सुधरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है उनमें व्यापार रुकावटें और ऊर्जा सुरक्षा का प्रबंधन, महामारी के बाद सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को बनाए रखना, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन, संपत्ति का मौद्रीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए संसाधन जुटाना शामिल हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पिछले दिनों जब अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों के द्वारा दुनिया के कई देशों की रेटिंग घटाकर नकारात्मक की गई है, तब भारत की रेटिंग में सुधार का संतोषजनक परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दुनिया की तीनों बड़ी रेटिंग एजेंसियों फिच, मूडीज और एसएंडपी की नजर में भारत का लंबी अवधि का सॉवरिंन ऋण और आर्थिक परिदृश्य अब स्थिर हो गया है। 10 जून को रेटिंग एजेंसी फिच ने पिछले दो वर्षों से भारत को लगातार दी जा रही नकारात्मक रेटिंग को सुधारकर स्थिर रेटिंग में उन्नत किया है। फिच ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जोरदार वापसी की है। आर्थिक और वित्तीय सुधार लागू किए हैं। बुनियादी ढांचे पर बड़ा निवेश किया है। इन सब से निर्यात, निवेश और विकास दर बढ़ने में मदद मिल रही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 11 जून को अमेरिकी संसद में अमेरिका के कोषालय विभाग के द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना की तीन चिंताजनक लहरों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जोरदार तरीके से वापसी की है। इस रिपोर्ट में भारत के कोरोना टीकाकरण अभियान की जोरदार प्रशंसा की गई है और भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़त की सराहना की गई है। निश्चित रूप से कोविड-19 और यूक्रेन संकट की चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की 8.7 फीसदी की सर्वाधिक विकास दर, देश में छलांगे लगाकर बढ़ रहे यूनिकॉर्न, 31.45 करोड़ टन का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, बढ़ता विदेश व्यापार, नए प्रभावी व्यापार समझौते, करीब 600 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार आदि के कारण भारत से निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह तेजी से बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 83.57 अरब डॉलर का रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त किया है। भारत का उत्पाद निर्यात करीब 419 अरब डॉलर और सेवा निर्यात करीब 249 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह देश में बढ़ते हुए एफडीआई के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र दिखाई दे रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक कृषि एवं ग्रामीण विकास के तेजी से मजबूत होते परिदृश्य के कारण कृषि क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा निर्धारित कृषि विकास के प्रयासों ने कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाया है।

# स्मार्ट सिटी से पहले सोच को स्मार्ट बनाना जरूरी है

अमृतांज इंदीवर

भारत में कई ऐसे बड़े शहर है जो स्मार्ट सिटी की सूची में शामिल तो हैं, लेकिन जमीन पर वह स्मार्ट नजर नहीं आता है. भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्मार्ट सिटी स्थानीय विकास को सक्षम और प्रौद्योगिकी की मदद से नागरिकों के बेहतर विकास, जीवन की गुणवत्ता में सुधार तथा आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक नायाब पहल है. जिसके जरिए बुनियादी चीजों को नए सिरे से मजबूत और बेहतर करने की कोशिश है. इन सबके बीच कई शहर आज भी स्मार्ट नहीं हुए हैं। वजह साफ है कि किसी भी कार्य को संपन्न करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और तत्परता की जरूरत पड़ती है। बिहार के मुजफ्फरपुर शहर भले ही स्मार्ट बनने वाली सूची में है, परंतु ऐसा लगता है कि यहां अब तक स्मार्ट बनाने के सारे कवायद ठंडे पड़ रहे हैं. मुख्य सड़क से लेकर गली-मुहल्लें की सड़के बरसात में देखने लायक रहती है. पानी और कचरे के बीच प्रस्तावित स्मार्ट सिटी के लोग व्यवस्था को दोषी ठहराते हैं. प्रमुख क्षेत्र भगवानपुर, बीबीगंज, माड़ीपुर, जूरन छपड़ा, स्टेशन रोड, मोतीझील, मिठनपुरा, कन्हौली, रामनगर से लेकर मुशहरी तक सड़कें क्षतिग्रस्त बनी हुई हैं. थोड़ी सी वर्षा होते ही लोगों का चलना दुश्वार हो जाता है। वर्षा के दिनों में मोटरसाइकिल सवार व राहगीर सड़क पर बने गडढ़े में गिरकर हाथ-पांव तोड़ लेते हैं. कई बार उनकी जान चली जाती है. हाल ही में मिठनपुरा में एक युवक की गड्ढे में गिरकर जान चली गई. पानी भरने के बाद सड़कें बिलकुल नदी बन जाती हैं। बरसात के दौरान शहर का वातावरण नारकीय बन जाता है. चारों तरफ कूड़े-कचरे की वजह से बदबू आने लगती है. वातावरण बिलकुल दूषित और दम घुटने वाला हो जाता है. इस संबंध में लक्ष्मीनगर में रहने वाले हरिशंकर पाठक कहते हैं कि बरसात आते ही हमारे मुहल्ले की सड़क पर लगभग 5 फीट पानी भर जाता है. जिससे चलना-फिरना बहुत मुश्किल हो जाता है। लोग सब्जी व राशन के लिए स्वनिर्मित नाव बनाकर मुख्य सड़क पर आते हैं. आने-जाने में सदा नाव डूबने का भय बना रहता है. बरसात के समय शहर के सभी नाले भर जाते हैं और उनमें से बदबू आने लगती है, पूरा वातावरण प्रदूषित और उबाऊ हो जाता है. वह आगे बताते हैं कि इसके लिए सरकारी मशीनरी तो दोषी है ही, साथ ही मुहल्लेवासी भी दोषी हैं। जो अपने घरों को चकाचक तो रखते हैं लेकिन घर के कूड़े-कचरे को सड़क और नाले में फेंक देते हैं. उनके घर का कॉरिडोर व बालकोनी फूलों से सजा रहता है और सड़क पर सारे कचरे फैले रहते हैं. बीबीगंज निवासी रॉबिन रंगकर्मी कहते हैं कि आने-जाने में असुविधा तो बनी रहती है, वहीं कूड़े-कचरे की वजह से सालों भर मच्छर का आतंक भी रहता है। बहुत जगह कूड़ेदान भी नहीं है. कुछ जगह नगर निगम ने कूड़ेदान भी रखा है पर, लोगों की आदत ऐसी हो गई है कि वे कूडेद्रान में कचरा नहीं डालकर बाहर ही फेंक कर चले जाते हैं. जून से लेकर अक्टूबर महीने तक जल व हवा दोनों प्रदूषित हो जाते हैं. वर्षा जनित रोगों का आतंक बढ़ जाता है. ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि शहर से पहले निवासियों की सोच को स्मार्ट बनाया जाये. उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा, तब जाकर कहीं शहर स्मार्ट बनेगा. इस संबंध में सरकारी महकमे में काम करने वाले अजय शर्मा कहते हैं कि मोतीझील इस शहर का दिल है, लेकिन थोड़ी सी वर्षा होने पर ही यह अपने नाम के अनुरूप झील बन जाता है. ज्यादातर बाजार में दुकानें भवन निर्माण के मानकों को ताक पर रखकर बनाई गई है जो एक बड़ी समस्या ह। किसी भी दुकान में सामान लाने जाने के लिए ग्राहकों को सड़क किनारे साइकिल, मोटरसाइकिल और कार खड़ी करनी पड़ती है. सबसे पहले स्मार्ट सिटी के लिए पार्किंग की व्यवस्था करनी पड़ेगी, दुकानों व भवनों को मानकों का ध्यान रखकर बनाना होगा, ट्रॉफिक के नियमों को दुरुस्त करनी होगी व सड़क किनारे कूड़ेदान की पर्याप्त व्यवस्था करनी पड़ेगी. इस कार्य को पूरा करने के लिए शहर के नागरिकों को स्वयं सुनिश्चित करना होगा कि वह इसकी सुंदरता और सौम्यता बरकरार रखेंगे। दरअसल स्मार्ट सिटी मिशन की योजना के अंतर्गत जिन प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है, उसमें प्रगति के आधार पर तीन मॉडल- रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास एवं हरित क्षेत्र शामिल है वहीं क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास, पानी और बिजली की पर्याप्त आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन का विकास, सुदृढ़ आईटी कनेक्टिविकटी और डिजिटलीकरण, सुशासन, ई-गवर्नेंस और नागरिकों की भागीदारी, नागरिकों की सुरक्षा, बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों की विशेष सुरक्षा और स्वास्थ्य व शिक्षा की बुनियाद को सशक्त बनाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन और स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थ का उचित प्रबंधन भी शामिल है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### खजूरी बिजलीघर से एक ही बिजलीघर जोड़ने की मांग

अमरोहा। ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि खजूरी बिजलीघर से एक ही बिजलीघर जोड़ा जाए। डबल ग्रुप में सप्लाई दी जाए। खजूरी बिजली घर से दो बिजलीघर सिनौरा व सूदनपुर बिजलीघर जोड़ा गया है। जिससे बार-बार तार टूटने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। बिजली की समस्या बनी हुई है। किसानों ने मांग की खजूरी बिजली घर से एक ही बिजलीघर जोड़ा जाए। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन पर कपिल चौधरी, नितिन कुमार, देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, राजीव आदि के नाम अंकित थे।

### भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

अमरोहा। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहमदनगर निवासी विनोद कुमार मौर्य भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैं। आरोप के मुताबिक रविवार को तीन युवक घर के दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। भाजपा नेता के पिता ने विरोध किया तो आरोपी मारपीट में उतारू हो गए। इस दौरान भाजपा नेता विनोद कुमार मौर्य घर से कहीं बाहर थे। आरोप के मुताबिक आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि विनोद कुमार मौर्य को लोगों की मदद करने का बहुत अधिक शौक है। अगर वह कहीं रास्ते में मिल गया तो उसके हाथ पैर तोड़ देंगे और फिर उसकी गोली मारकर हत्या कर देंगे। उसकी इतनी औकात कि वह हमारे विरोधी सुधीर सहदेव के साथ बैठेगा। पीड़ित विनोद मौर्य के मुताबिक धमकी के बाद उसके परिजन बेहद डरे हुए हैं। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मोहल्ला बेगम सराय के रहने वाले जुगनू उर्फ दिलीप, राजू और चंदन के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी गुटबाजी चली आ रही है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जनपद में धारा 144 लागू होने के बावजूद जीतुरा खरक में हुई किसान पंचायत

बिजनौर। जिला प्रशासन की तमाम बंदिशों और धारा 144 लागू होने के बावजूद भारतीय किसान यूनियन ने मंगलवार को ग्राम जीतपुरा खरक में महापंचायत की। भाकियू ने एक दिन पहले ही टैंट आदि लगा दिये थे। मंगलवार की सुबह से ही किसान पंचायत में पहुंचने लगे। दोपहर तक काफी भीड जमा हो गयी। जिलाध्यक्ष कुलवीर सिंह ने बताया कि दोनों नेताओं का गंगा बैराज पर जोरदार स्वागत किया जायेगा और वहां से वाहनों के काफिले के साथ भाकियू नेता महापंचायत में पहुंचेगे। उधर पुलिस प्रशासन ने जीतपुरा खरक को छावनी में तब्दील कर रखा था। गांव में चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही। मंच से बार बार प्रशासन को चेतावनी दी गयी कि किसानों की महापंचायत को शांतिपूर्वक होने दिये जाये। किसानों के घरों व गांव के चैराहों व गलियों से पुलिस बल तुरंत हटाया जाये ताकि किसान भयमुक्त होकर पंचायत में पहुंच सके। इस दौरान वक्ताओं ने आर पार की लडाई का ऐलान किया।

# शर्मनाक: भाजपा जिलाध्यक्ष का अश्लील वीडियो वायरल

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा जिलाध्यक्ष का अशलील वीडियो वायरल हो गया। जिसकी शिकायत हाईकमान तक पहुंच गई। जल्द ही भाजपा हाईकमान इस मामले को संज्ञान में लेकिन उचित कार्यवाही करेगा।गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर एक अश्लील वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना है।

वीडियो में महिला संग रंगरलियां मना रहे अधेड़ उम्र के शख्स है।जिनका सत्तारूढ़ पार्टी से अमरोहा जिलाध्यक्ष के होने का दावा किया जा रहा है। साथ ही बताया जा रहा है कि अश्लील वायरल वीडियो कुछ दिन पहले का ही है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि ये मामला भाजपा हाईकमान के संज्ञान में भी पहुंच गया है। उधर पुलिस प्रशासन इस मामले की जानकारी संज्ञान में नहीं होने की बात कह रही है। तीन दिन पहले जिलाध्यक्ष की तबीयत भी खराब हो गई थी उन्हें मुरादाबाद



के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जिनका स्वास्थ्य का हालचाल जानने जनपद के बड़े अधिकारी भी पहुचें थे। उसके बाद जिलाध्यक्ष ठीक होकर घर आए लेकिन वह किसी से मिले नहीं और न ही उनका नंबर मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि भाजपा के जिलास्तरीय पदाधिकारी का अश्लील वीडियो आज से दो दिन पहले कुछ ही भाजपा नेताओं के पास था। लेकिन बीते कल से यह वीडियो काफी तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल अश्लील वीडियो भाजपा के मौजूदा जिलाध्यक्ष के होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में कोई भी भाजपा नेता खुल कर बोलने को तैयार नहीं है। इसके साथ ही जब भाजपा जिलाध्यक्ष से इस बारे में बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन लगातार बंद आता रहा। उधर भाजपाइयों में चर्चा है कि वायरल अश्लील वीडियो मौजूदा भाजपा जिलाध्यक्ष का ही है।

#### पूर्व जिलाध्यक्ष का भी वायरल हुआ था अश्लील वीडियो

**अमरोहा।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए भाजपा जिला स्तरीय पदाधिकारी के अश्लील वीडियो का मामला कोई नया नहीं है।आज से लगभग एक साल पहले भी भाजपा के पूर्व जिला स्तरीय पदाधिकारी का युवती के साथ अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद भाजपा हाईकमान ने उन्हें पद से हटा दिया था।

### नाला निर्माण न होने से सड़क किनारे भरा पानी हादसे का खतरा

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर हथियाखेड़ा के निकट नाला निर्माण न होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। लगातार पानी भरा रहने से मार्ग किनारे घास उग आई है।ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। बताया जा रहा है कि लगातार पानी भरा रहने से सड़क का एक बड़ा हिस्सा जर्जर हो चुका है। सड़क पर जलभराव होने से कई राहगीरों को चोट भी लग चुकी हैं। मंगरौली में भी यही हाल है। नाला निर्माण ना होने की वजह से पानी भरने से सड़क जगह-जगह टूटी हुई है। 4 दिन पूर्व ई रिक्शा पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। हथियाखेड़ा के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अधिकारियों के यहां धरना प्रदर्शन करेंगे। चेतावनी देने वालों में सत्यपाल सिंह, महेंद्र सिंह, प्रभु सिंह, नफीस सैफी, दिलपुकार, बाबू, इम्तियाज, वरुण कुमार, मुशर्रफ व अशरफ अली आदि हैं।

## ओटीएस योजना में शत प्रतिशत ब्याज माफ: अरविंद बंगारी



हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

बिजली विभाग के एमडी ने एक्सईएन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच की,साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली।और कहा कि उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को बिजली विभाग के एमडी अरविंद बंगारी हसनपुर-गजरौला मार्ग पर स्थित एक्सईएन कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने निरीक्षण किया और दस्तावेजों की जांच की। साथ ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। और अधिकारी और कर्मचारियों से ओटीएस योजना के संबंध में जानकारी ली। कहा कि ओटीएस योजना में शत प्रतिशत ब्याज माफ है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को ओटीएस योजना का लाभ दिलाने का काम करें। बताया कि अब तक 6860 लोग ओटीएस योजना का लाभ ले चुके हैं। इस योजना में लगभग दो करोड़ का ब्याज माफी है। योजना के संबंध में ज्यादा लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस दौरान एमडी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आपूर्ति न मिलने का सबसे बड़ा कारण ओवरलोड है। इस समस्या का भी समाधान किया जा रहा है। जहां-जहां ओवरलोड है, एक-दूसरे फीडर से जोड़कर समस्या का समाधान किया जा रहा है। रात में बिजली आपूर्ति दी जा रही है, जिससे किसानों को कोई समस्या न हो।

### जामुन तोड़ते समय पेड़ से गिरा युवक, मौत

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के अहरोला तेजबन गांव निवासी पिंटू राणा जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। पेड़ के नीचे उसके कुछ और साथी भी खड़े थे। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मंगलवार को पिंटू और उसके दोस्तों ने जामुन खाने का मन बनाया। सभी लोग गांव के पास लगे जामुन के पेड़ पर पहुंचे। पिंटू जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा। अचानक उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। इसमें उसकी चीख निकल गई। चीख की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग भी पहुंच गए।किसी ने परिवार के लोगों को सूचना दी। वह भी मौके पर पहुंच गए। परिजन व ग्रामीण पिंटू को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया है कि अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। शिकायती पत्र मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आम खरीद रही साढ़े तीन साल की मासूम को कैंटर ने कुचला, मौत

गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता

दादी के साथ आम खरीद रही साढ़े तीन साल की मासूम को तेज रफ्तार कैंटर ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालक कैंटर को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया है। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हादसा मंगलवार की सुबह नौ बजे गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर में हुआ। यहां पर राजीव कुमार का परिवार रहता है। वह पेशे से किसान हैं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे गांव के मुख्य मार्ग पर ठेला लगाकर एक व्यक्ति आम बेच रहा था। उसकी आवाज सुन कर राजीव की मां केला देवी घर से बाहर आईं और आम खरीदने लगीं। उसके साथ राजीव की साढ़े तीन साल की बेटी सृष्टि भी आई थी। दादी-पोती ठेले पर आम खरीद रही थीं। तभी हाईवे



की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर चालक ने दादी-पोती को टक्कर मार दी। हादसे में पोती सृष्टि की मौके पर मौत हो गई, जबकि दादी घायल हो गईं। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके की तरफ दौड़ पड़े। तभी आरोपी चालक कैंटर छोड़ कर भाग गया। बच्ची की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर औद्योगिक चौकी ले गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी कैंटर की रफ्तार काफी तेज थी। आरोपी कैंटर चालक हुकुम सिंह निवासी कांकाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आकाशीय बिजली गिरने से बालक की मौत

**नजीबाबाद।** थाना मंडावली के ग्राम प्रेमपुरी में बारिश में नहाते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई है। बालक अपनी नानी के घर आया हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नांगल जट का निवासी 16 वर्षीय बालक आदित्य कुमार पुत्र भूदेव सिंह ग्राम प्रेमपुरी अपनी नानी के घर आया हुआ था। मंगलवार की सुबह तेज चमक और दिल हिला देने वाली बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई। बताया जाता है कि बालक बारिश देख उसमें नहाने के लिए मचलने लगा, घर के बड़ों ने उसे बादलों की गड़गड़ाहट देखते हुए बारिश में नहाने से रोका भी, लेकिन बताया जाता है कि बच्चा माना नही और घर के आंगन में बारिश में नहाने लगा। इसी बीच उस पर आकाशीय बिजली गिरी और वह भयानक दुर्घटना कि शिकार हो गया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम और गांव में अफरा तफरी मच गई।

## प्रदेश में मसालों की खेती से किसानों की आय में हो रही वृद्धि

### भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता एवं निर्यातक देश

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

भारत प्राचीन काल से ही मसालों की भूमि के नाम से जाना जाता रहा है। मसाला एक लो वॉल्यूम एवं हाई वैल्यू वाली फसल हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन के अनुसार विश्व के विभिन्न भागों में 109 मसाला प्रजातियों की खेती की जाती है। भारत में भी विभिन्न प्रकार की मृदा एवं जलवायु होने के कारण 20 बीजीय मसालों सहित कुल 63 मसाला प्रजातियां उगाई जाती है। भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता एवं निर्यातक देश है। भारत के कुल मसाला उत्पादन का 90 प्रतिशत घरेलू माँग की पूर्ति में उपयोग होता है तथा उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत भाग विश्व के करीब 130 देशों में निर्यात होता है। वर्तमान में भारत में मसालों का उपभोग 3.25 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है, जिसमें परिवार के कुल खाद्य का 4.4 प्रतिशत खर्च होता है। कुल कृषि निर्यात में मसालों की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत है। कुल विभिन्न मसालों के निर्यात में मिर्च की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत, बीजीय मसालों की 25 प्रतिशत, हल्दी 5 प्रतिशत, अदरक 4 प्रतिशत व अन्य मसालों की 7 प्रतिशत है। विश्व में मसालों की अनुमानित माँग वृद्धि 3.19 प्रतिशत है, जो की जनसंख्या वृद्धि दर से ठीक ऊपर है। उत्तर प्रदेश में किसानों को उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नतशील बीज, उन्नत कृषि तकनीक के साथ साथ मसालों पर शोध एवं किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मसाला उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के कृषक खरीफ में हल्दी, अदरक, मिर्च एवं प्याज आदि की खेती करते है तथा रबी मौसम में धनिया, सौंफ, मेथी, लहसुन, अजवाइन, कलौंजी एवं मंगरैल आदि की खेती करते हैं। प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अबतक विभिन्न मसाला फसलों की 11 प्रजातियों का विकास किया गया है। अदरक उत्पादन में भारत विश्व में सबसे आगे है। अदरक का प्रयोग मसाले, औषधीय तथा सामग्री के रूप में हमारे दैनिक जीवन में वैदिक काल से चला आ रहा हैं। लहसुन भी किसानों को एक अधिक आय देने वाली महत्वपुर्ण मसाले की फसल है इसके रोजाना प्रयोग करने से पाचन क्रिया में सहायता एवं मानव रक्त में कोलेस्ट्रॅल की भी कमी होती है। मिर्च एक सर्वाधिक निर्यात की जाने वाली मसाला की फसल है। मेथी का प्रयोग सब्जियों एवं खाद्य पदार्थों में किया जाता है। औषधीय गुणों के कारण इसका उपयोग जोड़ों के दर्द निवारण, मधुमेह रोग एवं प्रसूता स्त्री के दुग्ध वृद्धि के लिये किया जाता है।

सौंफ का उपयोग मसाला, खाद्य एवं पेय पदार्थों में किया जाता है। औषधि गुणों के कारण इसका उपयोग खांसी में लाभ हेतु एवं बच्चों की पाचन विकार एवं अन्य रोग उपचार में किया जाता है। मसालों की फसलें अन्य परम्परागत कृषि फसलों की अपेक्षा अधिक आय देने वाली होती हैं। उत्तर प्रदेश में मसालो को नकदी उत्पाद बनाकर स्वरोजगार के साथ-साथ ग्रामीण एवं शहरी श्रमिकों को भी मसाला उद्योग में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मसाला फसलें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं अधिक आय के सुअवसर प्रदान करने के कारण अत्यधिक आर्थिक समृद्धि का एक प्रमुख जरिया है। मसालों की खेती से देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

## जज्बा फाउंडेशन ने किया मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

बीती रात जज्बा फाउंडेशन ने मौहल्ला नियाजयान स्थित हबीब अहमद एडवोकेट साहब के निवास पर मुस्लिम कमेटी के नवागत सदर सरताज आलम मंसूरी साहब,महामंत्री हबीब अहमद एडवोकेट,कोषाध्यक्ष कमर नकवी काफूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष इकबाल खान अमरोहवी ने कहा कि मुस्लिम कमेटी की नई टीम से कौम को बेहतर शिक्षा की बहुत जरूरत है शिक्षा पर कमेटी अच्छा काम करेगी।इस मौके पर पूर्व कोषाध्यक्ष दानिश इंजीनियर ,इकबाल खान अमरोही, साजिद मंसूरी,इम्तियाज खान, अशकार इदरीसी ,अजमल इदरीसी आदि लोग मौजूद थे।

### महिला मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक

**नजीबाबाद।** ग्राम समीपुर में चैकी इंचार्ज सतेंद्र नागर व महिला कांस्टेबल सुषमा व प्रियंका चैहान कांस्टेबल आकाश यादव व प्रवीण शर्मा द्वारा महिला मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्राम समीपुर में बैठक आयोजित की गई जिसमें चैकी इंचार्ज सतेंद्र नागर ने महिलाओ को जागरूक करते हुए कहा कि योगी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहना अति आवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में महिलाओं को कोई भी परेशानी आती है तो वे तुरंत उनसे संपर्क करें, तत्काल उनकी समस्या का समाधान पूर्ण रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा योगी सरकार ने महिला सुरक्षा के लिए जो नंबर दिए हैं वही डायल नंबर अपनी डायरी में नोट कर लें जिनसे महिलाओं की समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं अपने आस पड़ोस की महिलाओं को सरकार द्वारा दिए गए डायल नंबर नोट कराएं जिससे महिला अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें और जुल्म सहने वाली महिलाओं को इन नंबरों का लाभ मिल सके।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोपी पिता को उम्रकैद, साथ ही 53 हजार का जुमार्ना

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष (पॉक्सो एक्ट प्रथम) अवधेश कुमार की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोपी पिता को छह दिन के भीतर उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 53 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। पीड़िता सात महीने की गर्भवती है। जुमार्ने की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। गिरफ्तारी के बाद से ही दोषी पिता जेल में बंद है, उसे जमानत नहीं मिल सकी थी। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति ईट-भट्ठा पर मजदूरी करता था। करीब आठ महीने पहले परिजनों की अनुपस्थिति में उसने अपनी साढ़े 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके बाद वह लगातार डरा



धमका कर अपनी बेटी को हवस का शिकार बना रहा था। जब भी परिजन घर से बाहर होते थे, तभी वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करता था। किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देता था। इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गई। 11 जून को किशोरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने एक केंद्र पर किशोरी का अल्ट्रासाउंड कराया। जिसमें पीड़िता सात महीने की गर्भवती पाई गई थी, रिपोर्ट सामने आने के बाद परिजनों के होश उड़ गए।मां और भाई के पूछने पर किशोरी ने आपबीती सुना दी।14 जून को बेटे ने अपने पिता के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।मामले की विवेचना डिडौली कोतवाली के एसएसआई सुक्रमपाल सिंह राणा ने की। उन्होंने 22 जून को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मुकदमा 23 जून को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष (पॉक्सो एक्ट प्रथम) अवधेश कुमार सिंह की अदालत में पहुंचा।पहले ही दिन न्यायालय ने मामले में सुनवाई कर मुकदमे को ट्रायल पर ले लिया। इस मामले में पीड़िता, उसके भाई, मां, महिला चिकित्सक, एक स्कूल के प्रधानाचार्य, रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर, महिला कांस्टेबल ने मुकदमे से संबंधित न्यायालय के सामने अपनी गवाही पेश की। सोमवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने अभियोजन और आरोपी पक्ष को सुना। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी ने जोरदार पैरवी की।मंगलवार को फिर न्यायालय ने मुकदमे में सुनवाई की और उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक फैसला सुना दिया। न्यायालय ने साक्ष्य व सबूतों के आधार पर आरोपी पिता को दोषी करार दिया और उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पिता पर 53 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।जुमार्ने की आधी धनराशि पीड़िता को सौंपने के आदेश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी ने बताया कि छह दिन के भीतर सजा सुनाए जाने का उत्तर प्रदेश में यह पहला मामला है। नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को छह दिन के भीतर सजा होने का मामला चर्चा का विषय बन गया।

## निपुण भारत को जन आंदोलन के रूप में चलाना होगा: नवीन गौतम

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

उच्च प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर में मंगलवार को न्याय पंचायत स्तरीय मासिक कार्यशाला एवं नामांकन मेले का आयोजन किया गया। कार्यशाला में न्याय पंचायत गाजी पुर कुतुब के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज अध्यापकों, एवं सहायक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में ए आर पी नवीन गौतम ने कहा कि बुनियादी साक्षरता और गणना हासिल करने के लिए निपुण भारत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जंग में सफल होने के लिए हमें सबसे पहले निपुण भारत को एक जन आंदोलन के रूप में चलाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह जन आंदोलन केवल कुछ मेधावी बच्चों के बल पर आगे नहीं बढ़ सकता बल्कि हर एक छात्र को साथ लेकर निपुण बनाकर आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम में ए आर पी



जयप्रकाश पाल ने 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को विद्यालय में अवश्य रूप से नामांकन कराने एवं विद्यालय में छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यशाला में लक्ष्मी मैडम और राहुल प्रताप सिंह ने गतिविधि आधारित टी एल एम का प्रदर्शन किया। कार्यशाला का संचालन तनवीर अहमद और मोहम्मद आबिद कुरैशी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में मनोज कुमार, ललित चैहान, कैलाश, श्वेता माहेश्वरी, नंदनी बंसल, मोहम्मद यूसुफ, निखत जमाल, राजकुमारी, ऋतु जैन, योगेश कुमार, इलियास अंसारी, ममता देवी, शबाना परवीन, सुनील कुमार, अमित कुमार, अंकुर भटनागर, साक्षी धीमान, सविता रानी आदि शिक्षक मौजूद थे।

## कच्चा रास्ता बनवाने के लिए मोहल्ले वासियों ने किया प्रर्दशन

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर के चामुंडा मंदिर क्षेत्र की जर्जर सड़क बनवाने के लिए नगर वासियों ने प्रर्दशन किया।उन्होंने कहा कि कच्चा रास्ता होने की वजह से बारिश में लोगों का निकलना दूभर रहता है। कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को नगर के मोहल्ला चामुंडा रोड कायस्थान के मोहल्ले वासियों ने खराब सड़क को लेकर प्रदर्शन किया।

सरफराज ने बताया कि गली पर रास्ता कच्चा बना हुआ है। जहां हर समय जलभराव की समस्या बनी रहती है। पक्की सड़क बनवाने को लेकर अधिशासी अधिकारी से लेकर चेयरमैन तक शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, कोई सुनने को तैयार नहीं है।महिला रहनुमा ने बताया कि सड़क व नाली न बनने से पानी की निकासी नहीं हो रही है।

इससे घरों के पास पानी एकत्रित हो रहा है और मच्छर पैदा हो रहे हैं।



इस से संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी है। इस कारण मोहल्ले वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने जल्द से जल्द सड़क व नाली बनवाने की मांग की है। इस मौके पर रहनुमा, नरगिस, आयशा, नजमा, नईम, दीपक, उत्कर्ष, जोशी, सरफराज, आशकिन, अशफाख इदरीश, आफताब आदि मौजूद रहे।

## कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र का प्रोटेग्रिटी इंडिया (प्रा॰) लिमिटेड मे हुआ चयन

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के कम्प्युटर साइन्स विभाग के छात्र उसामा का जानी मानी मल्टीनेशनल कंपनी प्रोटेग्रिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मे सॉफ्टवेअर इंजीनियर-ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है, जिससे उसके व कॉलेज परिवार मे एक खुशी का माहोल है। ज्ञात हो कि छात्र उसामा पुत्र आकिल निवासी बिजनौर ने बताया कि ऑनलाइन एक्जाम टेक्निकल राउंड व एच आर इंटरव्यू की प्रक्रिया पार करते हुए मैंने जानी मानी विश्व प्रसिद्ध कंपनी प्रोटेग्रिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का ऑफर लेटर प्राप्त किया है, तथा मेरा सैलरी वार्षिक पैकेज 4.5 लाख है, यह मेरे व मेरे परिवार के लिए बहुत ही सौभाग्य व खुशी का अवसर है कॉलेज सचिव कुंवर उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) व कु॰ रुचि वीरा (पूर्व विधायक व पूर्व



जिला पंचायत अध्यक्ष) ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर जैसे छोटे शहर मे स्थापित होने के बावजूद भी यहा के छात्र शिक्षा क्षेत्र मे अच्छा प्रदर्शन कर जानी मानी मल्टीनेशनल कंपनी प्रोटेग्रिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मे नियुक्ति पा रहे है। इस अवसर पर ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता व संस्था निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र कुमार पोरवाल ने छात्र उसामा को प्रोटेग्रिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मे प्लेसमेंट होने पर बहुत बहुत बधाई दी और छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि अन्य छात्रो का भी प्लेसमेंट एक से बढ़कर एक कंपनीयो मे हुआ है जो संस्थान दुवारा विद्यार्थियों के हित मे किए गए सार्थक प्रयास को दशार्ता है तथा नियोजन की यह प्रक्रिया उसी क्रम मे आने वाले समय मे भी कॉलेज के द्वारा जारी रहेगी। इस अवसर पर संस्था के ग्रुप निदेशक उमेश कुमार गुप्ता एव निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र कुमार पोरवाल ने छात्र उसामा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, तथा विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल व समस्त फैकल्टी मेम्बर्स को बधाई दी ए छात्र उसामा ने इस सफलता का श्रेय अपने फैकल्टी मेम्बर्स व अपने माता पिता को दिया है। इस अवसर पर सभी विभागो के विभागाध्यक्ष, डॉ. शुएब अली खान, सुनील भारद्वाज, राजीव कुमार, एन पी एस भण्डारी, अंशिका पाठक आदि उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पांचवीं बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के प्रयास में एक कृष्ण भक्त

मथुरा। उत्तर प्रदेश में कान्हा नगरी मथुरा का एक कृष्ण भक्त पांचवीं बार राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए प्रयास कर रहा है। मथुरा की मातागली निवासी सतीशचन्द्र शर्मा ने इससे पहले चार बार राष्ट्रपति का चुनाव लडने का प्रयास किया था लेकिन निर्धारित प्रस्तावक न मिलने के कारण वह चुनाव में भाग नही ले सका था। शर्मा को भरोसा है कि ठाकुर एक न एक दिन उसकी मनोकामना को पूरा करेंगे। पेशे से व्यवसाई एम काम एलएलबी पास 60 वर्षीय शर्मा ने कहा कि उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा पाटिल, प्रणव मुखर्जी एवं वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था इसके लिए निर्धारित फीस भी जमा की थी किंतु प्रस्तावकों की आवश्यक संख्या न मिलने के कारण उनका फार्म अस्वीकार हो जाता है। उनका कहना था कि विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा ह्विप जारी करने के कारण उन्हें प्रस्तावक नही मिल पाते हैं किंतु वे निराश नही हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि एक न एक दिन उनके ठाकुर उन्हें चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक वातावरण तैयार करा देंगे।

### जौनपुर में सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सिंगरामऊ क्षेत्र में मंगलवार सुबह बाइक और पिकअप में भिड़ंत होने से मौके पर ही बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में बदलापुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के बडेरी गांव निवासी सुभाष सिंह (42) अपनी पत्नी नीलम सिंह (40) के साथ ढकवा की तरफ से घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दंपती हाईवे पर बहरा के समीप पहुंचे थे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार आम लदी पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और दंपती को बदलापुर सीएचससी भेजा गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पिकअप को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### महराजगंज में आकाशीय बिजली गिरने से किशोरी समेत दो की मौत, दो अन्य घायल

महाराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के एक धान के खेत में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी समेत दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना आज सुबह निचलौल थाना क्षेत्र के डिगही गांव की है। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि खेत में बिजली गिरने से रघुवर नायक (45) और खुशी (16) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य दो घायलों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### मुजफ्फरनगर में गैस पाइप लाइन की प्रेशर मशीन फटने से एक युवक की मौत

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा मार्ग पर स्थित एक मिठाई की दुकान के पास गैस पाइप लाइन की प्रेशर मशीन फटने से एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# उप्र सरकार के सौ दिन के कामों का लक्ष्य 30 तक पूरा करें : योगी

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के पहले सौ दिन का कार्यकाल आगामी 05 जुलाई को पूरा होने के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति आगामी 30 जून तक करने के दिशा-निर्देश दिये हैं। योगी सरकार अपने शुरूआती 100 दिन के कार्यकाल के कामकाज का रिपोर्टकार्ड आगामी 04 जुलाई को राज्यव्यापी स्तर पर जनता के बीच पेश करेगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विभागों को जारी दिशा-निर्देश में योगी ने कहा है कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से गत मार्च में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत हुई थी। सरकार के गठन के उपरांत सभी विभागों के लिए प्रथमिकता के आधार पर शुरूआती 100 दिनों, 06 माह, 01 वर्ष, 02 वर्ष और 05 वर्ष की कार्ययोजना तय की गई थी। पहले 100 दिनों का लक्ष्य प्रत्येक दशा में 30 जून तक पूर्ण करा लिया जाये। साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव स्तर से इसकी विभागीय समीक्षा कर अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है।

गौरतलब है कि योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के शुरूआती सौ दिन आगामी 05 जुलाई को पूरे होंगे। इस अवसर पर 04 जुलाई को मुख्यमंत्री स्वयं लखनऊ में एवं सभी मंत्रीगण तथ जनप्रतिनिधि जनता के बीच सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। योगी ने कहा कि संवाददाता सम्मेलनों के माध्यम से सरकार अपने संकल्पों के क्रम में अब तक हुई कार्यवाही की प्रगति से जनता को अवगत करायेगी।

उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री अपनी उपलब्धियों का विवरण जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। साथ ही अगले 06 माह के लक्ष्य के बारे में भी जानकारी देंगे। मंडलों के प्रभारी मंत्रीगण अपने प्रभार के मंडलों में जनता के बीच जायेंगे। योगी ने दिशानिर्देशों में गत रविवार को प्रदेश की दो लोकसभा सीटों, रामपुर और आजमगढ़ के उपचुनाव में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि स्थानीय जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी की नीतियों में अभूतपूर्व विश्वास जताया है। उन्होंने कहा, हमें इस विश्वास और उनके भरोसे पर खरा उतरना होगा। सभी विभाग इन दोनों जनपदों से सम्बंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर लें, कोई भी प्रस्ताव लंबित न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इन क्षेत्रों में संचालित एवं लंबित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ का हरिहरपुर नामक स्थान संगीत साधकों की पुरातन स्थली है। योगी ने संगीत जगत के लब्ध प्रतिष्ठित लोगों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप यहां कला-संगीत साधकों के हित में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। साथ ही रामपुर के बिलासपुर में स्थित चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र करने को कहा है।

**दिशा-निर्देश**
- आगामी 05 जुलाई को पूरे होंगे योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के शुरूआती सौ दिन

# महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता को कार्यशाला आयोजित

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती अंजू चौधरी, सदस्य - श्रीमती अर्चना गहरवार, डॉक्टर अनीता ओली जोशी, निदेशक मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश, डॉक्टर संगीता, निदेशक परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में डॉ अनीता ओली जोशी व डॉ संगीता द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिए संचालित मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरी सुरक्षा योजना, मेंस्ट्रूअल हाइजीन कार्यक्रम (राज्य सरकार योजना), नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, निर्माण कार्य एवं 112 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा, परिवार नियोजन कार्यक्रम, हौसला साझेदारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एनसीसी आदि योजनाओं के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई एवं इन विभिन्न योजनाओं का लाभ दिए जाने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम द्वारा मासिक बैठक में पूर्व में आयोग के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत आयोजित जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई के कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती अंजू चौधरी ,सदस्य - श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती सुमन चतुर्वेदी, श्रीमती इंद्रावास सिंह , श्रीमती निर्मला द्विवेदी, श्रीमती राखी त्यागी, श्रीमती निर्मला दीक्षित, श्रीमती अवनी सिंह, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती संगीता तिवारी सहित सभी सदस्यगण शामिल हुए।

**कार्यक्रम**
- महिला आयोग की अध्यक्ष ने मिशन शक्ति एवं महिला जन सुनवाई के कार्यक्रमों की समीक्षा की

# प्रधानमंत्री मोदी के सामने पहली बार प्रस्तुति देंगे बुंदेली कलाकार

झांसी, एजेंसी

उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होने जा रहा बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के उद्घाटन समारोह में पहली बार बुंदेलखंड के कलाकारों को प्रधानमंत्री के सामने प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा।

बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन समारोह बुन्देलखण्ड के कलाकारों को सौगात लेकर आया है प्रधानमंत्री के जालौन जनपद में जुलाई माह में प्रस्तावित कार्यक्रम में झांसी मंडल के 80 बुन्देली लोक कलाकार कार्यक्रम स्थल पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह पहला अवसर होगा जब देश के प्रधानमंत्री के समक्ष बुंदेली लोक कार्यक्रमों की न सिर्फ प्रस्तुतियां होंगी बल्कि कला एवं संस्कृति की धरोहर को संरक्षित रखने के लिये गठित की गई समितियों के सदस्यों को भी इन कार्यक्रम में स्थान मिलेगा। इस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिये मंडलायुक्त झांसी डा. अजय शंकर पाण्डेय की पहल पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम स्थल का दौरा कर लौटे आयुक्त ने बताया कि कार्यक्रम स्थल के समीप बुंदेली कलाकारों के लिये एक पृथक स्थान निर्धारित होगा जहां वे अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम स्थल के समीप ही एक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर दीर्घा भी बनायी जायेगी जहाँ बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर के प्रदर्शन के लिये छायाचित्र लगाये जायेंगे। इस प्रदर्शनी में झांसी मण्डल की प्रसिद्ध इमारतों के साथ-साथ हाल ही में खोजी गयी गांव-गांव की गौरव गाथा से संबंधित चित्रों का भी प्रदर्शन किया जायेगा।

मंडलायुक्त की पहल पर गठित करायी गयी 8 समितियों द्वारा विगत एक वर्ष में किये गये प्रयासों की प्रस्तुति के लिये अलग-अलग काउन्टर बनाये जायेंगे जिसमें गुमनाम से नाम की ओर प्रकाशन श्रंख्ला में प्रकाशित बुंदेली साहित्य की प्रदर्शनी तथा इन साहित्यकारों को भी इन काउन्टरों में बैठने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम स्थल पर झांसी के साथ बांदा मंडल के लोक कलाकारों को भी अवसर मिलेगा जिसके लिये मण्डलायुक्त चित्रकूट धाम अपने स्तर पर कलाकारों का चयन करायेंगे।

बुंदेलखण्ड की परम्परागत चितेरी चित्रकला के प्रदर्शन के लिये प्रधानमंत्री जी के संभावित कार्यक्रम स्थल के समीप सजावट में महत्वपूर्ण स्थान दिया जायेगा जिससे राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय कलाकारों की पहचान बन सके। आयुक्त सभागार में इस संबंध में बैठक गूगलमीट के माध्यम से आयोजित की गयी जिसमें यह तय किया गया कि झाँसी मण्डल के तीनों जिलों के लोक कलाकारों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आमंत्रित कर उन्हें भव्य प्रस्तुतियों का अवसर प्रदान किया जायेगा इसके लिये विधावार अलग-अलग मंच बनाये जायेंगे।

### सेना का जवान निकला अग्निपथ योजना के खिलाफ युवाओं को भड़काने वाला

**आगरा।** अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं को भड़काने के लिए वाट्सएप पर इंकलाब जिंदाबाद ग्रुप सेना के एक जवान ने बनाया था। जवान वर्तमान में पंजाब में तैनात है। वह मूल रूप से राजस्थान के करौली के मांड़ई गांव का रहने वाला है। आगरा पुलिस गैर जमानती वारंट लेकर पंजाब से उसे गिरफ्तार करके ला रही है। मलपुरा क्षेत्र में ग्वालियर हाईवे पर 17 जून को अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं ने हंगामा किया था। इस दौरान उन्होंने हाईवे पर जाम लगाकर मलपुरा ऐसो की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अपनी ओर से बलवा पथराव लोक व्यवस्था भंग करने व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। में 13 लोग नामजद और 35 अज्ञात शामिल थे। आठ जवानों को मौके से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पुलिस ने सादाबाद निवासी अभिषेक को भी गिरफ्तार किया। उसके मोबाइल से पुलिस को व्हाट्सएप ग्रुप की जानकारी हुई थी। इंकलाब जिंदाबाद नाम के वाट्सएप ग्रुप से करीब 300 लोग जुड़े हुए थे। इसमें 20 से 25 ग्रुप एडमिन भी थे।

# लविवि : शोध मेधा छात्रवृत्ति के 44 महिला शोधार्थी चयनित

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शोध मेधा छात्रवृत्ति योजना के दूसरे चरण में आए आवेदन पत्रों की छटनी कर दी गई है। इनमें 44 महिला शोधार्थी साक्षात्कार के लिए पात्र पाई गई हैं। इसकी सूची भी ट्वीटर पर अपलोड कर दी गई है। 30 जून को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर आफिस में होने वाले साक्षात्कार में इन्हें शामिल होने का मौका दिया जाएगा।

लविवि ने महिला शोधार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए 15 जून तक आवेदन मांगे थे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.पूनम टंडन ने बताया कि साक्षात्कार 30 जून को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक होंगे। शार्ट लिस्ट किए गए केमेस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, संस्कृत, इकोनामिक्स, सोशल वर्क सहित विभिन्न विभागों की महिला शोधार्थियों को अलग-अलग समय दिया गया है। चयन के बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी। चयनित शोधार्थी को तीन साल तक पांच हजार रूपए प्रति माह वित्तीय सहायता मिलेगी। साक्षात्कार के लिए नेट व ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)प्रमाण पत्र की मूल कापी, आखिरी फीस की रसीद, पीएचडी कोर्स वर्क पूरा होने का प्रमाण पत्र, पीएचडी सुपरवाइजर की ओर से अग्रसारित पत्र। इसके अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय में मेधावी छात्र परिषद के गठन की प्रक्रिया भी चल रही है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक आनलाइन प्रक्रिया चल रही है। 29 जून को दोपहर दो बजे डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय में आफ लाइन साक्षात्कार होंगे। संबंधित विद्यार्थियों को इसकी सूचना दे दी गई है। समिति शैक्षणिक सत्र 2021-22 के स्नातक व परास्नातक प्रथम वर्ष के लगभग 65 टापर्स में से ही छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा।

- 30 जून को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर आफिस में होंगे साक्षात्कार

### एबीसी तार डलवाकर सुचारू कराई गई विद्युत व्यवस्था

**लखनऊ।** राजधानी के गीता पल्ली वार्ड के अंतर्गत गुप्ता बिल्डिंग वाली गली में पूर्व पार्षद प्रत्याशी मुशर्रफ इमाम के अथक प्रयास के द्वारा दो खंभों के बीच लगभग 30 मीटर एबीसी तार डलवाने का कार्य विभाग के द्वारा करवाया गया। मुशर्रफ इमाम ने बताया कि यहां एक ही पॉइंट से लगभग 40 से अधिक घरेलू विद्युत कनेक्शन पूर्व में था जिसकी वजह से आए दिन लोड अधिक होने के कारण जंपर जल जाया करता था और कई कई घंटों क्षेत्रवासियों को बिजली के बिना भीषण गर्मी में रहना पड़ता। क्षेत्रवासियों के द्वारा समस्या से अवगत कराने के पश्चात लगातार प्रयास के परिणामस्वरूप वहीं पर स्थित दो खंभों के बीच एबीसी तार डलवाने का कार्य सुचारू रूप से पूर्ण हुआ और लोगों के घरों के कनेक्शन अलग-अलग पॉइंट से किए गए, जिससे एक ही स्थान पर पड़ने वाला विद्युत लोड अलग-अलग बट गया। उक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात वहां आसपास के तमाम गलियों के सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों मैं प्रसन्नता दिखाई दी।

# गैंगस्ट एवं गोकशी के 2 अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता



सम्भल पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत थाना नखासा प्रभारी सत्येंद्र सिंह पबार मय पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर गोकशी के दो अपराधीयो को किया गिरफ्तार अभियुक्तगण अतीक पुत्र सद्दीक नि0 ग्राम खडिया थाना अजीमनगर जनपद रामपुर हाल नि0 मौ0 शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल ने अपना एक संगठित गिरोह बना रखा है ।जिसका स्वयं गैंगलीडर है तथा सहअभियुक्त फैजान पुत्र वकार नि0 मौ0 शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल, सुलेमान पुत्र अतीक नि0 मौ0 शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल, वकार पुत्र इरशाद हुसैन नि0 मौ0 शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल, . नईम पुत्र जहीर नि0 मौ0 तिमरदाससराय थाना नखासा जनपद सम्भल सक्रिय सदस्य है ।इनके द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर अपने व अपने परिवार के आर्थिक व भौतिक लाभ अर्जित करने के लिए गौवंशीय पशुओ का वध करके उनके मांस को बेचकर अवैध धन अर्जित करते है । गौकशी करने की ओर अग्रसर है ।उक्त सम्बन्ध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था दिनांक 28.06.2022 को थाना नखासा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 01. वकार उर्फ विकार हुसैन पुत्र इरशाद हुसैन उम्र करीब 52 वर्ष, 02. फैजान पुत्र वकार उर्फ विकार हुसैन उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण मौहल्ला शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# अलीगढ़: नाली से जुड़े विवाद को लेकर पड़ोसियों के हमले में पति-पत्नी की मौत

अलीगढ़, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के क्वार्सी थाना क्षेत्र में नाली से जुड़े विवाद को लेकर पड़ोसियों के हमले से अधेड़ उम्र के पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनके तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि क्वार्सी थाना क्षेत्र के देवसैनी गांव में सोमवार रात हुई हिंसा का तात्कालिक कारण दोनों पड़ोसियों के घरों के बीच खुले नाले को लेकर हुआ विवाद था। हालांकि, उनके बीच दुश्मनी दो साल पहले हुई एक घटना के बाद से ही चल रही थी। अधिकारी के मुताबिक, रॉड, पत्थरों और लाठियों से हमला करने के बाद आधा दर्जन से अधिक हमलावर पीड़ितों को छोड़कर मौके से फरार हो गए। हमले में एक दंपति की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कलानिधि नैथानी ने संवाददाताओं को बताया कि हमले में घायल जगेंद्र पाल (50) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी पत्नी सर्वेश देवी (45) की अस्पताल ले जाने के कुछ ही देर बाद मौत हो गई।

नौथानी के अनुसार, माता-पिता को बचाने के लिए दौड़े उनके तीनों बच्चे-सोनू (22), विशाल (19) और डॉली (16) भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। नैथानी के मुताबिक, हमलावरों में से दो अजय और जितेंद्र को पकड़ लिया गया है, जबकि अन्य नामित आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड को दो साल पहले हुई एक हिंसा का बदला लेने की कार्रवाई करार दिया है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2020 में दोनों पड़ोसी परिवारों के बीच एक विवाद को लेकर हुई हिंसा में अधेड़ उम्र की एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद जगेंद्र पाल अपने गांव से बाहर चले गए थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार की घटना में मारी गई सर्वेश देवी दो साल पहले की हिंसा में अपने दो बेटों के साथ कई माह जेल में बिताने के बाद जमानत पर बाहर थी। उसका परिवार अलीगढ़ शहर में रह रहा था। अधिकारियों ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले स्थिति सामान्य समझकर सर्वेश देवी और जगेंद्र पाल ने गांव लौटने का फैसला किया, लेकिन सोमवार रात दोनों परिवारों के बीच एक बार फिर हिंसा हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर पीड़ितों को ईंटों और लाठियों से तब तक पीटते रहे, जब तक उन्हें यकीन नहीं हो गया कि वे मर चुके हैं। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सभी हमलावर भाग चुके थे और हमलावर परिवार की केवल एक महिला घर में मिली थी।

# संभल जिला संयुक्त चिकित्सालय के स्टोर में लगी भीषण आग



सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता

जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल के स्टोर में सबसे ऊंची मंजिल पर भीतर आग लगने से मची अफरा-तफरी सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।

जानकारी के मुताबिक जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल के स्टोर में अचानक भीषण आग लगने से मौके पर लोगों में मची अस्पताल में आग बुझाने के पर्याप्त साधन न होने से अस्पताल की लापरवाही आई सामने अफरा-तफरी सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जयसवाल पुलिस बल के साथ व दमकल विभाग की टीम ने व स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।

आग लगने से चिकित्सालय में भारी हुआ नुकसान जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जयसवाल द्वारा बताया गया है कि यह आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है इसमें कोई भी जनहानि नहीं हुई है ऊपर तो जनरल वार्ड मैं कोई मरीज नहीं था केवल गद्दे जल गए हैं।

# यूपी का वैश्विक स्तर पर मान बढाने के लिये पीएम मोदी का आभार : योगी

लखनऊ, एजेंसी



जी-7 समिट में भाग लेने जर्मनी यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद उपहार स्वरूप विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को देने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जापान,फ्रांस,इटली,ब्रिटेन,इंडोनेशिया और सेनेगल के राष्ट्राध्यक्षों को उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद भेंट कर राज्य का वैश्विक स्तर पर मान बढाया है। इसके लिये समूचा प्रदेश मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सिलासिलेवार ट्वीट कर कहा आदरणीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को देवाधिदेव महादेव की पावन नगरी काशी का प्रसिद्ध हस्तशिल्प गुलाबी मीनाकारी ब्रोच व कफलिंक सेट भेंट कर उ.प्र. के स्थानीय शिल्प को वैश्विक पटल पर गौरवभूषित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उप्र के निजामाबाद की सुप्रसिद्ध शिल्प कला से निर्मित काली मिट्टी के बर्तन जापान के प्रधानमंत्री किसहीडा को उपहार स्वरूप प्रदान किए हैं।

उत्तर प्रदेश की शिल्प कला के सम्मान के लिये आपका हार्दिक आभार। उन्होंने कहा कि मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रां को हस्तशिल्प जरी-जरदोजी से बने बॉक्स में उ.प्र. में निर्मित विभिन्न अमूल्य उपहार भेंट किए हैं। प्रधानमंत्री ने जी-7 समिट हेतु जर्मनी प्रवास के दौरान इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्राघी को आगरा निर्मित मार्बल इनले टेबल टॉप उपहार भेंट कर उ.प्र. की समृद्ध कारीगरी को वैश्विकता प्रदान की है। मुरादाबाद की अद्भुत कलाकृति को मोदी द्वारा जर्मनी के चांसलर ओलफ स्कालजको भेंट करना सम्पूर्ण प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। वैश्विक पटल पर पीतल नगरी की चमक बिखेरने के लिये आपका हार्दिक आभार।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन के पीएम बोरिस जानसन को चीनी मिट्टी के अद्वितीय उत्पादों के लिए प्रसिद्ध बुलंदशहर की प्लेटिनम पेंटेड हैंड पेंटेड टी सेट भेंट कर स्थानीय कलाकृति व हुनर को वैश्विक पटल पर नई पहचान देने का कार्य किया है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोकोवी को वाराणसी की लोकप्रिय काष्ठ और लाख की अद्भुत कला से निर्मित राम दरबार की कलाकृति भेंट कर प्रदेश के नायाब हस्तशिल्प को वैश्विक पटल पर नई ऊंचाइयां प्रदान की है।

# सम्भल: बी हेल्थ फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य कैंप

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता



मंगलवार को बी हेल्थी फाउंडेशन कि तरफ से तत्वाधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प नियर कोट गर्बी एक रात वाली मस्जिद सम्भल में एक फ्री हैल्थ कैम्प लगाया गया जिसमें शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक मशहूर डॉ. मोहम्मद जैद वारसी दिल , शुगर , ब्लड प्रेशर , थायराईड , सास का फूलना , जिगर में दिक्कत , घुटनों में दर्द , पथरी का सफल इलाज , खासी का होना , डेंगू , मलेरिया , टाईफाईड जैसे सभी मरीजों को देखा गयाडॉ. आयशा स्त्री रोग विशेशज्ञ डॉ मोहम्मद नसीम (बी डी एस) दाढ़ दांत का इलाज किया गया डॉ. अनस महमूद ( ऑप्टो ) आँखों का इलाज किया गया डॉ. आमिल जकी ( पैथोलोजिस्ट ) खून की जाँच की गयी । लगभाग 250 मरीजों को देखा उनकी जरूरी जांचे और दवाइया फ्री उपलब्ध कराई जिसमे डॉ जैद वारसी ने कहा कि बी हैल्थी फाउंडेशन टीम ओर हमारे अस्पताल का टारगेट है कि जो मरीज इस आर्थिक तंगी के दौर में अपना इलाज नही करा पा रहे है उनको इस शिविरों से लाभ मिले... बी हेल्थी फाउंडेशन हेल्थ कैम्प के सभी सम्मानित सदस्यो ने मिलकर फैसला लिया है. कि हमारी संस्था के और से हर मंगलवार को 2 बजे से 5 बजे तक हर शहर के अलग अलग इलाकों में निशुल्क स्वास्थ्य आयोजन किया जाएगा ।

# योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में 14 अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में आज कुल 14 प्रस्तावों को हरी झंडी मिली है। साथ ही डेटा सेंटर बनाने को मंजूरी मिली है। बैठक के फैसलों की जानकारी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने दी। बताया कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति 2021 के अंतर्गत 4 निवेश प्रस्तावों को प्रोत्साहनों की स्वीकृति मिली है।

उन्होंने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर पास के लिए भारत सरकार के नेशनल हाईवे और रेलवे के साथ एमओयू किया जाएगा। 300 रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिजऔर अंडर ब्रिज बनाए जाएंगे। इसमें राज्य सरकार का खर्च 10 प्रतिशत होगा। जितिन प्रसाद ने बताया यूपी को एयर क्राफ्ट सर्विस और ओवरहॉलिंग का हब बनाया जाएगा। नोएडा में इसकी पहली यूनिट स्थापित होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर ड्रॉप मोर क्रॉप के लिए पांच वर्ष के लिए वित्तीय सहायता की मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की पौधशालाओं से निशुल्क पौधे उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में 35 करोड़ पौधरोपण के लिए प्रदेश के सभी शासकीय विभागों एवं अन्य को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की पौधशालाओं से निशुल्क पौध उपलब्ध कराने को लेकर मिली स्वीकृति जितिन ने बताया कि ड्रॉप मोर क्रॉप कार्यक्रम में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के प्रोत्साहन के लिए पांच वर्ष तक अतिरिक्त राज्य सहायता ( टॉप अप) अनुमन्य किया जाने का निर्णय हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय क्षेत्र में सम्मिलित किए गए ग्रामों में भी स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के कार्य को जारी रखे जाने का प्रस्ताव पास हुआ। प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को खाद्यान्न के लिए 3196.81 करोड़ रुपए अनुमानित व्ययभार को मंजूरी मिली है। मंत्री ने बताया कि उत्तरप्रदेश होमगार्डस के सम्बंध में प्रस्ताव पास, ड्यूटी भत्ता 786 के साथ प्रतिदिन भुगतान को भी मंजूरी मिली है। प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव पास,बजट स्वीकृत किया गया है।

- डेटा सेंटर बनाने को मंजूरी मिली

## संक्षिप्त खबरें

### नवनिर्वाचित एमएलसी मुन्नी रजक के खुसरूपुर आगमन पर राजद कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया



फतुहा। राजद के नवनिर्वाचित एमएलसी मुन्नी रजक के खुसरूपुर आगमन पर राजद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने खुसरूपुर चौराहा पर उनको मालापर्ण कर जोरदार स्वागत किया। राजद कार्यकर्ताओं ने मुन्नी रजक के एमएलसी बनने पर उन्हें बधाई दी। एमएलसी मुन्नी रजक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

### विद्युत चोरी में उपभोक्ता पर 18 हजार रुपए का लगा जुमार्ना

दानापुर। नगर के पेसू विभाग द्वारा लगातार विद्युत चोरी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दानापुर के कनीय अभियंता संजय कुमार के नेतृत्व में मैनपुरा में छापेमारी किया गया। जहां विद्युत चोरी करने के आरोप में लल्लु महतो पर 18 हजार 384 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

### एनएमसीएच के एक डॉ, दो स्टाफ के अलावा 8 पॉजिटिव

पटना सिटी। एनएमसीएच में एक डॉक्टर और दो स्टाफ के अलावा आठ कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी ने बताया कि यहां 72 की जांच में आठ संक्रमित पाए गए हैं। इसमें अस्पताल के एक डॉक्टर व दो स्टाफ हैं।

# बिहटा प्रखंड के शिक्षकों ने प्रारंभ किया अन्न सत्याग्रह

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

बिहटा-दर्जनों प्रखंड शिक्षकों ने बिहटा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा मनमानी कार्य को लेकर मंगलवार को बिहटा स्थित बीआरसी के प्रांगण में अन्न सत्याग्रह प्रारंभ किया है।इस दौरान शिक्षकों ने

शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुऐ बर्खास्त करने की मांग किया है।उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की शोषण व दमनकारी नीति के विरुद्ध आन्दोलन अनवरत जारी रहेगा।प्राथमिक शिक्षक पटना प्रमंडल पटना के महासचिव मिथिलेश शर्मा,स्नातक ग्रेड प्रशिक्षित शिक्षक संघ के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह,सहित अन्य शिक्षक संघ के लोग धरना स्थल पर पहुंचकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा विभागीय नियमों के प्रतिकूल किए गए कार्यों की घोर भर्त्सना की।

साथ ही उन्होंने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इस प्रकार की कार्यशैली से समाज में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो रही है।बिहटा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने 19 चिन्हित शिक्षकों को प्राप्त वार्षिक वेतन वृद्धि को अवैध करार कर काट दिया।जबकि पटना जिले के अन्य प्रखंडों के शिक्षकों को इस वेतन का लाभ दिया जा रहा है।उनका यह कार्य विभागीय नियमों के प्रतिकूल है और यह कार्रवाई विद्वेष की भावना से की गई है।



वही बिहार पंचायत नगर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षकों के इंक्रीमेंट काटे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।उन्होंने बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिहटा को बीआरसी कार्यालय में धरना स्थल पर आकर शिक्षकों से बैठ कर बात करनी चाहिए थी, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है।वो पिछले 16 जून से लगातार बीआरसी से अनुपस्थित हैं।ये शिक्षकों के प्रति उनकी संवेदनहीनता को दशार्ता है। उपस्थित शिक्षकों में मिथिलेश पासवान,राकेश कुमार,जगजीवन राम,जोगिंदर कुमार,अनिता कुमारी, ज्योति कुमारी,पूनम कुमारी, विजय कुमार सिंह, संतोष कुमार,मनीष कुमार, प्रवीण कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांग को एक थप्पड़ जड़ना पुलिस को पड़ा भारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

**जुमार्ना**

- मनवाधिकारणायोग ने पुलिस पर लगाया 25 हजार का जुमार्ना

14 सितंबर, 2021 को एक दिव्यांग राजन कुमार को रास्ते में जाते समय पुलिस जवान मिथुन कुमार द्वारा एक थप्पड़ मारा गया था। इसके कारण उसके कान में गंभीर चोट लगी और सुनने की शक्ति कम हो गई थी। मामले को लेकर विकलांग अधिकार मंच, बिहार के संयुक्त सचिव रवि कुमार चौधरी अपनी टीम के साथ चौक थाना पहुंचे। मगर थानाध्यक्ष ने आवेदन लेने से इंकार कर दिया था।

उक्त मामले को गंभीरता से लेकर राष्ट्रीय विकलांग मंच के महासचिव अरुण कुमार सिंह ने मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद आयोग ने मामले को सही पाया और 21 जून, 22 को सुनवाई के दौरान दोषी पुलिस जवान पर 25 हजार का जुमार्ना लगा कर उक्त राशि को पीड़ित दिव्यांग को भुगतान करने का आदेश दिया।

उक्त पुलिस कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसकी जानकारी जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक ने डीआईजी कमीशन और मानवाधिकार आयोग को दी है। विदित हो कि मालसलामी थाना अंतर्गत बुंदेल टोली निवासी दोनों पैर से दिव्यांग राजन कुमार 14 सितंबर, 21 को अपने तिपहिया स्कूटी से कोचिंग जा रहे थे।

इसी क्रम में मारुफगंज मोड़ पर सिपाही मिथुन कुमार ने उनकी तीन पहिया स्कूटी की तलाशी लेने लगा। कोचिंग जाने में देर होने बात कहने पर उक्त सिपाही गुस्से में आकर उनके कान के नीचे जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। एनएमसीएच में इलाज के दौरान पता चला कि उसके कान में गंभीर चोट लगी एवं सुनने की शक्ति कम हो गई है।

इसकी सूचना स्थानीय थाना में इनके द्वारा दी गई थी, मगर उक्त सिपाही के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई थी।

# अम्बेडकर युवा मंच का द्वितीय अधिवेशन का हुआ आयोजन




दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर के बिहार दलित विकास समिति के द्वारा प्रशासनिक कार्यालय रूकनपुरा में मंगलवार को अम्बेडकर युवा मंच का द्वितीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार ह्यसुमनह्न ने द्वाप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने उद्घाटन भाषण में मंत्री महोदय ने कहा कि आज भी हम - न कहो हर स्तर पर पिछड़े हुए है चाहे आर्थिक हो सामाजिक हो या राजनैतिक। हर स्तर पर हमे आगे बढ़ने की जरूरत है। अम्बेडकर युवा मंच का गठन शायद इसी उद्देश्य से किया गया है कि हमारे युवा हर क्षेत्र संगठित होकर आगे बढ़े। संस्था के निदेशक का. एन्टो ने कहा कि हमे अपनी जिम्मेवारी को समझने की जरूरत है। हमे किसी के ऊपर रहने की जरूरत नहीं है। मंच को आगे बढ़ाने और अपनी आवश्यकता को पूरा करने की जिम्मेवारी खुद वहन करनी होगी। अधिवेशन में बाढ़, बरबीघा, खड़गपुर, झाझा, पटोरी समेत लगभग 150 दलित युवा प्रतिनिधि ने भाग लिया। मंच का संचालन बीरेन्द्र ने किया। इस अवसर पर रजनी रोसलीन, संतोष कुमार, अर्ज कुमार , राधा मोहन, भाई थोमस , सिनाय नायक , सत्येन्द्र, निदेशक फा० जोंस, फा ० एण्टो जोसेफ आदी शामिल हुए।

### शिव परिवार व हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का निकला शोभायात्रा

**बड़हरा।** प्रखंड क्षेत्र के गुंडी गांव में शिव परिवार तथा हनुमत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बड़े धूमधाम से शोभा यात्रा सह जलभरी यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर जल भरी यात्रा सह शोभा यात्रा गुंडी गांव के चार धाम मंदिर के प्राचीर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण किया गया। इसके साथ ही गंगा के पावन तट महुली गंगा घाट पर श्रद्धालु हर हर महादेव तथा जय श्री राम के नारों के साथ जलभरी करने पहुंचे। इस दौरान पुरा वातावरण जय श्रीराम व हर हर महादेव से गुंजायमान हो रहा था। मां गंगा के रमणीक तट महुली गंगा घाट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर सभी महिला तथा पुरुष श्रद्धालु भक्त सिर पर कलश लेकर मंदिर के प्राचीर में पहुंचे। इस जलभरी यात्रा के दौरान कलश यात्रा घोड़ा, हाथी, ऊंट, ढोल नगाड़े व गाजे बाजे के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को जलभरी करने के लिए 1001 कलश की व्यवस्था की गई थी। शिव परिवार तथा हनुमान जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा आचार्य संजय जी महाराज व उनके शिष्यों के सानिध्य में 29 जून को पंचांग पूजन व वेदी पूजन के साथ 30 जून को शिव परिवार एवं हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा।

# डीआरएम (दानापुर) प्रभात कुमार जल्द कर सकते हैं अथमलगोला रेलवे स्टेशन का दौरा

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार दैनिक यात्री संघ शाखा अथमलगोला पीछले दो वर्षों से अधिक समय से दानापुर मंडल के अथमलगोला (ATL) स्टेशन पर कोरोना काल से पूर्व रूक रही ट्रेनों के ठहराव की पुनर्बहाली के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में बिहार दैनिक यात्री संघ शाखा अथमलगोला के उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व अथमलगोला स्टेशन परिसर मां दुर्गा मंदिर के पुरोहित विकास पाठक ने मंगलवार को मंडल कार्यालय दानापुर में मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार से मुलाकात की। और फिर मांगों को दुहराया एवं अथमलगोला स्टेशन में आकर ग्राऊंड लेवल की यात्री समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया। मौके पर डीआरएम ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि इसी सप्ताह (02/07 /2022) शनिवार को मैं कोशिश करूंगा कि अथमलगोला स्टेशन आकर



अथमलगोला स्टेशन की जो भी यात्री समस्या है उसकी जमीनी हकीकत से अवगत होकर उसके समाधान की दिशा में प्रयास करूँगा।

ट्रेनों के ठहराव की पुनर्बहाली पर उन्होंने कहा कि एक बार हम अथमलगोला स्टेशन का दौरा कर लेते हैं।उसके बाद फिलहाल कम से कम दो जोडी.ट्रेनों के ठहराव की पुनर्बहाली के लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों से समीक्षा करवा के हम लोग इसे स्वीकृत करवाने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होनें कहा कि अप कॉमन लूप लाइन नंबर 04 पर ओवरब्रिज एक्सटेंशन के लिए भी हम कोई रास्ता देखेंगे,अगर कोई व्यक्ति FOB के लिए जमीन रेलवे को दान देती है तो और अच्छा होगा, हम वहां जाकर सारे विकल्पों का गहन अध्ययन कर सुविधा विस्तार की हर संभव कोशिश करेंगे।

# दोपहर होते होते शिविर छोड़कर चले जाने से कई दिव्यांग बैरन लौटे

उदवंतनगर, प्रात : किरण संवाददाता

दोपहर होते होते समय से पहले चिकित्सक दल द्वारा शिविर छोड़कर चले जाने के कारण कई दिव्यांग बच्चों को बिना दिव्यांगता जांच व प्रमाणीकरण के बैरन लौटना पड़ा जिससे दिव्यांगों के परिजनों में आक्रोश देखा गया। शिक्षा विभाग के कर्मियों को उनका कोप भाजन बनना पड़ा। परिजन इधर उधर दौड़ लगाते देखे गए। बिहार शिक्षा परियोजना, भोजपुर के बैनर तले बीआरसी,उदवंतनगर में दिव्यांग बच्चों का प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच और प्रमाणीकरण के लिए कागजात मांगे गए।जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिविर में 6-18 आयु वर्ग के प्राथमिक व उच्च विद्यालयों में नामांकित एवं अनामांकित बच्चों का दिव्यांगता जांच व प्रमाणीकरण करने का आदेश जारी किया था जिससे एक भी दिव्यांग लाभ से वंचित न रह सके। प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक



कागजात भी मांगें गए थे। मूकबधिर व मानसिक जांच से संबंधित डाक्टर के अनुपस्थित रहने के कारण बिना जांच कराए कई बच्चों को लौटना पड़ा। परिजनों ने कहा कि शिविर आखिर क्यों आयोजित किया जाता है? जब डाक्टर ही शिविर में नहीं रहते हैं। जांच कौन करेगा ?उदवंतनगर निवासी ओमप्रकाश सिंह दोपहर को जब गोद में लिए दिव्यांग बच्चे को लेकर पहुंचे तो डाक्टर शिविर से जा चुके थे। वैसे दर्जन भर से अधिक लोगों के शिविर से बिना जांच कराए लौटने की शिकायत मिली। शिविर में कुल 91 दिव्यांगों का पंजीयन किया गया जिसमें 87 बच्चों का दिव्यांगता जांच हुई।

### ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के हक के लिए संघर्ष को तैयार : मनोज पाण्डेय

**आरा।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की शाखा परिषद की बैठक आरा रेलवे स्टेशन परिसर में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अजय कुमार ने की।बैठक में यूनियन के केंद्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमे महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव के आदेश पर 29 जून को भारत सरकार की अग्निवीर योजना के विरोध में कार्यक्रम निर्धारित करने की योजना बनी तथा नई पेंशन नीति को रद्द कर पुरानी पेंशन नीति को लागू करने की मांग को रेलकर्मियों ने जोरदार ढंग से उठाया।बैठक में रेलवे आवास,कर्मचारियों की छुट्टी की समस्या के साथ कर्मचारियों के कई सुविधाओ में कटौती पर चर्चा हुई।बैठक के अंत मे श्री पाण्डेय ने कहा कि हमारा यूनियन हर पल कर्मचारियों के सुविधाओ के खातिर संघर्षरत रहा है और सदैव रहेगा।बैठक में अजय कुमार, अशोक मिश्रा, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, अशोक पाण्डेय, संजीत कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, बिंध्याचल शर्मा, यशदेव कुमार यादव, समसाम अख्तर, के साथ और भी कई लोग उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक से शराब ले जाते एक धराया, दूसरा फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

**गिरफ्तार**

- जब्त दोनों मोटरसाइकिल चोरी का, पिंटू राय गिरफ्तार
- यात्री ने शोर कर शराब ले जा रहे व्यक्ति को पकड़वाया

चौक थाना की पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। दोनों मोटरसाइकिल चोरी का निकला है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि शराब लेकर हाजीगंज मोहल्ला होते हुए दो मोटरसाइकिल पर दो लोग जा रहा था। दूसरी ओर से पुलिस की गश्ती गाड़ी आ रही थी।

पुलिस को देख मोटरसाइकिल सवार भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक ने अपना नाम पिंटू राय बताया, जो किलाघाट का रहने वाला है। साथ ही आठ लीटर शराब भी बरामद किया गया है। पुलिस पिंटू को लाकर थाना में पूछताछ की, तो दोनों मोटरसाइकिल चोरी का बताया गया। पुलिस वाहन का नंबर, चेचिस और इंजन नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता कर रही है। दूसरी ओर एक व्यक्ति झोला में शराब लेकर यात्री के रूप में ऑटो में बैठ कर जा रहा था। जैसे ही ऑटो चौक मोड़ के पास पहुंचा और वहां पर पुलिस को तैनात देखा। इस पर शोर मचा पुलिस को बुला बताया कि यह शराब लेकर जा रहा है। थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि पकड़ा गया युवक आलमगंज थाना क्षेत्र का राजेश कुमार है। उसके झोला में सौ लीटर शराब बरामद किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### 19 लाख 3 हजार 4 सौ 2 रुपए की लागत से कराया गया बालबाँध

**गडहनी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत काउप पंचायत के बालबाँध गाँव स्थित सूर्य मंदिर धाम पर पन्द्रहवीं वित योजना से बने छठ घाट का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार के उपस्थिति मे पंचायत के मुखिया मनीषा देवी ने फीता काटकर किया।बिडिओ ने बताया कि इस छठ घाट का निर्माण पन्द्रहवीं वित योजना से 19 लाख 3 हजार 4 सौ 2 रुपए की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर मुखिया मनीषा देवी ने बताया कि इस छठ घाट का निर्माण होने से बालबांध गांव सहित आसपास के गांव से आने वाले छठ व्रतियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि छठ जैसे महान व्रत के लिए घाट के निर्माण होने से स्थानीय व आसपास के लोगों में खुशी व्याप्त है।बता दें कि यहां पर छठ पूजा करने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचते थे लेकिन छठ घाट प्रयाप्त नहीं होने से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता था वहीं इस छठ घाट का निर्माण होने से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

# महाभंडारा के साथ श्रीविष्णु महायज्ञ की हुई पूणार्हुति

आरा, प्रात : किरण संवाददाता

- यज्ञ से वातावरण होता है पवित्र : देवराहा शिवनाथ दास जी

भारत के महाविभूति अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संत श्रीदेवराहा शिवनाथ जी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्रीविष्णु महायज्ञ की आज पूणार्हुति की गई।काशी के प्रसिद्ध यज्ञाचार्य पंडित डॉक्टर भूपेन्द्र पांडेय और उनके सहयोगियों के द्वारा वेदमंत्रों से ग्यारह लाख आहुतियां यजमानों से हवनकुण्ड में दिलाई गई।वहीं लगभग 22 हजार श्रद्धालुओं ने संत श्रीदेवराहा शिवनाथ जी महाराज से गुरुदीक्षा ली।इसके बाद संत श्रीदेवराहा शिवनाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सारे जप-तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें। भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवत गीता में अर्जुन से कहते हैं, हे अर्जुन! जो यज्ञ नहीं करते हैं, उनको परलोक तो दूर यह लोक भी प्राप्त नहीं होता है। जिन्हें स्वर्ग की कामना हो, जिन्हें जीवन में आगे बढ़ने की आकांक्षा हो उन्हें यज्ञ अवश्य करना चाहिए। यज्ञ कुंड से अग्नि की उठती हुई लपटें जीवन में ऊंचाई की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। यज्ञ करने वाले बड़भागी होते हैं। इस लोक में उनका दुःख-दारिद्रय तो मिटता ही है, साथ ही परलोक में भी सद्गति की प्राप्ति होती है।

# लापता युवक का शव नहरनुमा नाला से मिला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



- 26 की रात को किसी से झगड़ा करने की सूचना परिजन को दिया था

आलमगंज थाना क्षेत्र के लड्डू अखाड़ा समीप नहरनुमा नाला से पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक युवक का शव पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के कोइरी टोला नहर पर का वासी रामविलास चौधरी के पुत्र बिजली मिस्त्री (22 वर्ष) मनोज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने कहना कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामले की छानबीन की जा रही है।

मंगलवार की सुबह टहलने निकले लोगों की नजर नहर में तैरती लाश पर पड़ी। इसके बाद सूचना आलमगंज थाना की पुलिस को दी गई। नहर के पास बड़ी संख्या में लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने नहर के बीच से शव को बाहर निकाला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान की है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बिजली मिस्त्री मनोज सोमवार की शाम घर कोइरी टोला (शनिचरा मंदिर के पहले) से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। परिवार के लोग देर रात तक उसके वापस लौटने का इंतजार कर रहे थे। हालांकि आसपास के लोगों का कहना था कि रात में परिजनबको सूचना दी गई थी कि आपका मनोज किसी से झगड़ा कर रहा है।

मगर परिजन का कहना था कि उसका बराबर यही झमेला है, कह कर नहीं गए। इस बीच मनोज का शव नहर से बरामद हुआ है। पिता रामविलास चौधरी मोहल्ला में ही चायनाश्ता की दुकान चलाते हैं। युवक की मौत किस स्थिति में हुई है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे लोगों का कहना था कि वह नशे का भी आदी था। आलमगंज थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मनोज के मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस घटना से जुड़े पहलुओं की छानबीन कर रही है।

### विश्व संगीत दिवस के अवसर पर फिल्म संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**आरा।** विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में राधिका मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले कल्याण विद्यालय, रामपुर मिल्की में फिल्म संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप विकास आयुक्त हरिनारायण पासवान, चाइल्ड हेल्प लाइन की डायरेक्ट डा. सुनीता सिंह, डायरेक्टर नवीन कुमार और प्राचार्या सुनीता पांडेय ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। अपने संबोधन में डीडीसी ने कहा कि मां-बाप पूजनीय हैं। हमें इनकी सेवा हमेशा करनी चाहिए। जो व्यक्ति मां-बाप की सेवा नहीं करता, वह जीवन सुखी नहीं रहता। वहीं डा. सुनीता सिंह ने कहा कि भाग-दौड़ की जिंदगी में इस तरह का संगीत का कार्यक्रम आयोजित करना बड़ी बात है। इस तरह का आयोजन मुझे बहुत पसंद है। कार्यक्रम का शुभारंभ मशहूर गायक धर्मेन्द्र कुमार ने भजन- अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरं...गाकर किया। वहीं हरिनारायण पासवान ने सुख-दुःख था सब एक...और पल-पल दिल के पास तुम रहती हो...गाया, जिसे श्रोताओं ने काफी पसंद किया। नवीन कुमार और सुनीता पांडेय ने कोरा कागज था ये मन मेरा..., जन्म-जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा...को बहुत ही खूबसूरती के साथ पेश किया।

# कबीर मठ में त्रिदिवसीय साम्प्रदायिक सौहार्द मेला आरम्भ

फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा में प्रातः मठ के संरक्षक महन्थ ब्रजेश मुनि , महन्थ योगानंद साहेब, सन्त विवेक मुनि, महन्थ सत सरूप दास, महन्थ किशोर दास द्वारा प्रस्तुत बीजक पाठ हवन से आरम्भ हुआ सद्गुरु कबीर जयन्ती महोत्सव।

अपराह्न में तख्त हरिमन्दिर साहिब के ग्रंथी त्रिलोक सिंह निषाद के साथ परमजीत सिंह, नितीश सिंह अवतार सिंह, राजेन्द्र सिंह द्वारा अरदास की समवेत प्रस्तुति की गई। अवतार सिंह हीत ने कहा यहाँ गुरु नानक देव के चरण पड़े है। इसे सिख तीर्थ रूप में विकसित करने में हर सम्भव सहयोग करूँगा। इस अवसर पर तख्त हरिमन्दिर साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान अवतार सिंह हीत, उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोढ़ी, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य गुरविंदर सिंह, जगजीत सिंह पधारे कबीर मंदिर में मत्था टेका और ४८ घंटे का अखंड गुरुग्रंथ साहिब का पाठ आरम्भ कराया।

सबसे अधिक बिहार की यात्रा की। कबीर साहिब के जीवन का चमत्कारिक प्रसंग सुनाया।

महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा कि सद्गुरु



**मेला**

- हिन्दू मुस्लिम सभी को मानवता उपदेश दिये सद्गुरु कबीरः उपमुख्यमंत्री रेणु देवी

कबीर साहिब हिन्दू मुस्लिम सभी को मानवता उपदेश दिये। उन्होंने समाज मे व्याप्त अन्ध विश्वास, छुआ छूत, आडम्बर, ऊँच नीच भेद भाव को मिटाकर समरस समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया। विशिष्ट अतिथि राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय ने कहा आज समाज में साम्प्रदायिक सद्भाव और जाति धर्म के भेद भाव से ऊपर उठकर समरस समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। कबीर मठ फतुहां इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द मेला का आयोजन किया है। साम्प्रदायिक सौहार्द मेला से आपसी सौहार्द बढ़ेगा। जदयू के उपनेता महेश्वर हजारी, विधायक, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद सदस्य रत्नेश सादा, पूर्व विधायक सतीश कुमार, पटना उपमेयर प्रत्याशी प्रभात रंजन, राजकुमार यादव, बिरजू यादव, गुरुद्वारा के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह ढिल्लन, आनंद मोहन झा, वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय, पार्षद केशर प्रसाद, बबलू साह सहित कई गण्यमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय ने किया।

आरम्भ में आगत अतिथियों का स्वागत महन्थ ब्रजेश मुनि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन निवर्तमान विधायक प्रत्याशी ई. सत्येन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें



### एसपी समूह के पालोनजी मिस्त्री का 93 साल की उम्र में निधन

मुंबई। शापूरजी पालोनजी समूह के प्रमुख पालोनजी मिस्त्री का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। कंपनी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मिस्त्री, टाटा समूह के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक थे। समूह में उनकी 18.4 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। वह 93 वर्ष के थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार और मंगलवार की रात में दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास पर नींद के दौरान उनका निधन हो गया।

### ओएनजीसी का हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में समुद्र में उतरा, चार को बचाया गया

नई दिल्ली। ओएनजीसी का हेलीकॉप्टर, जिसमें दो पायलट सहित नौ लोग सवार थे, मंगलवार को आपातकालीन स्थिति में अरब सागर में कंपनी के एक रिग के पास उतरा। कंपनी ने यह जानकारी दी। ओएनजीसी के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक नौ में से चार लोगों को बचाया गया है, और अन्य को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। हेलीकॉप्टर में ओएनजीसी के छह कर्मचारी सवार थे और एक व्यक्ति कंपनी के साथ काम करने वाले ठेकेदार से संबंधित था। हेलीकॉप्टर को आपातकालीन स्थिति में उतरने के लिए फ्लोटर्स का उपयोग करना पड़ा, जो ऐसे तांबे से जुड़े होते हैं, जो कर्मचारियों और सामान को किनारे से अपतटीय प्रतिष्ठानों तक ले जाते हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किन परिस्थितियों के कारण आपातकालीन लैंडिंग हुई। अन्य विवरण का भी इंतजार है। ओएनजीसी के अरब सागर में कई रिग और प्रतिष्ठान हैं, जिनका उपयोग समुद्र तल के नीचे स्थित भंडार से तेल और गैस का उत्पादन करने के लिए किया जाता है। ओएनजीसी ने ट्वीट किया, अरब सागर स्थित मुंबई हाई में ओएनजीसी रिग सागर किरण के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना, सात यात्री और दो पायलट सवार। चार को बचाया गया। बचाव अभियान तेजी से जारी है।

### एनएए ने लॉरियल को 186 करोड़ रुपये की मुनाफाखोरी का दोषी पाया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) ने लॉरियल इंडिया को 186.39 करोड़ रुपये से अधिक की मुनाफाखोरी का दोषी पाया है। एनएए ने पाया कि लॉरियल ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं दिया। मुनाफाखोरी रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) की जांच में पाया गया कि लॉरियल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 15 नवंबर 2017 से फेस वाश, शैम्पू, बालों के रंग, कंडीशनर और कुछ मेकअप उत्पादों पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का लाभ ग्राहकों को नहीं दिया। एनएए ने मुनाफाखोरी की 50 प्रतिशत राशि या 93.19 करोड़ रुपये केंद्रीय उपभोक्ता कल्याण कोष (सीडब्ल्यूएफ) में और शेष राशि राज्यों के सीडब्ल्यूएफ में जमा कराने का आदेश दिया। साथ ही इन उत्पादों की कीमतों को कम करने का निर्देश भी दिया गया है।

# ऑटोमोबाइल कंपनियों की लगी क्लास

## भारत के पास अब बमुश्किल एक प्रतिशत वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कार कंपनियों की क्लास लगा दी। गडकरी ने कहा कि कुछ कार निमार्ता डबल स्टैंडर्ड अपना रहे हैं। वे भारत में बेची जाने वाली कारों में सेफ्टी फीचर्स नहीं दे रहे हैं, जबकि निर्यात के लिए बन रही गाड़ियों में ये फीचर्स दिए जा रहे हैं। गडकरी की यह टिप्पणी छह एयरबैग को अनिवार्य बनाने की सरकार की योजना की कुछ कार निमार्ताओं द्वारा आलोचना करने वाली टिप्पणियों के बीच आई है। मंत्रालय को अभी कारों में 6 एयरबैग्स के लिए अंतिम अधिसूचना जारी करनी है।

गडकरी ने कहा, हमने कारों में छह एयरबैग को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया है, यहां तक कि इकोनॉमिक मॉडल में भी। अब कुछ कंपनियां भारत में ऐसी कारें बना रही हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। लेकिन वे उसी मॉडल को विदेशी बाजारों के लिए मानकों के अनुरूप बना रही हैं। मुझे यह कभी समझ नहीं आता ।ह्व गडकरी ने कहा कि सभी कारों में 6 एयरबैग अनिवार्य करने का कदम भारतीय सड़कों को सुरक्षित बनाने के प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा, ह्लहमें ऐसे फैसलों के महत्व को समझने की जरूरत है। जब भारत में बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं से मौते हो रही हैं, तो वे (वाहन निमार्ता) इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहे हैं? गडकरी ने कहा कि कुछ ऑटोमोबाइल कंपनियां कारों में 6-एयरबैग स्टैंडर्ड का लगातार विरोध कर रही हैं, जबकि यह फैसला किसी का जीवन बचाने वाला है। कारों में छह एयरबैग के प्रस्ताव की घोषणा करते हुए गडकरी ने मार्च में संसद को यह भी बताया था कि कारों में 6 एयरबैग होने से 2020 में 13,000 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। मंत्री ने कहा कि जब ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में ग्रोथ हो रही है और वाहनों की संख्या बढ़ रही है, तो यह देखना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि सड़कें सुरक्षित हों। भारत के पास दुनिया भर में बमुश्किल 1 फीसदी वाहन हैं, लेकिन दुनिया में सड़क पर होने वाली दुर्घटना में 10 फीसदी मौतें केवल भारत से हैं।



**गाज**

- गडकरी ने कहा कि कुछ कार निमार्ता डबल स्टैंडर्ड अपना रहे हैं। वे भारत में बेची जाने वाली कारों में सेफ्टी फीचर्स नहीं दे रहे हैं।

### पेट्रोल-डीजल के दाम 38 वें दिन भी स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढाव के बीच मंगलवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया जिससे लगातार 38 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने मई महीने के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.31 प्रतिशत चढ़कर 116.60 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 110.84 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# अदाणी समूह मुजफ्फरपुर में करेगी बड़ा निवेश

## हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

पटना, एजेंसी



देश के सबसे बड़े रईश गौतम अदाणी की कंपनी बिहार की औद्योगिक नगरी मुजफ्फरपुर में पूंजी निवेश का मन बना रही है। अदाणी समूह की खाद्य तेल की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी अदाणी विल्मर की टीम ने जिले के मोतीपुर फूड पार्क और बेला औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया है। यहां की सुविधाएं देखने के बाद अब कंपनी यहां खाद्य तेल का प्लांट लगा सकती है।

कंपनी की तीन सदस्यीय टीम ने बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के अधिकारियों से दोनों स्थानों पर भूजल स्तर, बिजली की उपलब्धता, आसपास के बाजार, एनएच-एसएच व रेलवे माल गोदाम आदि इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी ली।

तीन सदस्यीय टीम पहले बेला औद्योगिक क्षेत्र के आईडीपीएल परिसर पहुंची। टीम का कहना है कि प्लांट लगाने के लिए 40 एकड़ जमीन चाहिए। इसके बाद टीम मोतीपुर पहुंची। कंपनी की इंजीनियरों की टीम जल्द ही दौरा करेगी। इसके बाद डीपीआर बियाडा को जिम्मेदारी दी जा सकती है। यह अदाणी विल्मर की बिहार में पहली इकाई होगी। इससे बेरोजगार लोगों को भी फायदा होगा। करीब दो हजार लोगों के लिए यहां रोजगार के अवसर खुलेंगे।

दूसरी बियाडा ने कहा कि 143 एकड़ में मेगा फूड पार्क खुलना है। यहां हल्दीराम व आईटीसी आदि ने भूमि आवंटन का प्रस्ताव दिया है। कंपनियां यहां अपना पैर इसलिए पसारना चाहती है, क्योंकि ये नेपाल और उप्र.से सटा है।

# शैडोफॉक्स देश भर में करेगा 75,000 डिलीवरी पार्टनर्स की भर्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु में 5000 डिलीवरी पार्टनर्स के लिए नौकरियों की योजनाओं के ऐलान के ठीक बाद भारत के सबसे बड़े हाइपरलोकल क्राउडसोर्स्ड लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म शैडोफॉक्स ने बताया कि यह जुलाई 2022 तक देश भर में 75,000 डिलीवरी पार्टनर्स की भर्तियां करेगा। गिग अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है, इसी बीच शैडोफॉक्स अपने डिलीवरी नेटवर्क के विस्तार के साथ नौकरियों के अवसर उत्पन्न कर रहा है। गिग-वर्कफोर्स की जरूरतों को समझते हुए इस प्लेटफॉर्म ने सशक्त राइडर पार्टनर कम्युनिटी का निर्माण किया है, जो कई फायदों से लाभान्वित हो रही है। राइडर हर माह रु 35000 महीना तक कमा सकते हैं। इसके अलावा वे रु 7.5 लाख के एक्सीडेन्ट और हेल्थ कवर के साथ निःशुल्क मेडिकल इंश्योरेन्स का लाभ भी उठा सकते हैं। शैडोफॉक्स राइडर्स को कई अन्य फायदे भी उपलब्ध कराता है जैसे काम करने के प्रत्यास्थ घण्टे और डिलीवरी पार्टनर्स के लिए न्यूनतम कमाई की गारंटी। साथ ही एक समान अवसर उपलब्ध कराते हुए कंपनी हर उम्र, हर लिंग, हर जाति के लोगों की भर्तियां कर रही है। विशेष रूप से उन लोगों को लाभान्वित कर रही है जो लम्बी दूरी तय नहीं कर सकते लेकिन पैसा कमा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। इस ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के जरिए राइडर अपनी बाईक या साइकल पर डिलीवरी कर सकते हैं। जिनके पास अपना वाहन नहीं है, उनके लिए कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन रेंटल प्लान (चुनिंदा शहरों में) भी पेश किया है। वे उम्मीदवार जो कंपनी के साथ जुड़ना चाहते हैं, उन्हें सिर्फ शैडोफॉक्स ऐप डाउनलोड करना है, वैरिफिकेशन के लिए अपना पैन और आधार कार्ड अपलोड करना है तथा नजदीकी ऑनबोर्डिंग सेंटर पर जाकर प्रक्रिया पूरी करनी है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राइडर कुछ ही घण्टों के अंदर डिलीवरी का काम शुरू कर सकते हैं।

# व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के तहत 15 और फर्मों का चयन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि अडाणी कॉपर ट्यूब्स, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स और विप्रो एंटरप्राइजेज सहित 15 फर्मों को व्हाइट गुड्स क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुना गया है। इन कंपनियों ने कुल मिलाकर 1,368 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इनका चयन अभी अस्थाई रूप से है। पिछले साल नवंबर में डाइकिन, पैनासोनिकक, सिस्का और हैवेल्स सहित 42 फर्मों को इस योजना के लिए चुना गया था, जिन्होंने 4,614 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी।

व्हाइट गुड्स के तहत एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स से संबंधित उत्पादन शामिल हैं। सरकार ने इस साल मार्च में अधिक खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स के लिए अपनी 6,238 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना को फिर से खोला था। दूसरे दौर में 19 कंपनियों ने आवेदन किया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, दूसरे दौर में प्राप्त 19 आवेदनों के मूल्यांकन के बाद, 1,368 करोड़ रुपये के निवेश वाले 15 आवेदकों को अस्थायी रूप से लाभार्थियों के रूप में चुना गया है। इसमें छह कंपनियों ने एसी घटकों के विनिर्माण के लिए 908 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। दूसरी ओर नौ कंपनियां 460 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एलईडी लाइट घटकों का विनिर्माण करेंगी।

इन 15 कंपनियों ने पांच वर्षों में कुल 25,583 करोड़ रुपये के उत्पादन का लक्ष्य तय किया है और इससे 4,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने को चीन की युआन पूलिंग योजना

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए युआन पूलिंग योजना बनाई है। इसके तहत स्विट्जरलैंड स्थित बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के साथ एक समझौता किया गया है। बीआईएस के साथ पिछले शनिवार को हुए समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने रिजर्व पूल बनाकर भविष्य में बाजार की अस्थिरता के दौरान सहभागी केंद्रीय बैंकों को नकदी सहायता देने का लक्ष्य रखा है। चीन के शीर्ष बैंक ने कहा कि यह व्यवस्था युआन की उचित अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए है और इससे क्षेत्रीय वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। पीबीओसी ने कहा कि इस व्यवस्था में शुरू में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के केंद्रीय बैंक शामिल हैं।

# एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज ने फ्रांस में इंजीनियरिंग डिजाइन सेंटर खोला

बेंगलुरु, एजेंसी

इंजीनियरिंग सेवा कंपनी एलएंडटी टेक्नालॉजी सर्विसेज लिमिटेड (एलटीटीएस) ने फ्रांस के टूलूज में अपने इंजीनियरिंग डिजाइन केंद्र (ईडीसी) का उद्घाटन किया। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस केंद्र से वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों की आधुनिक डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि ईडीसी शुरू में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों के लिए अत्याधुनिक समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। वहीं एलटीटीएस इस क्षेत्र के प्रमुख मूल उपकरण विनिमार्ताओं (ओईएम) के साथ इंजीनियरिंग साझेदार के रूप में काम करेगा। कंपनी ने कहा कि डिजिटल इंजीनियरिंग, सिस्टम इंजीनियरिंग और एवियोनिक्स डिजाइन में विशेषज्ञता वाले एलटीटीएस इंजीनियरों के कार्यबल के साथ ही यह केंद्र एयरोस्पेस डिजाइन और विनिर्माण के लिए भी सभी सुविधाएं देगा। बयान में कहा गया है, एलटीटीएस की अगले दो वर्षों में केंद्र के लिए 100 से अधिक इंजीनियरों को नियुक्त करने की योजना है।




**आधुनिक**

- कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस केंद्र से वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों की आधुनिक डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।

# इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति के तहत 38 परियोजनाएं चिह्नित कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इस्पात मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति अभियान के तहत मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी विकसित करने एवं ढांचागत फासले को दूर करने के लिए 38 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाएं चिह्नित की हैं। मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, पीएम गतिशक्ति के पोर्टल पर अब इस्पात मंत्रालय की भी मौजूदगी हो गई है। ढांचागत विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर, 2021 में पीएम गतिशक्ति अभियान की शुरूआत की थी। इसके जरिये ढांचागत विकास से जुड़े सभी मंत्रालयों एवं विभागों को एक मंच पर लाकर एकीकृत योजना बनाने और समन्वय स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में इस्पात मंत्रालय ने भी अपने प्रशासकीय नियंत्रण वाले सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के इस्पात संयंत्रों से जुड़े विवरण को पीएम गतिशक्ति के पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।



इसके अलावा इन केंद्रीय उपक्रमों के स्वामित्व वाली सभी खदानों की भू-स्थिति को भी अपलोड किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस पोर्टल का संचालन करने वाले बिसाग-एन ने एक एप्लिकेशन बनाया है जिसकी मदद से इस्पात मंत्रालय की देश में सक्रिय 2,000 से अधिक इस्पात संयंत्रों की भू-स्थिति को पोर्टल पर अपलोड करने की योजना है।

इन संयंत्रों की भौगोलिक स्थिति के अलावा उनकी उत्पादन क्षमता एवं बनाए जाने वाले उत्पादों की जानकारी भी दर्ज किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बढ़ाने और ढांचागत अंतराल दूर करने में मददगार 38 परियोजनाओं की भी पहचान की है।

पीएम गतिशक्ति अभियान के तहत रेलमार्गों के विस्तार, सड़कों, बंदरगाहों एवं नए अंतर्देशीय जलमार्गों के निर्माण के अलावा गैस पाइपलाइन बिछाने और हवाईअड्डों के निर्माण से इस्पात क्षेत्र को काफी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

# रे-बैन के अरबपति मालिक डेल वेकियो का निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

चश्मे को फैशन के रूप में पेश करने वाले और इटली के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लियोनार्डो डेल वेकियो का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। डेल वेकियो दुनिया भर में मशहूर चश्मे के ब्रांड रे-बैन के मालिक थे। वह शुन्य से शुरूआत करते हुए अपनी कंपनी की पहुंच अंतरराष्ट्रीय बाजार में बनाने में पूरी तरह से कामयाब रहे। वह मिलान के एक गरीब परिवार में पैदा हुए थे और उन्होंने अपनी बनायी कंपनी के दम पर फोर्ब्स के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में जगह बनायी। डेल वेकियो चश्मे की दुनिया में रे-बैन, पर्सोल और ओकले जैसे मशहूर ब्रांड के मालिक थे जो लोगों के बीच चश्मे को फैशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने में पूर्ण रूप से कामयाब रहे। फोर्ब्स की विश्व अरबपति सूची के वर्ष 2022 के मुताबिक उनकी अनुमानित संपत्ति 27.3 अरब डॉलर की थी। उनकी कंपनी एस्सिलोरलक्सोटिका ने सोमवार को बताया, डेल वेकियो का निधन 87 वर्ष की आयु में हो गया। वह मिलान के सैन राफेल अस्पताल में बीते हफ्तों से भर्ती थे। डेल वेकियो का जन्म 22 मई 1935 को मिलान के एक गरीब परिवार में हुआ था जिसमें से उन्होंने बाल अवस्था का अधिक समय अनाथालय में बिताया था। उन्होंने वर्ष 1961 में लक्सोटिका कंपनी की शुरूआत की थी जो चश्मा उद्योग में पुरजों की आपूर्ति करती थी। एक दशक बाद उन्होंने निश्चय किया और लक्सोटिका ने अपने खुद के चश्मे बनाने शुरू किए। यूरोप में संयुक्त उद्यमों के साथ साझेदारी से पहले कंपनी ने इटली में चश्मों की बिक्री करती थी। कंपनी को जियोर्जियो अरमानी समेत अन्य ब्रांडों के साथ साझेदारी का फायदा हुआ और वह रे-बैन, पर्सोल और ओकले जैसे चश्मों के मशहूर ब्रांड खरीदने में कामयाब रही थी। वर्ष 2018 में लक्सोटिका का फ्रांस की एस्सिलोर में विलय हो गया था जिससे एस्सिलोरलक्सोटिका बनी। इस कंपनी में डेल वेकियो ने चेयरमैन के पद पर थे। वर्ष 2021 में कंपनी का राजस्व 20.9 अरब डॉलर रहा था।

### एसपी समूह के पालोनजी मिस्त्री का 93 साल की उम्र में निधन

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** अरबपति कारोबारी और शापूरजी पालोनजी समूह के प्रमुख पालोनजी मिस्त्री का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। कंपनी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 93 वर्ष के थे। मिस्त्री का एसपी समूह 18.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ टाटा समूह का सबसे बड़ा शेयरधारक है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को आधी रात के बाद दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास पर नींद के दौरान उनका निधन हो गया। उन्होंने आयरलैंड की नागरिकता हासिल कर ली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया कि वह पालोनजी के निधन से दुखी हैं। मोदी ने कहा, उन्होंने वाणिज्य और उद्योग की दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मिस्त्री को 2016 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मिस्त्री के निधन को एक युग का अंत बताया। नितिन गडकरी, मनसुख मंडाविया, हरदीप सिंह पुरी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस बोम्मई समेत अन्य मंत्रियों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मिस्त्री का जन्म 1929 में हुआ था। उन्होंने पांच अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के एसपी समूह का नेतृत्व किया। समूह की शुरूआत निर्माण व्यवसाय से हुई थी और बाद में कारोबार रियल एस्टेट, कपड़ा, शिपिंग और घरेलू उपकरणों के विनिर्माण तक फैला। उनके परिवार में साइरस मिस्त्री सहित चार बच्चे हैं। साइरस मिस्त्री ने टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में रतन टाटा का स्थान लिया था। हालांकि, उन्हें 2016 में बोर्ड ने हटा दिया। वित्तीय लिहाज से एसपी समूह के लिए पिछले कुछ वर्ष कठिन रहे हैं और उसे टाटा समूह के शेयरों को गिरवी रखकर धन जुटाना पड़ा।

# टीसीएल ने तीन नए टीवी लॉन्च कर अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया प्रमुख टेक्नोलॉजी प्रदाताओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, दुनिया के टॉप -1 टीवी कॉर्पोरेशन, टीसीएल ने तीन नए टीवी लॉन्च किए हैं। ब्रांड ने डॉल्बी लैबोरेटरीज के साथ सहयोग किया है ताकि टीवी के ऐसे नवाचार पेश किए जा सकें जो अपने प्रतिस्पर्धियों से काफी आगे हैं। इमर्सिव, डायनैमिक और टीवी देखने का जोरदार अनुभव प्रदान करने वाली तकनीक प्रदर्शित करते हुए, टीसीएल C835: 144Hz VRR न्यू जेनरेशन मिनी एलईडी 4ङ गूगल टीवी, C635 गेमिंग क्यू एलईडी 4K टीवी और P735 4K एचडीआर गूगल टीवी पेश कर कर रहा है। ये नवीनतम उत्पाद बेहद प्रतिस्पर्धी दर पर दुनिया भर के लिए क्रांतिकारी टीवी प्रौद्योगिकी पेश करने के टीसीएल के लक्ष्य से पूरी तरह मेल खाते हैं। आखिर किसने कहा कि गुणवत्ता महंगी होनी चाहिए? विजय कुमार मिक्कीलिनेनी, मार्केटिंग हेड, टीसीएल इंडिया ने कहा, स्थापना के बाद से ही टीसीएल ने विश्व स्तर की प्रौद्योगिकी पेश करने की कोशिश की है जिसकी उपयोगकर्ता आमतौर पर सराहना करते हैं और उसे खरीदना चाहते हैं। इसके पीछे आइडिया यह है कि टीवी स्क्रीन को बड़ा किया जाए और वास्तविकता से बड़ा अनुभव मुहैया कराया जाए। टीसीएल के पुरस्कार प्राप्त पोर्टफोलियो में स्मार्ट, अभिनव और परिष्कृत टीवी मॉडल के शिखर हैं। हम टीवी उद्योग में क्रांतिकारी प्रगति करने की आशा कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम अपने साथ और अधिक उपभोक्ताओं को जोड़ सकेंगे। हमारे पास ऑल-न्यू सीरीज पर एक विशेष प्री-बुकिंग ऑफर भी है। इसके तहत 10,990 रुपये मूल्य का साउंड बार और 2999 रुपये का वीडियो कॉल कैमरा पूरी तरह मुफ्त है। यही नहीं, एसबीआई ग्राहक अपनी नई खरीदारी पर 10% तक कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर रिलायंस डिजिटल और क्रोमा में उपलब्ध है। टीसीएल ने ल्बी की ऑडियोविजुअल टेक्नोलॉजी, उन्नत इमेजिंग टेक्नोलॉजी के साथ सहयोग किया है जो तस्वीर की बेहद जीवंत गुणवत्ता (एचडीआर) का संयोजन कई रंगों की क्षमता से करता है जिससे तस्वीर की जोरदार गुणवत्ता मिलती है। इसमें अविश्वसनीय चमक, कंट्रास्ट, रंग और डीटेल शामिल है। डॉल्बी विजन के साथ डिस्प्ले अधिक ज्वलंत, सजीव चित्र प्रदान करते हैं। शार्प कंट्रास्ट, ट्रू कलर और बारीक शैडो डिटेल्स का मेल तस्वीर की गहराई का एक अद्भुत अहसास देता है। टीवी डॉल्बी एटमॉस का भी समर्थन करता है जो दर्शकों को उनके पसंदीदा मनोरंजन जैसे मूवी, टीवी शो और स्पोर्ट्स की कहानी के अंदर रखता है। डॉल्बी एटमॉस के साथ दर्शक सराउंड साउंड का अनुभव कर सकते हैं, जो आपको थिएटर जैसा अनुभव देता है। डॉल्बी लैबोरेटरीज के मार्केटिंग-इंडिया के निदेशक समीर सेठ ने कहा, डॉल्बी में, सामग्री बनाने और उपभोग करने के तरीके को सुदृढ़ और समृद्ध करने का हमारा निरंतर प्रयास है।




- उत्पाद श्रृंखला में जोड़े गए नए उत्पाद हैं: C835 : 144Hz VRR के साथ न्यू जनरेशन मिनी एलईडी 4K गूगल टीवी, C635 गेमिंग क्यूएलईडी टीवी, और P735 4K एचडीआर गूगल टीवी

### इंडियाबुल्स रियल एस्टेट 6.46 करोड़ की मुनाफाखोरी का दोषी: एनएए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) ने इंडियाबुल्स रियल एस्टेट को 6.46 करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ घर खरीदारों को नहीं देने का दोषी पाया है। एनएए ने पाया की जीएसटी लागू होने के बाद कीमतों में हुई कमी का लाभ घर खरीदारों को नहीं दिया गया। एक घर खरीदार द्वारा दायर याचिका पर मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) ने मामले की जांच की और बिल्डर को मुनाफाखोरी का दोषी पाया। घर खरीदार ने आरोप लगाया था कि इंडियाबुल्स रियल एस्टेट ने विशाखापत्तनम में स्थित सिएरा-विजाग परियोजना में आईटीसी लाभ नहीं दिया। एनएए ने 24 जून के अपने आदेश में कहा कि उक्त धनराशि 18 प्रतिशत की दर से ब्याज के साथ घर खरीदारों को वापस की जाए। मुनाफाखोरी की रकम तीन महीने के भीतर घर खरीदारों को देनी होगी।

# बीते वित्त वर्ष में डिजिटल विज्ञापनों का बोलबाला, निगरानी के लिए एआई की मदद :एएससीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने डिजिटल मंचों पर भ्रामक सामग्री संबंधी विज्ञापनों की निगरानी के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली स्थापित की है। एएससीआई इसके लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग कर रहा है। एएससीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नियामक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और व्यक्तिगत देखभाल जैसे क्षेत्रों को डिजिटल श्रेणी में शीर्ष तीन उल्लंघनकारी श्रेणियों के रूप में पाया गया है।

एएससीआई ने कहा कि विज्ञापन अब मोबाइल जैसी व्यक्तिगत स्क्रीन पर तेजी से दशार्ये जा रहे है। इसके कारण नियामकों के लिए विज्ञापनों के पैमाने और प्रभाव को समझना मुश्किल हो गया है। नियामक ने कहा कि विज्ञापन बनाने वाली इकाइयों की संख्या में जोरदार वृद्धि हुई है और एक अनुमान के अनुसार, एक व्यक्ति प्रतिदिन औसतन 6,000 से 10,000 विज्ञापनों के संपर्क में आता है। एएससीआई की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं महासचिव मनीषा कपूर ने कहा, डिजिटल दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है। हम निगरानी करने के लिए एआई तकनीक की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एएससीआई को बीते वित्त वर्ष के दौरान प्रिंट, डिजिटल और टेलीविजन समेत सभी माध्यमों से 7,631 शिकायतें मिलीं और इनमे से 5,532 का निपटान किया गया। डिजिटल क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान देने के साथ एएससीआई की अनुपालन दर 94 प्रतिशत रही। एएससीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लगभग 75 प्रतिशत शिकायतों को खुद संज्ञान लिया जबकि 21 प्रतिशत उपभोक्ता और शेष उद्योग जगत तथा सरकार की तरफ से मिलीं।

### सेबी ने नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने पर भारती इंफ्राटेल पर जुमार्ना लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजनाओं (ईएसओपी) से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने पर भारती इंफ्राटेल पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। भारती इंफ्राटेल का नाम अब इंडस टावर्स हो गया है। बाजार नियामक सेबी ने पाया कि भारती इंफ्राटेल ने 31 मार्च, 2017 की निर्धारित समय सीमा के भीतर कंपनी के 5,32,862 अतिरिक्त शेयरों का विनियोग न करके शेयर आधारित कर्मचारी लाभ (एसबीईबी) के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। अक्टूबर 2019 में कंपनी द्वारा दायर अपने छूट आवेदन में, भारती इंफ्राटेल ने सेबी को सूचित किया कि उसके पास 31 मार्च, 2017 तक ईएसओपी ट्रस्ट में कंपनी के 5,32,862 शेयरों का अधिशेष है, जिसे एसबीईबी नियमों के संदर्भ में विनियोजित नहीं किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे स्पेनिस टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज

लंदन। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने विंबलडन टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। 19 वर्षीय अल्कराज ने कोर्ट 1 में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के जेन-लेनार्ड स्ट्रफ को 4-6, 7-5, 4-6, 7-6 (3), 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। यह मुकाबला चार घंटे और 11 मिनट तक चला। अल्कराज का अगला मुकाबला डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर और फैबियो फोगनिनी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले सेंटर कोर्ट पर धीमी शुरुआत के बाद दुनिया के पूर्व नं. 1 एंडी मरे ने पहले दौर में जेम्स डकवर्थ को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर विंबलडन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर में मरे का सामना 20वीं वरीयता प्राप्त जॉन इस्नर से होगा, जिनके खिलाफ उनका 8-0 से आमने-सामने का रिकॉर्ड है।

### प्रणीत, समीर मलेशिया ओपन में हारे

कुआलालंपुर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों बी साई प्रणीत और समीर वर्मा को मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत को दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग ने हराया जबकि समीर को इंडोनेशिया के ही दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी 30 साल के प्रणीत को गिनटिंग के खिलाफ 50 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में 15-21 21-19 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने प्रणीत के खिलाफ चार मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दोनों पिछली बार 2020 एशियाई टीम चैंपियनशिप के दौरान भिड़े थे और तब प्रणीत के चोट के कारण हटने पर गिनटिंग ने मैच जीता था। चोट के बाद वापसी कर रहे समीर को भी 49 मिनट चले मैच में क्रिस्टी के खिलाफ 14-21 21-13 7-21 से हार झेलनी पड़ी। युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला जोड़ी पहले दौर में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की छठी वरीय जोड़ी से 15-21 11-21 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय की भिड़ंत मलेशिया के डेरेन ल्यू से होगी जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी मैन वेई चोंग और केई वुन टी की मलेशिया की जोड़ी से भिड़ेगी।

### ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का निधन

नई दिल्ली। ओलंपिक और विश्व कप पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे हॉकी खिलाड़ी वरिंदर सिंह का मंगलवार सुबह जालंधर में निधन हो गया। वर्ष 1970 के दशक में भारत की कई यादगार जीत का हिस्सा रहे वरिंदर 75 साल के थे। वरिंदर 1975 में कुआलालंपुर में पुरुष हॉकी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में भारत का अब तक का एकमात्र स्वर्ण पदक है। भारत ने तब फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। वरिंदर 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक और एम्सटरडम में 1973 विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। वरिंदर की मौजूदगी वाली टीम ने 1974 और 1978 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता। वह 1975 मांट्रियल ओलंपिक में भी भारतीय टीम में शामिल थे। वरिंदर को 2007 में प्रतिष्ठित ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

# सिम रेसिंग वर्ल्ड कप के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेगा भारत

**वर्ल्ड कप**

- दो सिम रेसर्स का चयन करने के लिए, जो प्रतिष्ठित आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे
- सिम रेसिंग वर्ल्ड कप दो चरणों में खेला जाएगा- कॉन्टिनेंटल क्वालिफायर और ग्लोबल फाइनल



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मोनाको में 23 अक्टूबर से होने वाले सिम रेसिंग वर्ल्ड कप के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेगा। एस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) ने उक्त जानकारी दी। मोनाको एस्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा इंटरनेशनल एस्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में दुनिया के सबसे लोकप्रिय सिम रेसिंग खिताबों में से एक एसेटो कोर्सा होगा। दो सिम रेसर्स का चयन करने के लिए, जो प्रतिष्ठित आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे, ईएसएफआई राष्ट्रीय क्वालीफायर आयोजित करेगा जिसमें प्लेऑफ ऑनलाइन और ऑफलाइन आयोजित किया जाएगा जबकि फाइनल हाइब्रिड मोड में खेला जाएगा। एक ऑफलाइन इवेंट से दो खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और ऑनलाइन से 18 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

अंत में 20 खिलाड़ी भारतीय दल में दो स्थानों के लिए फाइनल में लड़ेंगे। ईएसएफआई के निदेशक और एशियन एस्पोर्ट्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने एक बयान में कहा, ईएसएफआई सिम रेसिंग वर्ल्ड कप के उद्घाटन संस्करण के लिए अविश्वसनीय रूप से उत्साहित है जो अब तक का सबसे बड़ा सिम रेसिंग इवेंट है और सिम्युलेटर-आधारित एस्पोर्ट्स में विस्तार करने के लिए है। हम सभी कार रेसिंग उत्साही लोगों से राष्ट्रीय क्वालीफायर में भाग लेने और खेल में कार्टिंग और ड्रिफ्टिंग के आसपास अपने कौशल के साथ अपनी असली रेसिंग प्रतिभा दिखाने का आग्रह करते हैं। ईएसएफआई ने राष्ट्रीय क्वालीफायर आयोजित करने के लिए भारत के सबसे बड़े ई-रेसिंग आयोजक, आईआर ईस्पोर्ट्स के साथ हाथ मिलाया है। आईआर ईस्पोर्ट्स विभिन्न माध्यमों से कस्टम मोटरस्पोर्ट-आधारित अभियानों की योजना बनाता है और निष्पादित करता है। बता दें कि सिम्युलेटेड रेसिंग, जिसे सिम रेसिंग के रूप में जाना जाता है, एक एकल-खिलाड़ी रेसिंग गेम सॉफ़्टवेयर है जो वास्तविक दुनिया की विशेषताओं जैसे कि ईंधन के उपयोग, क्षति, टायर पहनने और पकड़, और निलंबन सेटिंग्स के साथ रेसिंग को अनुकरण करने का प्रयास करता है। सिम रेसिंग वर्ल्ड कप दो चरणों में खेला जाएगा- कॉन्टिनेंटल क्वालिफायर और ग्लोबल फाइनल।

## एजबेस्टन के मैदान पर अश्विन का अच्छा रिकॉर्ड: स्वान

**मुंबई।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 2011 में अपनी शानदार शुरूआत के बाद से स्पिन गेंदबाजी में भारत की अगुवाई कर रहे हैं। लेकिन पिछले साल अश्विन ने इंग्लैंड में खेले गए सभी चार टेस्ट मैचों में भाग नहीं लिया क्योंकि मेहमान टीम ने चार तेज गेंदबाजों के साथ ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को अपने अकेले स्पिन के रूप में चुना था। इंग्लैंड के पूर्व ऑफ स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 1 से 5 जुलाई तक होने वाले पांचवें टेस्ट से पहले भारत को अश्विन को प्लेइंग इलेवन में शामिल करना चाहिए क्योंकि पिच उनकी गेंदबाजी शैली के अनुकूल होगी। 2018 एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकमात्र मैच में अश्विन ने दोनों पारियों में 4/62 और 3/59 विकेट लिए थे, विशेष रूप से सर एलेस्टेयर कुक को दो बार अपनी फिरकी में फंसाया था। स्वान ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं भारत के हर टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन को खेलते देखना चाहता हूं। न केवल वह अपनी गेंदबाजी के साथ अच्छा करते हैं, बल्कि एक बेहतर बल्लेबाज भी हैं। लेकिन आप बाकी गेंदबाजी लाइन-अप के साथ क्या करते हैं? लेकिन जडेजा एक नीचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं। इसलिए, मुझे लगता है, निश्चित रूप से अश्विन (एजबेस्टन के लिए) को मौका देना चाहिए।

## इसी मानसिकता के साथ भारत के खिलाफ उतरेगा इंग्लैंड : स्टोक्स

लीड्स, एजेंसी



न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 के क्लीनस्वीप के दौरान आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि भारत के खिलाफ होने वाले आगामी पांचवें टेस्ट में उनकी टीम के जज्बे में कोई कमी नहीं आएगी। नए कप्तान स्टोक्स और नए कोच ब्रैंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने गत विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट पिछले साल की पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का बचा हुआ टेस्ट है जिसे मेहमान टीम के खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। यह टेस्ट शुक्रवार से खेला जाएगा।

स्टोक्स ने कहा, जब मैं यह बोल रहा हूं तो मुझ पर विश्वास कीजिए। हम इसी (आक्रामक) मानसिकता के साथ उतरेंगे, हालांकि यह अलग विरोधी है। उन्होंने कहा, बेशक, यह पूरी तरह से अलग होगाङ्क अलग विरोधी, उनका आक्रमण और खिलाड़ी भी अलग। स्टोक्स ने कहा, हम इस पर ध्यान लगा रहे हैं कि इन पिछले तीन मैच में हमने क्या अच्छा किया है और शुक्रवार को भारत के खिलाफ भी इसे जारी रखने का प्रयास करेंगे। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है लेकिन इंग्लैंड की तरोताजा टीम से भिड़ेगा जिसमें पिछले साल भारत के खिलाफ चौथा टेस्ट खेलने वाली टीम के सिर्फ चार सदस्य (ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन) शामिल हैं। पिछले साल स्टोक्स भी श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व पिछले कुछ महीनों में इंग्लैंड की टीम मुश्किल दौर से गुजर रही थी और इस दौरान 17 टेस्ट में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई। टीम के अपने साथियों की सराहना करते हुए स्टोक्स ने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ 3-0 से श्रृंखला जीतना काफी विशेष शुरूआत है।

# टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगा पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी



पाकिस्तान इस साल के आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप के लिए अक्टूबर की शुरूआत में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के साथ अपना अभ्यास पूरा करेगा। बाबर आजम की टीम 23 अक्टूबर को एमसीजी में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप के पहले मैच से पहले क्राइस्टचर्च में कम से कम चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए अक्टूबर की शुरूआत में न्यूजीलैंड का दौरा करेगी।

2018 के बाद से यह पहली बार होगा जब बाबर न्यूजीलैंड की धरती पर अंतरराष्ट्रीय टी 20 मैच खेलेंगे। इससे पहले बाबर अंगूठे की चोट के कारण पाकिस्तान के 2020/21 के दौरे से चूक गए थे। त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगी और बाबर जल्दी से परिस्थितियों के अनुकूल होने की उम्मीद कर रहे हैं।

बाबर ने एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि हम न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेंगे क्योंकि इससे हमें न केवल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभ्यस्त होने में मदद मिलेगी बल्कि हमारी तैयारियों को अंतिम रूप भी मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं अंगूठे की चोट के कारण न्यूजीलैंड में आखिरी श्रृंखला से चूक गया था और दो अच्छे विरोधियों के खिलाफ क्राइस्टचर्च में क्रिकेट खेलने के लिए उत्सुक हूं।

## इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला नई पीढ़ी के प्रशंसकों को प्रेरित करेगी : वॉन

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि न्यूजीलैंड और थ्री लायंस के बीच टेस्ट श्रृंखला नई पीढ़ी के प्रशंसकों को प्रेरित करेगी।

जो रूट (86 नाबाद) और जॉनी बेयरस्टो (71 नाबाद) की जोरदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड को सोमवार को लीड्स के हेडिंग्ले में खेले गए अंतिम टेस्ट में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया। वॉन ने ट्विटर पर लिखा, एक यादगार श्रृंखला। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की यह टीम टेस्ट मैच क्रिकेट प्रशंसकों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर सकती है। इससे पहले, वॉन ने बेयरस्टो की भी उनकी सफल पारी के लिए प्रशंसा की जिन्होंने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वॉन ने ट्वीट किया, जॉनी बेयरस्टो एक अलग ग्रह पर बल्लेबाजी कर रहा है! अंतिम टेस्ट में 296 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 17 रनों के कुल स्कोर पर सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए। जैक क्रॉली और ओली पोप ने इंग्लैंड का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 51 के कुल स्कोर पर क्रॉली 25 रन बनाकर स्पिनर माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर कप्तान केन विलियमसन को कैच दे बैठे।

185 के कुल स्कोर पर पोप 82 रन बनाकर टिम साउथी का शिकार बने। इसके बाद बेयरस्टो और जो रूट ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की।

## टी10 टूनार्मेंट, 'सिक्सटी' पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीपीएल से हटे क्रिस गेल

बस्सेटेरे, एजेंसी



वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने टी10 टूनामेंट, 'सिक्सटी' पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2022 से बाहर होने का फैसला किया है। सिक्सटी सीपीएल सीजन से ठीक पहले सेंट किट्स में 24 अगस्त से 28 अगस्त तक खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार क्रिस गेल ने कहा, मैं इस साल छोटे प्रारूप के लिए जा रहा हूं। मैं वास्तव में सिक्सटी में मौजूदा नवाचारों के बारे में उत्साहित हूं और देख रहा हूं कि वे कैसे खेलते हैं। विशेष रूप से, मैं मिस्ट्री टीम बॉल की ओर देख रहा हूं और पहली 12 गेंदों में दो छक्के लगाकर तीसरे पावरप्ले ओवर को अनलॉक करना चाहता हूं। गेल ने सीपीएल में 36.50 की औसत और 133.13 के स्ट्राइक रेट से कुल 2519 रन बनाए हैं। लीग में सिर्फ लेंडल सिमंस (2629) के नाम गेल से ज्यादा रन हैं। 42 वर्षीय बल्लेबाज गेल सिक्सटी के लिए एक एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे।

गेल न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के बाद उपलब्ध होंगे, जो 21 अगस्त को समाप्त होगा। वह कुछ व्यक्तिगत कारणों से सीपीएल 2020 से भी चूक गए थे। सीपीएल के अलावा, गेल ने बायो-बबल थकान के कारण आईपीएल के 14 वें संस्करण से भी बीच में हटने का विकल्प चुना था।

# मप्र ने चार गेंदबाजों के साथ रणजी फाइनल में उतरने का जुआ खेला और खिताब जीता : कोच

इंदौर, एजेंसी



**वर्ल्ड कप**

- हमने चुनौती स्वीकार करते हुए तय किया कि हम चार गेंदबाजों के साथ ही फाइनल खेलेंगे क्योंकि अगर मुंबई की टीम अच्छे बल्लेबाजों से लैस है, तो जवाब में हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज हैं

मध्यप्रदेश के पहले रणजी खिताब के प्रमुख शिल्पकार कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि उनकी टीम ने फाइनल में दिग्गज मुंबई के खिलाफ चार गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरने का जुआ खेला और आखिरकार ट्रॉफी जीतने में सफल रही।

पंडित सोमवार रात इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा विजेता टीम के भव्य स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। आदित्य श्रीवास्तव की अगुवाई वाली टीम ने 41 बार की रणजी चैंपियन रह चुकी मुंबई को घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े मुकाबले में रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पटखनी दी और मध्यप्रदेश के गठन के साढ़े छह दशक के लम्बे अंतराल के बाद पहला रणजी खिताब अपने नाम किया। पंडित ने रणजी फाइनल के कश्मकश भरे पलों को याद करते हुए कहा, मैं फाइनल से पहले अपनी टीम में गेंदबाजों की संख्या को लेकर खुद दुविधा में था। चिंतित कप्तान श्रीवास्तव ने मुझसे कहा कि वह केवल चार गेंदबाजों के साथ मैच संभाल नहीं सकेंगे और मुझे उन्हें एक और तेज गेंदबाज देना ही होगा। कोच ने बताया कि उन्होंने अपनी दुविधा दूर करने के लिए मध्यप्रदेश के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक संजय जगदाले को फोन किया। उन्होंने बताया, जगदाले मुझसे बोले कि अगर मेरा दिल कहता है कि मैं फाइनल में चार गेंदबाजों के साथ टीम उतारूं, तो मुझे इसी योजना पर आगे बढ़ना चाहिए। पंडित ने कहा, हमने चुनौती स्वीकार करते हुए तय किया कि हम चार गेंदबाजों के साथ ही फाइनल खेलेंगे क्योंकि अगर मुंबई की टीम अच्छे बल्लेबाजों से लैस है, तो जवाब में हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज हैं। हमने एक जुआ खेला। ईश्वर ने हमें अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, कुलदीप सेन, पुनीत दाते और ईश्वर पांडे जैसे पांच महत्वपूर्ण खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से रणजी फाइनल खेलने वाली मध्यप्रदेश टीम का हिस्सा नहीं थे, इसके बावजूद टीम के अन्य कमांडो खिलाड़ियों ने रणजी खिताब जीतने का मिशन शानदार तरीके से पूरा किया। कोच ने यह भी बताया कि रणजी स्पर्धा से पहले मध्यप्रदेश की टीम ने लम्बी तैयारी की थी। उन्होंने कहा, हमने पिछले दो सत्रों के दौरान संभावित खिलाड़ियों और बाद में टीम के चयनित सदस्यों के साथ कुल 400 दिन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए। एमपीसीए के पदाधिकारियों ने मुझे काम करने की पूरी आजादी और हर मुमकिन सहयोग दिया।

एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने राज्य को पहला रणजी खिताब दिलाने वाली टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा, कोच पंडित ने हमारी टीम के खिताब जीतने के बाद मुझे बताया कि रणजी स्पर्धा की तैयारियों से जुड़े एमपीसीए के हर दस्तावेज के कवर पर रणजी ट्रॉफी की तस्वीर छापी गई थी ताकि टीम का हर सदस्य प्रोत्साहित होकर इस लक्ष्य को हासिल करने के प्रति 100 फीसदी योगदान करे।

# भारतीय स्पिनर राधा यादव की महिला टी20 रैंकिंग में सुधार

दुबई, एजेंसी



श्रीलंका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग के मुताबिक श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट हासिल करने के बाद राधा गेंदबाजों की सूची में सात पायदान आगे बढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। भारत ने तीन मैचों की इस श्रृंखला को 2-1 से जीता था। बल्लेबाजों की तालिका में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू तीन मैचों में 139 रन बनाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। उन्होंने दाम्बुला में अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 80 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। वह हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी दो स्थान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। भारत की स्मृति मंधाना (चौथे), जेमिमा रोड्रिग्स (14वें) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (18वें) ने बल्लेबाजी सूची में अपने स्थान बरकरार रखे हैं। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाली अन्य भारतीय गेंदबाज पूजा वस्त्राकर हैं, जो 30 पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। रेणुका ठाकुर 83 स्थान की छलांग लगाकर 97वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वस्त्राकर और रेणुका ने टी20 श्रृंखला में दो-दो विकेट हासिल किये। इस बीच, श्रीलंका की अनुष्का संजीवनी बल्लेबाजों में चार पायदान ऊपर 60वें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

टीम की स्पिनर ओशादी रणसिंघे (11 पायदान के फायदे से 26वें), सुगंधिका कुमारी (नौ पायदान के फायदे से 40वें स्थान पर) और इनोका रणवीरा (16 पायदान के सुधार के साथ 47वें) ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

## इंग्लैंड के कप्तान इयोन मॉर्गन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड की व्हॉइट बॉल क्रिकेट (वनडे-टी20) टीम के कप्तान इयोन मॉर्गन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 35 साल के मॉर्गन का क्रिकेटिंग करियर 16 साल का रहा है। मोर्गन ने यह फैसला टीम इंडिया के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले लिया है। दरअसल, भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर ही है। यहां रोहित शर्मा की कप्तानी में एक टेस्ट, तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। सीमित ओवर्स (वनडे-टी20) की सीरीज का आगाज 7 जुलाई से होगा। मोर्गन ने 72 टी20 मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की मॉर्गन ने टी20 इंटरनेशनल में भी 72 मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की, जिसमें से 42 में जीत मिली। उन्होंने करियर में कुल 115 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें से 14 फिफ्टी के साथ 2458 रन बनाए। इस दौरान मॉर्गन का स्ट्राइक रेट 136.18 का रहा। आयरलैंड टीम से इंटरनेशनल में डेब्यू किया था मॉर्गन का जन्म आयरलैंड की राजधानी डबलिन में हुआ था। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरूआत भी आयरलैंड के लिए खेलते हुए की थी। उन्होंने डेब्यू मैच 5 अगस्त 2006 को स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे खेला था। इसमें मोर्गन ने 99 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड ने पहला वर्ल्ड कप मॉर्गन की कप्तानी में जीता हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि मॉर्गन मंगलवार को रिटायरमेंट का ऐलान कर सकते हैं। यह सच भी हुआ है। मॉर्गन इंग्लैंड के सबसे सफल वनडे कप्तान रहे हैं।

# डाइमंड लीग में टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर उत्साहित था: एम श्रीशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी



**चैंपियनशिप**

- डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से निश्चित तौर पर मैं जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले बेहतर स्थिति में होता

भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वीजा संबंधित मुद्दों के कारण आगामी डाइमंड लीग से हटने का मलाल है क्योंकि वह स्टॉकहोम में ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर बेहद उत्साहित थे। श्रीशंकर को 30 जून से स्वीडन में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा क्योंकि अगले महीने ओरेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का वीजा तैयार करने के लिए उनका पासपोर्ट नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर ने कहा कि डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से वह विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी को बेहतर कर पाते लेकिन वहां नहीं खेलने से जरूरी नहीं कि उन पर असर पड़े क्योंकि उनकी पहली प्राथमिकता विश्व चैंपियनशिप है। श्रीशंकर ने वीडियो बातचीत के दौरान कहा, दुर्भाग्य से, वीजा से जुड़ी स्थिति के कारण मुझे स्टॉकहोम में आगामी डाइमंड लीग से हटना पड़ा। मैं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लेकर काफी उत्साहित था विशेषकर मौजूदा ओलंपिक चैंपियन मिलटियाडिस टेनटोग्लू के खिलाफ उतरने को लेकर। श्रीशंकर और टेनटोग्लू दोनों ने इस साल 8.36 मीटर की दूरी तय की है। उन्होंने कहा, डाइमंड लीग में हिस्सा लेने से निश्चित तौर पर मैं जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले बेहतर स्थिति में होता। दूसरी तरफ अब मुझे विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय मिलेगा जो हमेशा मेरी पहली प्राथमिकता रही है और राष्ट्रमंडल खेल भी है। केरल के इस 23 वर्षीय एथलीट ने इस महीने यूनान में वेनीजेलिया-चेनिया 2022 एथलेटिक्स मीट में 7.95 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि अब उनका ध्यान अपने निजी रिकॉर्ड को बेहतर करने और विश्व चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। श्रीशंकर ने कहा, डाइमंड लीग से हटने के बावजूद मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मुझे विश्व चैंपियनशिप के दौरान अपने निजी रिकॉर्ड को बेहतर करने का पूरा भरोसा है।

## इंग्लैंड के खिलाफ डे-नाईट टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा न्यूजीलैंड

माउंट माउंगानुई, एजेंसी

न्यूजीलैंड इस गर्मी में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन-रात्रि टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम अगले 10 महीने में भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ घर में सफेद गेंद की श्रृंखला भी खेलेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को आगामी गर्मियों के लिए एक व्यस्त घरेलू कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अक्टूबर और अप्रैल के बीच कुल पांच अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी करेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने से पहले, कीवी टीम अक्टूबर की शुरूआत में टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान और बांग्लादेश से भिड़ेगी।

इस टूनार्मेंट के पूरा होने के बाद, भारत तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, इसके बाद इंग्लैंड की टीम फरवरी के मध्य में दो टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड पहुंचेगी। उस श्रृंखला का उद्घाटन टेस्ट मैच माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा, जोकि दिन-रात्रि मैच होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा से पहले दिसंबर में तीन टी20 और तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला में बांग्लादेश की मेजबानी करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जॉर्डन में गैस रिसाव से 10 लोगों की मौत

अम्मान। जॉर्डन के तटीय शहर अकाबा में जहरीली गैस के रिसाव से सोमवार को 10 लोगों की मौत हो गई और 250 से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई है। जानकारी के मुताबिक यह रिसाव गैस टैंक की ढुलाई के समय हुआ। वहीं प्रशासन ने इलाके को सील कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए पब्लिक सिक्योरिटी डायरेक्टर ने बताया कि प्रशासन ने इलाके को सील कर दिया है। साथ ही घटनास्थल से लोगों को निकालने और प्रभावितों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। हालात को देखते हुए विशेषज्ञों की टीम मौके पर रवाना कर दी गई है। डायरेक्टर ने बताया कि 10 लोगों की मौत हुई है जबकि 251 लोग घायल हुए हैं। एक स्थानीय टीवी चैनल ने बताया कि अभी भी 199 लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। साथ ही उन्हें अपने घरों के खिड़की और दरवाजे बंद रखने को कहा है।

### न्यूयॉर्क का व्यक्ति भारत से मादक पदार्थ और धन शोधन के मामले में दोषी करार

वाशिंगटन। अमेरिका में संघीय ग्रैंड जूरी ने न्यूयॉर्क के एक व्यक्ति को भारत से मादक पदार्थ आयात करने और धन शोधन के मामले में सोमवार को दोषी ठहराया। न्यूयॉर्क में क्वींस के निवासी एज़िल सेझियन कमलादास को मामले में 50 साल कैद तक की सजा हो सकती है। अमेरिका के अटॉर्नी ब्रायन पीस ने कहा, प्रतिवादी अब दोषी मादक तस्कर है। उसने इन मादक पदार्थों से लगने वाली नशे की लत तथा इनके दुरुपयोग से होने वाले नुकसान की परवाह किए बिना नशीले पदार्थों की कालाबाजारी की और उससे पैसे कमाए। उन्होंने बताया कि आज के फैसले में, प्रतिवादी को भारत से अस्वीकृत मादक पदार्थ आयात करने और इन्हें देशभर में लोगों तक पहुंचाने का दोषी ठहराया गया है। संघीय अभियोजकों के अनुसार, मामला मई 2018 से अगस्त 2019 के बीच का है।

### रूस ने यूक्रेन में शॉपिंग सेंटर पर मिसाइल से किया हमला

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार को हुए हमले के एक दिन बाद सोमवार को रूस ने क्रेमेंचुक शहर के एक शॉपिंग सेंटर को निशाना बनाते हुए मिसाइल से हमला किया है। इस हमले की पुष्टि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने करते हुए कहा है कि जिस वक्त यह हमला हुआ उस समय वहां पर 1000 से ज्यादा लोग थे। हालांकि उन्होंने मौतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन यह जरूर कहा कि पीड़ितों की संख्या का अनुमान लगाना असंभव है। ताजा जानकारी के मुताबिक इस हमले में 10 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस से किसी तरह की दयालुता या मानवता की उम्मीद करना बेमानी है। शहर के मेयर विताली मेलेत्स्की ने कहा कि इस हमले से कई मौतें हुईं हैं और कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन उन्होंने भी मरने वालों की कोई संख्या नहीं बताई। वहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की के एक सलाहकार ने कहा कि रूस ने इसलिए शॉपिंग सेंटर पर हमला किया, क्योंकि वह लोगों को मारना चाहता है। सलाहकार ने कहा कि अगर उसका इरादा लोगों को निशाना नहीं था तो फिर दिन के ऐसे वक्त जबकि वहां पर लोगों की भारी भीड़ थी, मिसाइल दागने का क्या जरूरत थी। बता दें कि रूस के हमले से पहले क्रेमेंचुक यूक्रेन का बड़ा औद्योगिक शहर हुआ करता था। यहां पर यूक्रेन की सबसे बड़ी रिफाइनरी है।

# अमेरिका : संघीय अदालत के फैसले के बाद बाइडन प्रशासन का आव्रजन संबंधी आदेश निलंबित

**बोस्टन (अमेरिका), एजेंसी**



अमेरिका की एक संघीय अदालत के फैसले के बाद देश के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उस आदेश को निलंबित कर दिया है, जो सार्वजनिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले आव्रजकों की गिरफ्तारी और उनके निर्वासन पर केंद्रित था। गृह सुरक्षा विभाग ने शनिवार को एक बयान में बताया कि इस महीने अदालत द्वारा पारित निर्णय का वह पालन करेगा, भले ही वह इससे पूरी तरह से असहमत है और इसके खिलाफ अपील कर रहा है।

टेक्सास मामला गृह सुरक्षा विभाग के प्रमुख अलेजांद्रो मेयरकास के एक ज्ञापन से संबंधित है, जो पिछले साल सितंबर में जारी किया गया था। इसमें आव्रजन एजेंसियों को उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था, जो राष्ट्रीय एवं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं या जिन्होंने हाल ही में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश किया हो। दक्षिणी टेक्सास में अमेरिकी जिला न्यायाधीश ड्रू टिप्टन ने 10 जून को गृह मंत्रालय के ज्ञापन को रद्द कर दिया था और टेक्सास और लुइसियाना के अधिकारियों के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिन्होंने तर्क दिया था कि बाइडन प्रशासन के पास ऐसा निर्देश जारी करने का अधिकार नहीं है।

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के बयान के अनुसार, आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारी पेशेवर एवं जिम्मेदाराना तरीके से मामला-दर-मामला आधार पर, कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में उनके अनुभव से और देश को सबसे बड़े खतरों से बचाने के लिए उचित तरीके से निर्णय करेंगे। आव्रजन मामलों से जुड़े अधिवक्ताओं एवं विशेषज्ञों ने हालांकि सोमवार को कहा कि बाइडन प्रशासन के इस आदेश को निलंबित करने से आव्रजक समुदाय में डर उत्पन्न होगा। कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आव्रजन कानून के प्रोफेसर स्टीव येल-लोहर ने कहा कि देश में अवैध रूप से रहने वाले कई लोग अब अपने घरों से इस चिंता के चलते बाहर निकलने से डरेंगे कि उन्हें कानून का पालन करने के बावजूद हिरासत में ले लिया जाएगा।

## अमेरिका के सैन एंटोनियो में ट्रक से 46 प्रवासियों के शव मिलने से हड़कंप

**सैन एंटोनियो, एजेंसी**



अमेरिका के साउथ टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में खड़े एक ट्रक में 46 लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। सभी लोग प्रवासी बताए जा रहे हैं। कुछ सूचनाओं में इस वाहन को ट्रैक्टर-ट्रेलर बताया गया है। अधिकारियों के मुताबिक ट्रक में मौजूद 15 अन्य लोगों को नाजुक स्थिति में अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय टेलीविजन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक सैन एंटोनियो में रेलवे ट्रैक के पास एक संदिग्ध ट्रक खड़ा मिला। वाहन की तलाशी ली गई तब यह खुलासा हुआ। ट्रक चालक फरार है। मरने वालों की पहचान नहीं हो सकी है। सैन एंटोनियो, अमेरिका-मेक्सिको बार्डर से करीब 250 किलोमीटर दूर है। इस सूचना के बाद मेक्सिको के विदेश मंत्री मारसेलो इबरार्ड ने कहा कि हमारे अधिकारी सैन एंटोनियो के लिए रवाना हो चुके हैं। इस बीच सैन एंटोनियो के केसैट टेलीविजन ने दक्षिण टेक्सास में प्रवासी तस्करी के दौरान इन लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक शवों से भरा यह वाहन सैन एंटोनियो शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में दूरदराज के इलाके में रेल पटरियों के पास खड़ा था। सैन एंटोनियो पुलिस ने इस बारे में आधिकारिकतौर पर कुछ भी नहीं कहा है। सैन एंटोनियो में मैक्सिकन जनरल वाणिज्य दूतावास ने कहा है कि महावाणिज्य दूत रूबेन मिनुट्टी मौके के लिए रवाना हो गए हैं।

## राजस्थान में सड़क हादसे में पांच की मौत

**जालोर, एजेंसी**



राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-325 पर आहोर-तखतगढ़ के बीच सेदरिया प्याऊ के पास सोमवार देररात सड़क हादसे में कार सवार पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसा कार के अनियंत्रित होकर ग्रेनाइट ब्लॉक से लदे एक ट्रेलर में घुसने से हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर शोक जताया है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया कि हादसे में रामलाल पुत्र जेठाराम प्रजापत, मानाराम पुत्र शांतिलाल हीरागर, छगनलाल पुत्र जगदीश प्रजापत, कमलेश पुत्र चंपालाल प्रजापत, दिनेश पुत्र परशुराम प्रजापत की मौत हो गई। यह सभी खाना खाने के लिए तखतगढ़ की तरफ होटल पर गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीटर संदेश में कहा है कि राजस्थान के जालौर में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों को जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर दुख की इस घड़ी में उन्हें संबल प्रदान करे। पुलिस के अनुसार देररात को नेशनल हाइवे पर ग्रेनाइट ब्लॉक से लदा एक ट्रेलर खड़ा था। इस दौरान चरली की तरफ लौट रहे कार चालक को खड़े ट्रेलर का अनुमान नहीं हो पाया। इस स्थिति में कार ट्रेलर के पीछे तेज रफ्तार से घुस गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद कलेक्टर निशांत जैन और एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला आहोर पहुंचे। सभी के शव राजकीय अस्पताल आहोर की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। घटनाक्रम के विरोध में ग्रामीणों का चरली बस स्टैंड पर जमावड़ा हो गया। इधर, सूचना के बाद स्थानीय विधायक छगनसिंह भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। हादसे के बाद सवेरे चरली में लोगों ने विरोध जताया। लोगों का आरोप था कि ट्रेलर चालक की लापरवाही से से इन सभी लोगों ने जान गंवाई। परिजनों और ग्रामीणों ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। हादसे के बाद पुलिस देररात मौके पर पहुंची। कार और ट्रेलर को थाना परिसर लाया गया।

# इस्लाम के नाम पर आतंकवाद को महिमामंडित कर रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

आरिफ जमाल ने कहा है कि आतंकवाद और उग्रवाद के सहारे पाकिस्तान मानवाधिकार का उल्लंघन कर रहा है और इस्लाम के नाम पर इन दोनों का महिमामंडन कर रहा है। जमाल ने मुस्तफा अखवान और सेंगे सेरिंग की मेजबानी में मानवाधिकार प्रहरी पोडकास्ट शो में यह टिप्पणी की। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से आने वाले जमाल एक पत्रकार एवं राजनीतिक टिप्पणीकार हैं और कई किताबें लिख चुके हैं।

एक मेजबान द्वारा कश्मीर में घुसपैठ पर केंद्रित पाकिस्तान के रणनीतिक खेल से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए जमाल ने कहा, मानवाधिकार का दमन उग्रवाद और आतंकवाद से जुड़ा है। अकसर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है, क्योंकि पाकिस्तान इस्लाम और इस्लाम की सेवा के नाम पर इनका महिमामंडन करने का प्रयास करता है। जमाल ने उजागर किया कि पाकिस्तान में धार्मिक वायरस तेजी से बढ़ा है।



**उल्लंघन**

- कश्मीर घाटी में जिहादी विचारधारा को प्रोत्साहन
- जमाल ने कहा, मानवाधिकार का दमन उग्रवाद और आतंकवाद से जुड़ा है। अकसर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है

उन्होंने उल्लेख किया कि पाकिस्तानी मीडिया कश्मीर के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी आंखें मूंद लेती है। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया है कि कोई भी पाकिस्तानी मीडिया इन विषयों पर चर्चा करना नहीं चाहती है और मेरे लेख को उस तरह से प्रकाशित नहीं कर सकती, जैसे मैं उन्हें प्रकाशित कराना चाहता हूं।

जमाल ने आगे कहा कि इसी बात ने उन्हें शोध परक लेख लिखने और दूसरों के सामने पाकिस्तान के बारे में सच्चाई उजागर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया कि मुझे इन विषयों पर गहन शोध करना चाहिए। मैंने अपने निष्कर्षों को प्रकाशित कराए जिसे वे (पाकिस्तानी मीडिया) इसे प्रकाशित कर सकते थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर घाटी में जिहादी विचारधारा को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है और देश की मीडिया इसकी अनकही कहानी को जो लोग उजागर करना चाहते हैं, उनकी आवाज को दबा रही है। उनकी दो किताबों छद्म युद्ध : कश्मीर में जिहाद की अनकही कहानी और अंतरराष्ट्रीय जिहाद का आगमन : पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है।

## कनाडा ने की 235 मंकीपॉक्स मामलों की पुष्टि

**ओटावा।** कनाडा में अब तक कुल 235 मंकीपॉक्स के मामले दर्ज किए गए हैं। इसकी पुष्टि सोमवार को स्वास्थ्य एजेंसी ने की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य एजेंसी ने एक बयान में पुष्टि किए गए मामलों पर एक अपडेट जारी किया, जिसमें कहा गया कि ब्रिटिश कोलंबिया से 2, अल्बर्टा से 4, ओंटारियो से 45 और क्यूबेक से 184 मामले सामने आए। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय सूक्ष्म जीव विज्ञान प्रयोगशाला मंकीपॉक्स के निदान की पुष्टि करने के लिए परीक्षण कर रहे हैं। स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि प्रांतीय और क्षेत्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंकीपॉक्स के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू किया है और उच्च जोखिम वाले लोगों का टीका लगाया जा रहा है। मंकीपॉक्स एक सिल्वेटिक जूनोसिस है जो मनुष्यों में संक्रमण का कारण बन सकता है। यह बीमारी आमतौर पर मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में अधिक फैली हुई है। यह मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है जो ऑर्थोपॉक्सवायरस परिवार से संबंधित है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, 48 देशों में 4,357 मंकीपॉक्स के मामले सामने आए हैं।

## खेदजनक है कि अब भी लीबिया में चुनाव कराने के लिए संवैधानिक आधार पर कोई समझौता नहीं हुआ है : भारत

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने कहा कि यह खेदजनक है कि अब भी लीबिया में चुनाव कराने के लिए संवैधानिक आधार पर कोई समझौता नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर आर. मधुसूदन ने कहा कि अभी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव जल्द से जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी एवं विश्वसनीय तरीके से हों।

मधुसूदन ने लीबिया पर सुरक्षा परिषद की एक बैठक में सोमवार को कहा कि भारत इस बात पर चिंता व्यक्त करना चाहता है कि युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हासिल हुई प्रगति के न केवल रुकने का खतरा है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि इस पर पश्चगामी होने का खतरा भी मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, हम त्रिपोली और उसके आसपास सशस्त्र संघर्षों तथा सशस्त्र समूहों की लामबंदी की खबरों पर चिंता व्यक्त करते हैं।

मधुसूदन ने कहा, यह भी बेहद खेदजनक है कि चुनाव कराने के लिए संवैधानिक आधार पर अभी



तक सहमति नहीं बन पाई है। भारत ने अपनी बात रखते हुए इस तथ्य पर जोर दिया कि लीबिया के प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष अगुइला सालेह और हाई काउंसिल ऑफ स्टेट के अध्यक्ष खालिद अल-मिश्री 28-29 जून को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में चुनाव कराने के वास्ते संवैधानिक ढांचे के मसौदे पर चर्चा करने के लिए मिलने वाले हैं।

मधुसूदन ने कहा, हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे लीबिया के लोगों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए बाकी बचे सभी राजनीतिक मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने की कोशिश करें। हमें उम्मीद है कि देश में शांति तथा स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी पक्ष मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, इस संबंध में, हम एक बार फिर राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव जल्द से जल्द कराने के महत्व पर जोर देते हैं। चुनाव कराने के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल किए लगभग आधा साल बीत चुका है, जितना समय खुद लीबियाई लोगों ने तय किया था। यह बेहद जरूरी है कि गतिरोध को जारी न रहने दिया जाए। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि अभी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव जल्द से जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी एवं विश्वसनीय तरीके से कराए जाएं। मधुसूदन ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि लीबिया में सभी पक्ष इस साझा उद्देश्य के लिए एकसाथ आएंगे। सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे चुनाव की तैयारी के लिए लीबिया के लोगों का साथ दें। किसी भी प्रकार की हिंसा 2020 के बाद से इस क्षेत्र में हासिल प्रगति को कमजोर कर सकती है।

## इंस्टाग्राम, फेसबुक ने गर्भपात की गोलियों की पेशकश करने वाले पोस्ट हटाए

**वाशिंगटन, एजेंसी**

फेसबुक और इंस्टाग्राम ने उन पोस्ट को तुरंत हटाना शुरू कर दिया है जो महिलाओं को गर्भपात की गोलियों की पेशकश करते हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद महिलाओं की गर्भपात की गोलियों तक पहुंच खत्म हो सकती है। न्यायालय के इस फैसले से महिलाओं को गर्भपात के मामले में मिला संवैधानिक अधिकार छिन गया है।

इस तरह के सोशल मीडिया पोस्ट का उद्देश्य उन राज्यों में रहने वाली महिलाओं की मदद करना था, जहां गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून शुक्रवार को अचानक से लागू हो गए। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने रो बनाम वेड के मामले में 1973 के अपने फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें गर्भपात तक पहुंच को संवैधानिक अधिकार घोषित किया गया था। सोशल मीडिया पर मीम और स्टेटस अपडेट बताते हैं कि कैसे महिलाएं कानूनी रूप से मेल के जरिए गर्भपात की गोलियां प्राप्त कर सकती हैं। इनमें से कुछ में इन राज्यों में रहने वाली महिलाओं को नुस्खे भी मेल करने की भी पेशकश की गई थी।

हालांकि, फैसला आने के लगभग तुरंत बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम ने इनमें से कुछ पोस्ट को हटाना शुरू कर दिया। मीडिया इंटेलिजेंस फर्म जिग्नल लैब्स के एक विश्लेषण के अनुसार, गर्भपात की गोलियों के सामान्य उल्लेख वाले तथा मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टोल (गर्भपात की गोली का चिकित्सकीय नाम) जैसे विशिष्ट संस्करणों का उल्लेख करने वाले पोस्ट ट्विटर, फेसबुक, रेडिट और टीवी प्रसारणों में शुक्रवार सुबह अचानक बढ़ गए। जिग्नल ने रविवार तक ऐसे 250,000 से अधिक उल्लेखों को दर्ज किया।

## भारत की आजादी के अमृत महोत्सव पर क्यूबा ने जारी किया विशेष डाक टिकट

**हवाना।** भारत की आजादी के अमृत महोत्सव पर क्यूबा ने विशेष डाक टिकट जारी किया है। भारत और क्यूबा के बीच विदेश कार्यालय परामर्श में भारत से चावल आयात के लिए 10 करोड़ यूरो के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और क्यूबा के बीच रिश्तों के मजबूती के लिए विदेश कार्यालय परामर्श की प्रक्रिया शुरू की गई है। परामर्श के दूसरे की वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश सचिव सौरभ कुमार ने किया, वहीं क्यूबा की ओर से विदेश मामलों के उपमंत्री अन्यांसी रोड्रिग्ज कमेजो इस वार्ता का हिस्सा बने। क्यूबा की राजधानी हवाना में हुई इस बैठक में भारत से क्यूबा को चावल आयात के लिए 10 करोड़ यूरो का अल्पकालिक ऋण मंजूर करने पर सहमति बनी। दोनों देशों के बीच इस ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस ऋण की मदद से क्यूबा अपनी जरूरतों के लिए भारत से चावल आयात कर सकेगा।

## पीएम मोदी भारत व अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं: राजदूत संधू

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत और अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं तथा उन्होंने दोनों देशों के बीच विश्वास पैदा करने में अहम भूमिका निभाई है।

संधू ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के बावजूद दोनों देशों के बीच पिछले साल हुए 160 अरब डॉलर के रिकॉर्ड द्विपक्षीय व्यापार की सराहना की। उन्होंने रविवार को शिकागो में एक समारोह के दौरान कहा, 1.4 अरब नागरिकों के मुखिया होने के नाते हमारे प्रधानमंत्री ने हम सभी को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हमें वास्तव में दिखाया है कि यदि दृढ़ निश्चय के साथ काम किया जाए, तो इन सपनों को साकार किया जा सकता है, जैसा कि वैश्विक नक्शे पर भारत के उदय से दिखाई दे रहा है। संधू ने शिकागो में एनआईडी फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व सद्भावना कार्यक्रम में कहा, आइए, हम सभी बड़े सपने देखें और उन सपनों को साकार करने के लिए पूरे जोश के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत और अमेरिका के संबंधों की क्षमता को समझते हैं और उन्होंने देशों के बीच भरोसा कायम करने में अहम भूमिका निभाई है। संधू ने कहा, प्रधानमंत्री ने अमेरिका के रूप में एक निकटतम मित्र और एक मजबूत साझेदार को देखा, जो लगभग 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और विकास की आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मोदी ने अपनी दूरगामी सोच के जरिए इन संबंधों को आकार दिया और दिखाया कि ध्यान केंद्रित करके एवं लगातार प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

अमेरिका ने भारत को एक प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में नामित किया है, जो रक्षा क्षेत्र में हमारे मजबूत सहयोग का आधार है। भारत और अमेरिका आज किसी भी अन्य देश की तुलना में एक दूसरे के साथ अधिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास करते हैं। अमेरिका और भारत के बीच रक्षा व्यापार 1990 के दशक के अंत में लगभग शून्य था, लेकिन 2022 में यह बढ़कर 20 अरब डॉलर से अधिक हो गया। इसी तरह, ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापार पांच साल पहले लगभग शून्य था, लेकिन यह अब 20 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच पिछले साल 160 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार हुआ था, जो अब तक का सर्वाधिक व्यापार है। यह व्यापार इसलिए और भी अधिक प्रभावित करने वाला है, क्योंकि हम कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के बावजूद और किसी भी औपचारिक व्यापार समझौते के बिना यह रिकॉर्ड हासिल करने में सक्षम रहे। संधू ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को आगे की राह दिखा रहा है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया को कोविड-19 के टीके मुहैया कराने की बात हो, अफगानिस्तान जैसे देशों में राहत मिशन चलाने की बात हो या शिक्षा या अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में देशों का हाथ थामने की बात की या ग्लासगो में सीओपी26 ग्लोबल लीडर्स समिट अथवा विश्व आर्थिक मंच के दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान भारत का रुख हो, नरेंद्र मोदी ने दुनिया को वास्तव में आगे की राह दिखाई है।

# राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन को लेकर हेमंत सोरेन ने दिया संकेत, पर दुविधा बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूपीए गठबंधन में शामिल और कांग्रेस के साथ मिलकर झारखंड में सरकार चला रही झारखंड मुक्ति मोर्चा की दुविधा राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अभी भी बरकरार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी के रुख पर अंतिम फैसला करने से पहले सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि शाह और खड़गे से मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चर्चा की। अब भाजपा और कांग्रेस समेत तमाम विरोधी दलों को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के आधिकारिक रुख का इंतजार है कि वह राष्ट्रपति चुनाव में किसे समर्थन देने का फैसला करता है - एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को जो आदिवासी महिला हैं, ओडिशा से ताल्लुक रखती हैं और



झारखंड की राज्यपाल भी रह चुकी हैं या विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को, जो झारखंड से लोकसभा सांसद रह चुके हैं और जिनके चयन में जेएमएम की भी सहमति रही है। हालांकि सोमवार को दिल्ली में मौजूद रहने के बावजूद यशवंत सिन्हा के नामांकन में नहीं जाकर हेमंत सोरेन ने इशारों में ही सही अपनी मंशा जाहिर तो कर ही दी है। दरअसल, झारखंड में आदिवासी मतदाताओं की संख्या और आदिवासियों के राजनीतिक दल होने की पहचान के कारण हेमंत सोरेन एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार के विरोध करने का जोखिम नहीं उठा सकते और इसलिए हेमंत सोरेन यशवंत सिन्हा के नामांकन में नहीं गए।

सूत्रों की मानें तो हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को झारखंड की राजनीतिक स्थिति और अपनी राजनीतिक मजबूरियों से अवगत करा दिया है और अब झारखंड में गठबंधन सरकार की स्थिरता को लेकर उन्हें कांग्रेस आलाकमान के संकेत का इंतजार है। एनडीए राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को हेमंत सोरेन से फोन पर बात कर राष्ट्रपति पद के लिए उनकी पार्टी का समर्थन मांगा था।

" Nritya Shala "

Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by

Ms.Vani Madhav

only on @ddbharati1 @prasarbharati will be telecasted on

02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.



fssai 10821999000417, 10817017000082 | Estd. 1972 An ISO 2015 Certified Company

संगम नमकीन TM No 1149469 | तिजारा नमकीन TM No. 2751755 A115806/16 | सफलता के 50 वर्ष पूरे



रमेश सचदेवा | रोहित सचदेवा

- कड़ी पत्ता मिक्सचर
- नवरतन मिक्सर
- बीकानेरी भुजिया
- बोम्बे मिक्सचर
- तिजारा मिक्सचर

नकल एवं मिलते-जुलते नामों से सावधान

अन्य उत्पादन के लिए सम्पर्क करें

पूर्णतया स्वदेशी नमकीन

Plot No. 262, Sector - 3, HSIIDC, Vill. Suthani, IMT Bawal - 123501

MAKE IN INDIA | आत्मनिर्भर भारत | स्वदेशी अपनाओ

व्यापारिक पूछताछ के लिए संपर्क करें : 9896047905, 8708757237

Email : sangambhujia@gmail.com

शूगर रोगी निराश न हो

Online Delivery के लिए App Download करें AVAILABLE ON CITYMALL हर दिन सही दाम

Google Play Store खोलें | "CityMall Customer" सर्च करें | डाउनलोड करें

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)

RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129